CMYK

अधिकतम :36°C
न्यूनतम: 20°C
सेंसेक्स 80,116.49
निफ्टी 24,328.95
सोना 98,820
चांदी 1,01,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, गुरुवार 24 अप्रैल 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 102 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00


www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com

बैसाख कृष्ण पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2082 25 शव्वाल 1446 हिजरी

नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



### आतंकवाद के समूल नाश को लेकर सऊदी अरब ने जताई प्रतिबद्धता

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



### केएल राहुल ने आईपीएल में हासिल की बड़ी उपलब्धि

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

## पर्यटकों की वापसी के लिए विशेष ट्रेन का संचालन

**नई दिल्ली।** उत्तर रेलवे ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद सैलानियों की बड़ी संख्या में वापसी के मद्देनजर श्री माता वैष्णो देवी कटरा से नई दिल्ली के लिए एक विशेष आरक्षित ट्रेन चलाने की घोषणा की है। उत्तर रेलवे ने बुधवार को यहां एक विज्ञप्ति में बताया कि रेलयात्रियों की सुविधा के लिए बुधवार को एक विशेष रेलगाड़ी का संचालन किया जा रहा है। उत्तर रेलवे के एक प्रवक्ता ने कहा कि ट्रेन सं- 04612 श्री माता वैष्णो देवी कटरा-नई दिल्ली विशेष आरक्षित रेलगाड़ी आज रात को नौ बज कर 20 मिनट पर रवाना होगी तथा मार्ग में उधमपुर, जम्मू, पठानकोट छावनी, जालंधर छावनी, ढंडारी कलां, अंबाला छावनी, कुरुक्षेत्र और पानीपत ठहरते हुए गुरुवार को सुबह साढ़े नौ बजे नई दिल्ली स्टेशन पहुंचेगी।

## एलओसी पर घुसपैठ की कोशिश नाकाम दो घुसपैठिए ढेर

**श्रीनगर।** उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले के उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर बुधवार को घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी गई। सेना ने दो आतंकवादियों को मार गिराया। यह कोशिश जम्मू-कश्मीर में नागरिकों पर सबसे घातक आतंकवादी हमले के एक दिन बाद नाकाम की गई, जिसमें अनंतनाग जिले के पहलगाम के प्रसिद्ध रिसॉर्ट के पास एक घास के मैदान में 25 पर्यटक और एक स्थानीय व्यक्ति मारे गए थे। सेना के श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने कहा कि दो से तीन अज्ञात आतंकवादियों ने उरी नाला के पास सरजीवन के सामान्य क्षेत्र से घुसपैठ की कोशिश की। एलओसी की सुरक्षा में तैनात सतर्क सैनिकों ने इस प्रयास का पता लगाया और उसे रोक दिया, जिसके बाद गोलीबारी हुई।

## लश्कर-ए-तैयबा की तारीफ में किया था पोस्ट, युवक अरेस्ट

**बोकारो।** झारखंड के बोकारो जिले में एक शख्स को बुधवार को गिरफ्तार किया गया है। उस पर आरोप है कि उसने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर सोशल मीडिया पर एक विवादित पोस्ट डाली थी। पुलिस के अनुसार, आरोपी की पहचान मो. नौशाद के रूप में हुई है। उस पर आरोप है कि उसने एक्स पर एक पोस्ट में पाकिस्तान और आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा की तारीफ की थी। बलीदिह थाना प्रभारी नवीन कुमार ने बताया कि उसे मिल्लत नगर से गिरफ्तार किया गया है ।

## पीएम मोदी का कानपुर दौरा निरस्त

**कानपुर।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले की जघन्य घटना के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 24 अप्रैल को कानपुर का प्रस्तावित कार्यक्रम निरस्त कर दिया गया है। श्री मोदी गुरुवार को यहां 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास कार्यक्रम में आने वाले थे। उप्र विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने श्री मोदी के दौरे के निरस्त होने की पुष्टि करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का गुरुवार का दौरा निरस्त कर दिया गया है।

### पाकिस्तान पर डिप्लोमेटिक स्ट्राइक: सिंधु जल समझौता रद्द

# पहलगाम के बाद तीनों सेनाएं हाई अलर्ट पर

**पहलगाम हमले के बाद भारत ने लिए पांच सख्त फैसले**

- पाकिस्तान में भारतीय दूतावास बंद, पाक नागरिकों का वीजा रद्द, 48 घंटे में भारत छोड़ने के आदेश
- पाकिस्तान हाई कमीशन से पांच सपोर्ट स्टाफ हटाए गए, भारत में पाक उच्चायोग को बंद करने का निर्देश
- सुरक्षा मामलों की कैबिनेट बैठक के बाद अटारी-बाघा बॉर्डर चेक पोस्ट को बंद कर दिया गया
- हमले में पाकिस्तान का हाथ बताया, पाकिस्तान में भारतीय उच्चायोग के कर्मचारी वापस बुलाए
- पाक नागरिकों को अगले फैसले तक भारतीय वीजा नहीं मिलेगा सर्वदलीय बैठक आज बुलाई

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** पहलगाम हमले के बाद भारत ने सख्त कदम उठाए हैं। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मोर्चा संभाल चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में सुरक्षा मामलों की कैबिनेट (सीसीएस) की मीटिंग में 5 बड़े फैसले लिए गए हैं।

पीएम आवास पर मोदी की अध्यक्षता में सीसीएस की बैठक ढाई घंटे चली। इसमें रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस. जयशंकर, एनएस अजित डोभाल समेत कई अफसर मौजूद रहे। सुरक्षा मामलों की कैबिनेट की बैठक के बाद विदेश सचिव ने कहा कि पाकिस्तान में भारतीय दूतावास को बंद करने का फैसला किया गया है। इसके अलावा भारत में मौजूद पाकिस्तानी नागरिकों को 48 घंटे में देश छोड़ने का निर्देश दिया गया है। अटारी-बाघा बॉर्डर चेक पोस्ट को बंद कर दिया गया है। पाकिस्तान से सिंधु जल समझौता भी खत्म कर दिया गया है। पाकिस्तान हाई कमीशन से 5 सपोर्ट स्टाफ हटाए गए। भारत में पाकिस्तान उच्चायोग को बंद करने का निर्देश दे दिया गया है। तीनों सेनाएं हाई अलर्ट पर हैं। हमले में पाकिस्तान का हाथ है। पाकिस्तान में भारतीय उच्चायोग के कर्मचारी वापस बुलाए गए। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि पहलगाम आतंकी हमले में कुल 26 लोगों की मौत हुई है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि हमले में सीमा पार का हाथ है। भारत में भी पाकिस्तानी दूतावास बंद करने का फैसला लिया गया है। कहा गया है कि सात दिन में देश छोड़ें पाकिस्तानी राजनयिक। किसी भी पाकिस्तानी नागरिक को अगले फैसले तक भारतीय वीजा नहीं मिलेगा। सरकार ने गुरुवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। उधर, पहलगाम के बैसरन में आतंकी हमले के दूसरे दिन बुधवार को श्रीनगर से दिल्ली तक बैठकों का दौर चला। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी (सीसीएस) की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक खत्म होने के बाद पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर इस बात की जानकारी दी। उन्होंने लिखा कि इस आतंकी हमले के मद्देनज़र सुरक्षा व्यवस्था, जवाबी कार्रवाई और आगे की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई।

## हमले में तीन पाक आतंकियों समेत दो लोकल भी शामिल



**नई दिल्ली।** सुरक्षा और इंटेलिजेंस एजेंसियों ने पहलगाम अटैक के संदिग्ध आतंकियों के स्केच जारी किए हैं। इनके नाम आसिफ फौजी, सुलेमान शाह और अबु तल्हा बताए गए हैं। इंटेलिजेंस सूत्रों ने बताया कि हमले का मास्टर माइंड लश्कर-ए तैयबा का डिप्टी चीफ सैफुल्लाह खालिद है, जो पाकिस्तान में मौजूद है।

शुरुआती जांच में पता चला है कि हमले में 5 आतंकी शामिल थे। इनमें से दो लोकल और 3 पाकिस्तानी आतंकी थे। हमले की जिम्मेदारी लश्कर-ए-तैयबा के प्रोक्सी विंग द रजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली है। पाकिस्तान के डिफेंस मिनिस्टर ख्वाजा आसिफ ने कहा कि इस हमले में हमारा कोई हाथ नहीं है। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने पूछताछ के लिए सैकड़ों लोगों को हिरासत में लिया है। नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) भी जांच के लिए पहलगाम पहुंच गई है। सोशल मीडिया पर एक तस्वीर वायरल हो रही है। बताया जा रहा है कि यह पहलगाम में हमला करने वाले 4 आतंकवादियों की तस्वीर है। हालांकि, अभी सेना या सुरक्षा एजेंसियों की तरफ से तस्वीर नहीं जारी की गई है सिर्फ संदिग्ध आतंकियों के स्केच जारी किए गए हैं। इंटेलिजेंस एजेंसियों के सूत्रों ने बताया कि 2 आतंकी पाकिस्तान के थे। 4 आतंकियों की वायरल

- इंटेलिजेंस एजेंसियों ने पहलगाम हमले के संदिग्ध आतंकियों के स्केच जारी किए, सुरक्षा बलों ने कई लोगों को हिरासत में लिया
- मास्टरमाइंड लश्कर का डिप्टी चीफ सैफुल्लाह खालिद, हमले की जिम्मेदारी लश्कर-ए-तैयबा के प्राक्सी विंग द रजिस्टेंस फ्रंट ने ली

फोटो में से एक पाकिस्तानी आतंकी बताया जा रहा है। यह द रेजिस्टेंस फ्रंट के एफटी मूसा कैडर का आतंकी है। सुरक्षा एजेंसियों ने पहलगाम हमले के संदिग्ध आतंकियों के स्केच जारी किए हैं। एजेंसियों ने हमले के चश्मदीदों की मदद से ये स्केच बनाए हैं। एजेंसियों के सूत्रों ने बताया कि इस हमले में आसिफ फौजी, सुलेमान शाह और अबु तल्हा शामिल थे। हालांकि, कौन सी तस्वीर किसकी है, यह साफ नहीं हो पाया है।

## हमले के विरोध में कश्मीर रहा बंद

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में हाल के वर्षों में नागरिकों पर हुए सबसे घातक आतंकवादी हमले के विरोध में बुधवार को पूरे कश्मीर में पूर्ण बंद रखा गया है। यह हमला अनंतनाग जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पहलगाम के पास एक घास के मैदान में हुआ, जिसमें 26 पर्यटकों की जान चली गई। हुर्रियत नेता और मुताहिदा मजलिस-ए-उलेमा (एमएमयू) के प्रमुख मीरवाइज उमर फारूक ने भीषण हत्याओं के विरोध में बंद का आह्वान किया था। प्रमुख व्यापार निकायों, परिवहन संघों और नागरिक समाज समूहों ने भी हड़ताल का आह्वान किया था। एनसी और पीडीपी सहित मुख्यधारा के राजनीतिक दलों ने बंद को अपना समर्थन दिया।

## हमलावरों के साथ-साथ साजिश रचने वालों को भी जल्द दिया जाएगा मुंहतोड़ जवाब: राजनाथ

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पहलगाम की कायराना हरकत के खिलाफ देश को एकजुट बताते हुए पाकिस्तान का नाम लिए बिना कहा है कि न केवल यह हमला करने वालों बल्कि पर्दे के पीछे से भारत की धरती पर इस तरह की नापाक हरकत करने की साजिश रचने वालों को जल्द ही उचित जवाब दिया जाएगा। श्री सिंह ने बुधवार को यहां वायुसेना के मार्शल अर्जन सिंह की स्मृति में एक व्याख्यान देते हुए आतंकवाद को कतई न बर्दाश्त करने के भारत के दृढ़ संकल्प को दोहराया और कहा कि मोदी सरकार हर आवश्यक और उचित कदम उठाएगी। उन्होंने देशवासियों को भरोसा दिलाया पहलगाम में निर्दोष नागरिकों पर कायराना आतंकवादी हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को जल्द ही भारतीय धरती पर उनके नापाक कृत्यों का मुंहतोड़ जवाब मिलेगा। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत एक पुरानी सभ्यता है और इतना बड़ा देश कभी भी किसी भी तरह की आतंकी गतिविधियों से भयभीत नहीं हो सकता। इस कायराना हरकत के खिलाफ हर भारतीय एकजुट है।

## आतंकी हमले के मद्देनजर सुरक्षा के लिए सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका



**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में दिल दहलाने वाले आतंकवादी हमले के मद्देनजर उच्चतम न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर की गई है, जिसमें अधिक पर्यटकों वाले स्थानों पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम करने के लिए केंद्र के अलावा संबंधित राज्य सरकारों को निर्देश देने की गुहार लगाई गई है।

यह याचिका अधिवक्ता विशाल तिवारी ने मंगलवार को हुए पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकी हमले की घटना के मद्देनजर दायर की, हमले में 26 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। श्री तिवारी द्वारा दायर याचिका में प्रमुख पर्यटक स्थलों, खासकर पहाड़ी राज्यों और दूरदराज के स्थानों पर बड़ी संख्या में पर्यटकों के इकट्ठा होने वाले जगहों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश देने के लिए निवेदन किया गया है।

- पर्यटक स्थलों पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम करने की लगाई गुहार

## पहलगाम के हमलावर आतंकियों को बख्शा नहीं जाएगा : अमित शाह

**श्रीनगर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पहलगाम आतंकवादी हमले के पीड़ितों के परिवारों और पूरे देश को बुधवार को आश्वासन दिया और कहा कि निर्दोष नागरिकों की हत्या के लिए जिम्मेदार आतंकवादियों को 'बख्शा' नहीं जाएगा। देश को झकझोर देने वाले आतंकवादी हमले के एक दिन बाद अमित शाह ने दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में पहलगाम के पास बैसरन घास के मैदानों का दौरा किया, जहां 25 पर्यटकों और एक स्थानीय निवासी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा अधिकारियों ने उन्हें मौके पर चल रहे ऑपरेशन की परिस्थितियों और प्रगति के बारे में जानकारी दी। श्री शाह ने शोकाकुल परिजनों से भी मुलाकात की, जिनमें से कई दर्दनाक अनुभव साझा करते हुए रो पड़े। श्री शाह ने 'एक्स' पर लिखा, पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में अपने प्रियजनों को खोने का दर्द हर भारतीय को है। इस दुख को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। मैं इन सभी परिवारों और पूरे देश को भरोसा दिलाता हूं कि निर्दोष लोगों की हत्या करने वाले इन आतंकियों को बिल्कुल भी नहीं बख्शा जाएगा।

## उप्र सहित 14 राज्यों में हीटवेव का अलर्ट

नई दिल्ली, वार्ता

**मौसम विभाग** ने बुधवार को दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश सहित 14 राज्यों में हीटवेव की चेतावनी जारी की है।

इस दौरान कई राज्यों में तापमान 3.5 डिग्री तक बढ़ सकता है। उत्तर प्रदेश में अगले 5 दिन में अधिकतम तापमान 47 डिग्री पहुंचने का अनुमान है। राजस्थान के 4 जिलों में बुधवार को लू का येलो अलर्ट है। 14 शहरों में मंगलवार को अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या उससे ऊपर पहुंच गया। वहीं, मप्र के 6 जिलों में हीटवेव के आसार हैं। खजुराहो, नौगांव, पन्ना, सीधी में तापमान 45 डिग्री या इससे अधिक रह सकता है। उधर, छत्तीसगढ़ में बीजापुर-तेलंगाना बॉर्डर पर लू से एक मजदूर की मौत हो गई। वह मिर्ची तोड़ने के लिए तेलंगाना गया था। मौसम विभाग ने 3 दिनों तक सरगुजा संभाग, रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग संभाग के 11 जिलों में लू का येलो अलर्ट जारी किया है।

- छत्तीसगढ़ में लू से मजदूर की मौत

## बेल्जियम कोर्ट से लगा भगोड़े मेहुल चोकसी को बड़ा झटका

ब्रसेल्स (बेल्जियम), वार्ता



**बेल्जियम** की एक अदालत ने मंगलवार को भगोड़े हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी की जमानत याचिका खारिज कर दी।

चोकसी 13,000 करोड़ रुपये के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) धोखाधड़ी मामले में मुख्य आरोपी है। उसनके वकील ने यह जानकारी दी। चोकसी को 12 अप्रैल को बेल्जियम पुलिस ने एंटवर्प में गिरफ्तार किया था। यह गिरफ्तारी सीबीआई और ईडी के प्रत्यर्पण अनुरोध के आधार पर की गई थी। चोकसी के वकील विजय अग्रवाल ने कहा कि मंगलवार को अदालत की सुनवाई के दौरान उनके मुवक्किल की जमानत याचिका को खारिज कर दिया गया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि चोकसी अब जेल हिरासत से अपनी प्रत्यर्पण प्रक्रिया का विरोध करेंगे। चोकसी को पिछले साल बेल्जियम में पाया गया था, जहां वह नवम्बर 2023 में चिकित्सा उपचार प्राप्त करने के लिए पहुंचा था। चोकसी 2018 में भारत छोड़कर एंटिगुआ में रहने लगा और उसने कैरेबियाई देश की नागरिकता ले ली थी। हालांकि उसकी भारतीय नागरिकता वैध बताई जाती है।

- अदालत ने जमानत याचिका की खारिज

## कुल 13.22 लाख टन अरहर की खरीद को मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने खरीफ मौसम 2024-25 में मूल्य समर्थन योजना के अंतर्गत आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना और उत्तर प्रदेश राज्यों में कुल 13.22 लाख टन अरहर की खरीद को मंजूरी दी है।

इसके साथ ही केंद्रीय मंत्री ने किसानों के हित में आंध्र प्रदेश में खरीद अवधि को 90 दिनों से 30 दिन बढ़ाकर 22 मई तक करने को भी मंजूरी दी है। मंत्रालय ने बुधवार को यहां बताया कि आंध्र प्रदेश, गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र और तेलंगाना में नैफेड और एनसीसीएफ के माध्यम से एमएसपी पर खरीद जारी है और 22 अप्रैल तक इन राज्यों में कुल 3.92 लाख टन अरहर की खरीद की गई है, जिससे इन राज्यों के 2,56,517 किसान लाभान्वित हुए हैं। अरहर की खरीद नैफेड के ई.समृद्धि पोर्टल और एनसीसीएफ के ई.संयुक्ति पोर्टल पर पूर्व पंजीकृत किसानों से भी की जाती है। मंत्रालय के अनुसार सरकार किसानों से एमएसपी दर पर अरहर की शत-प्रतिशत खरीद करने के लिए प्रतिबद्ध है।

- आंध्र में खरीद अवधि 22 मई तक बढ़ी

## राहुल गांधी के अमेरिका में दिए बयान से फिर जुबानी जंग तेज

### भाजपा ने राहुल पर देश की छवि धूमिल करने का लगाया आरोप, कांग्रेस ने अपने नेता के बयान को सही करार दिया

अबु बकर शिब्ली



**सहारनपुर।** राहुल गांधी गांधी द्वारा अमेरिका में भारतीय निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाए जाने से सियासी गलियारों में एक बार फिर जुबानी जंग तेज हो गई है। भाजपा ने राहुल गांधी पर देश की छवि धूमिल करने का आरोप लगाया है। जबकि कांग्रेस इस बयान को पूरी तरह सही करार दे रही है। लेकिन राहुल गांधी के इस बयान में अगर जरा भी सच्चाई है, तो ये भारत जैसे लोकतांत्रिक देश की निर्वाचन व्यवस्था के लिए गंभीर चिंता का विषय है।

दरअसल रविवार को अमेरिका के दौरे पर पहुंचे राहुल गांधी ने एक यूनिवर्सिटी में छात्रों को संबोधित करते हुए कहा था, हमारे लिए यह बहुत साफ था कि चुनाव आयोग समझौता कर चुका है। यह बहुत साफ है कि सिस्टम में बहुत कुछ गड़बड़ है। हमने इसे सार्वजनिक रूप से कहा है, मैंने इसे कई बार कहा है। राहुल गांधी का ये बयान आते ही राजनीति में फिर से भूचाल आ गया। भाजपा ने इस बयान को सिरे से खारिज करते हुए इसे देश विरोधी बयान करार दिया है। जबकि कांग्रेस इसका पूरा समर्थन कर रही है।

राजनीति से इतर इस बयान पर अगर गौर किया जाए, तो ये देश के सबसे बड़े विपक्षी दल के वर्तमान निर्वाचन व्यवस्था के प्रति अविश्वास को दर्शाता है। जो किसी भी स्वस्थ लोकतंत्र के लिए अत्यंत घातक है। राजनीति की मजबूरियां अपनी जगह हैं। लेकिन अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश की राजव्यवस्था पर सवाल उठना वास्तव में चिंताजनक है। कुछ समीक्षकों का मानना है कि लोकतंत्र के प्रहरी के रूप में स्थापित राष्ट्रीय निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता पर विपक्ष में अविश्वास का माहौल होना हमारी शासन व्यवस्था की दुर्बलता को दर्शाता है। ऐसे में सत्ता पक्ष के साथ-साथ स्वयं निर्वाचन आयोग को इस प्रकार की शंकाओं का समाधान करना चाहिए।समीक्षक यहां तक कहते हैं कि यूं तो राहुल गांधी द्वारा महाराष्ट्र के चुनाव का उदाहरण के रूप में प्रयोग किया गया है। लेकिन गत लोकसभा चुनाव के तुरंत बाद आई एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिपब्लिक (एडीआर) की रिपोर्ट खुलासा करती है कि लोकसभा चुनाव में जितने वोट पड़े नहीं थे, उससे ज्यादा गिन लिए गए। जबकि 362 सीटों पर 5.54 लाख वोट कम गिने गए। रिपोर्ट में दावा किया गया था कि लोकसभा चुनावों में 362 संसदीय क्षेत्रों में पड़े कुल वोटों से 5,54,598 वोट कम गिने गए। वहीं 176 संसदीय निर्वाचन क्षेत्र ऐसे हैं, जहां पड़े कुल वोटों से 35,093 वोट अधिक गिने गए। हालांकि निर्वाचन आयोग ने इस रिपोर्ट को सिरे से खारिज कर दिया था। लेकिन इस प्रकार की रिपोर्ट्स वास्तव में एक बड़ी चुनौती की तरफ इशारा करती है। भले ही वोटों की गिनती में अंतर प्रशासनिक लापरवाही से आया हो। इसकी किसी को तो जिम्मेदारी लेनी होगी।हो सकता है कि राहुल गांधी के बयान में कोई सच्चाई न हो और ये पूरी तरह से राजनीति से प्रेरित हो। लेकिन इस मुद्दे पर जनता के मन में विश्वास बहाली जरूरी है। निर्वाचन आयोग सहित सरकार के प्रतिनिधियों को रचनात्मक रुख दिखाते हुए प्रयास करने चाहिए। इसके लिए नुक्कड़ नाटकों, जनसंचार के माध्यमों का प्रयोग कर स्पष्टीकरण दिया जा सकता है, ताकि देश की जनता का अपने मताधिकार के प्रति विश्वास बना रहे और देश स्वस्थ लोकतंत्र में आस्था बरकरार रख सके।

- राहुल गांधी के बयान में अगर जरा भी सच्चाई है, तो ये लोकतांत्रिक निर्वाचन व्यवस्था के लिए गंभीर चिंता का विषय

## आतंकी हमले के बाद यूपी में हाई अलर्ट

**लखनऊ।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद उत्तर प्रदेश में हाई अलर्ट जारी किया गया है। पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने उत्तर प्रदेश पुलिस के लिए हाई अलर्ट जारी करते हुए कहा है कि प्रदेश के सभी संवेदनशील जिलों, अन्य राज्यों के सीमावर्ती जिलों में आतंकी व अन्य संगठनों की गतिविधियों पर पैनी निगाह रखी जाए। इसके अलावा रेल, सड़क व हवाई यातायात पर अतिरिक्त सतर्कता बरतने, पूर्व में प्रकाश में आए असामाजिक, राष्ट्र विरोधी तत्वों पर विशेष नजर रखने, पर्यटकों की विशेष सुरक्षा सुनिश्चित करने, विदेशी पर्यटकों की सुरक्षा पर विशेष नजर रखने, नेपाल की अंतर्राष्ट्रीय सीमा से सटे इलाकों व बस-रेलवे स्टेशनों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं।

# पहलगाम हमले में कांग्रेस ने बुलाई सीडब्ल्यूसी की आपात बैठक

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने जम्मू कश्मीर के पहलगांव में आतंकवादी हमले के मद्देनजर पार्टी की सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की गुरुवार को आपात बैठक बुलाई है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने यह जानकारी देते हुए बताया पहलगाम में हुए भीषण आतंकवादी हमले के मद्देनजर कल, गुरुवार 24 अप्रैल को प्रात: 11 बजे 24, अकबर रोड पर कांग्रेस कार्यसमिति की आपातकालीन बैठक होगी।

गौरतलब है कि आतंकवादियों ने मंगलवार को पहलगाम में पर्यटकों पर भारी गोलीबारी कर हमला किया जिसमें बड़ी संख्या में पर्यटकों के साथ ही 28 लोगों की मृत्यु होने की खबर है। इस हमले के बाद दिल्ली, मुंबई सहित देश के विभिन्न हिस्सों में हाई अलर्ट जारी किया गया है। कश्मीर में इससे पहले बड़ा आतंकवादी हमला 2019 में पुलवामा में हुआ था।

## राहुल गांधी ने ली हमले पर ताजा स्थिति की जानकारी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने गृह मंत्री अमित शाह, जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और जम्मू-कश्मीर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष तारिक कर्रा से मंगलवार को पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले के बारे में बात कर ताजा स्थिति की जानकारी ली। गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट कर कहा कि गृह मंत्री अमित शाह, जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और जम्मू-कश्मीर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष तारिक कर्रा से पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले के बारे में बात की। स्थिति पर अपडेट प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि पीड़ितों के परिवार न्याय और हमारे पूर्ण समर्थन के हकदार हैं।

## पहलगाम आतंकी हमले में मृत शुभम के पिता से योगी ने व्यक्त की संवेदनाएं

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मृत कानपुर के शुभम द्विवेदी को श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने इस दुखद घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट साझा किया। मुख्यमंत्री ने अपने पोस्ट में लिखा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में कायरतापूर्ण आतंकी हमले में जनपद कानपुर के शुभम द्विवेदी जी का निधन अत्यंत दुखद है। उन्होंने शुभम के पिता संजय द्विवेदी से फोन पर बात कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं और इस दुख की घड़ी में उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से परिवार को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। योगी ने प्रदेश के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि शुभम द्विवेदी के पार्थिव शरीर को पूरे सम्मान के साथ उनके गृह जनपद कानपुर पहुंचाया जाए।

# पहलगाम हमला, देश का माहौल खराब करने की साजिश: मदनी

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ मुस्लिम धर्मगुरुओं ने हमले की निंदा की

पहलगाम में आतंकी हमले की इस्लामिक धर्म गुरुओं ने कड़ी निंदा की है और इसे देश के माहौल खराब करने की साजिश करार दिया।

जमीअत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने इस आतंकी हमले की निंदा करते हुए कहा कि वो मरने वालों के परिवारों के साथ खड़े हैं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रशासन की विफलता के कारण शांति व्यवस्था को आग लगाने वाली ताकतें अपने नापाक इरादों में सफल हुई हैं। शिया मौलाना सैयद सैफ अब्बास नकवी ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले की जितनी भी निंदा की जाए कम है, इस्लाम किसी की भी खून बहाने की इजाजत नहीं देता है, वो चाहे किसी भी धर्म का हो। पहलगाम में नाम और धर्म ही नहीं पूछा गया , बल्कि कलमा सुनने की बात भी कही जा रही है, उससे इस्लाम धर्म को बदनाम करने के साथ-साथ देश के मुसलमानों को नुकसान पहुंचाने का काम है।

जमीअत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि जमीअत उलमा-ए-हिंद विशेष रूप से धर्म के आधार पर आपराधिक कार्रवाई और देश की शांति व्यवस्था के लिए बर्बादी का कारण समझती है। आम कश्मीरियों को भी इस आतंकवादी हरकतों से नफरत और घृणा हो रही, तो वीं देश का मुसलमान भी इसके खिलाफ हैं। धर्म के नाम पर किसी को मारना और हिंसा करना सही नहीं है। देश की सामा. जिक तानाबाना बिगाड़ने की साजिश के तहत किया गया है। जमात-ए-इस्लामी हिंद के एजाज अहमद असलम ने कहा कि आतंकी हमले को किसी भी तरह से जायज नहीं ठहराया जा सकता, यह हमारे धर्म के खिलाफ है। इंडियन मुस्लिम फॉर प्रोग्रेसिव एंड रिफॉर्म के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमजे खान ने पहलगाम हमले की सख्त अल्फाजों में मजम्मत करते हुए कहा कि कश्मीर में पहली बार आतंकी हमले में धार्मिक एंगल सामने आया है। कश्मीर के माहौल में एक बेहतर सुधार हो रहा था और लोग तरक्की के साथ जुड़ रहे थे। ऐसे में पहलगाम का आतंकी हमला कश्मीर की आवाम के साथ-साथ देश के मुसलमानों के लिए भी चिंता का सबब है। आतंकियों ने जिस तरह धर्म और नाम के बुनियाद पर लोगों को मारा है, उसके जरिए सांप्रदायिक रंग देने और देश के माहौल को बिगाड़ने की गहरी साजिश नजर आ रही है। मौलाना अब्दुल हामिद नोमानी भी कहते हैं कि आतंकी हमले की जितनी भी निंदा की जाए कम है। आंतकियों ने जिस तरह से टारगेट करके लोगों को मारा है और धर्म एंगल का इस्तेमाल किया है, उससे इस्लाम को बदनाम करने के साथ-साथ देश के माहौल को बिगाड़ने की साजिश भी है। पहलगाम की आतंकी हमले से देश के हिंदू-मुस्लिम के बीच तनाव पैदा करने की आतंकवादियों की साजिश है।

पहलगाम हमले को लेकर कुछ लोग माहौल खराब करना चाहते हैं, ऐसे में हमें और समाज को होशियार रहने की जरूरत है। वहीं, मुस्लिम बुद्धजीवी कमाल फारुखी ने कहा कि इस्लाम किसी भी मजलूम और किसी भी मुसाफिर पर मारने की बात तो दूर, जुल्म करने की इजाजत नहीं देता। कश्मीर में जिस तरह से आतंकियों ने पर्यटकों को निशाना बनाया है, वो पूरी तरह से इस्लाम के खिलाफ है। धर्म का एंगल देकर आतंकियों ने देश के माहौल को बिगाड़ने की कोशिश की है। ऐसे में सरकार को आतंकियों को खिलाफ सख्त एक्शन लेने के साथ-साथ इस बात का भी ख्याल रखना चाहिए कि देश के वातावरण को कोई खराब न कर सके।

## संक्षिप्त समाचार

### यूपी के शहरों में पार्किंग हो जाएगी महंगी

**लखनऊ।** यूपी सरकार अब शहरी पार्किंग व्यवस्था को हाईटेक और स्मार्ट बनाने जा रही है। सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर नगर विकास विभाग ने इसके लिए एक विस्तृत योजना तैयार की है। इस योजना के तहत प्रमुख शहरों में सभी पार्किंग स्थल अब डिजिटल टेक्नोलॉजी से लैस किए जाएंगे। पार्किंग स्पेस पर फास्टैग सिस्टम, ई-वाहनों के लिए चार्जिंग प्वाइंट, स्वचालित टिकट डिस्पेंसर, सीसीटीवी कैमरे, डिजिटल संकेतक, बूम बैरियर और हैंडहेल्ड पीओएस डिवाइस लगाए जाएंगे। इससे लोगों को बिना लाइन लगे पार्किंग में प्रवेश और निकास की सुविधा मिलेगी।

### शॉर्ट सर्किट से लगी आग में बुजुर्ग दंपति की मौत

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के तेजी बाजार क्षेत्र में बुधवार सुबह बिजली के शॉर्ट सर्किट से लगी आग में एक बुजुर्ग दंपति की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार क्षेत्र के बनगवां गांव निवासी साधु गौतम (73) छप्पर में 70 वर्षीय पत्नी शोभावती के साथ लेटे हुए थे कि पड़ोसी अमृत लाल के घर से निकली आग की लपटों साधु के छप्पर को चपेट में ले लिया। छप्पर में लेटे शोभावती और साधु गौतम आग की चपेट में आने से बुरी तरह झुलस गए। ग्रामीणों को द्वारा किसी तरह आग पर काबू पाया गया, लेकिन छप्पर में वृद्ध होने की वजह से पत्नी निकल नहीं पाई, बचाने की कोशिश में साधु बुरी तरह झुलस गए, परिजन साधु को जिला अस्पताल लेकर गए जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

### सीजीएचएस में शुरू होगी नई डिजिटल प्रणाली

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार की स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) में लाभार्थियों के लिए नई डिजिटल प्रणाली आरंभ हो रही है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने बुधवार को यहां बताया कि सीजीएचएस में स्वास्थ्य प्रबंधन सूचना प्रणाली के शुभारंभ के साथ एक बड़े डिजिटल परिवर्तन का साक्षी बन रही है। सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ़ एडवांस्ड कंप्यूटिंग (सी-डैक) का व्यापक डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म 28 अप्रैल से संचालित हो जाएगा। इसके लिए 26 अप्रैल को सीजीएचएस की डिजीटल प्रणाली बंद रहेगी।

## आतंकवादी चुनौती से निपटने को सर्वदलीय बैठक बुलाए सरकार: खड़गे

# पीएम मोदी जी आतंक का खात्मा कर दीजिए

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ पहलगाम हमले का बदला लेने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे की मोदी सरकार से अपील

■ यह समय राजनीति करने का नहीं, न्याय दिलाने का है: कांग्रेस

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पहलगाम में हुई आतंकवादी हमले को कायराना कार्रवाई करार देते हुए इसकी कड़ी निंदा की और कहा कि सरकार को आतंकवाद से निपटने की रणनीति पर विचार करने के लिए सर्वदलीय बैठक बुलानी चाहिए।

कांग्रेस अध्यक्ष ने बुधवार को यहां जारी एक वक्तव्य में पहलगाम आतंकवादी हमले पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए घटना पर गहरा क्षोभ व्यक्त करते हुए कहा कि यह देश पर सीधा हमला है और इसकी जिम्मेदारी पाकिस्तानी आतंकवादी संगठन ने ली है, जिसका मुंहतोड़ जवाब दिया जाना चाहिए। खड़गे ने कहा कि सरकार से हम अपेक्षा करते हैं कि जब जरूरी कार्रवाई हो जाए और पूरी मालूमात हासिल हो गई हो तो, वह सभी राजनीतिक दलों को विश्वास में लेकर आतंकवाद की चुनौती से निपटने के बारे में चर्चा करेगी। उन्हें सर्वदलीय बैठक बुलाकर कुछ सलाह लेनी चाहिए। यह राजनीति नहीं है और हम इस स्थिति में राजनीति नहीं चाहते। कांग्रेस आतंकवाद को जड़ से समाप्त करने के लिए सरकार के साथ समन्वय, सहयोग और साझेदारी करने को प्रतिबद्ध है। हमने समय-समय पर आतंकवाद और अलगाववाद का डट कर मुकाबला किया है और इसके खिलाफ़ लड़ाई में हमारी शीर्ष नेतृत्व ने अपने जीवन की आहुति भी दी है। उन्होंने कहा कि कल दोपहर करीब 2.30 बजे, जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा निर्दोष पर्यटकों की हत्या से हमें गहरा दु:ख और सदमा पहुंचा है। कांग्रेस पार्टी कड़े से कड़े शब्दों में इस कायराना करवाई की निंदा करती है। यह हमला हमारे देश की एकता और अखंडता पर कायराना हमला है। वर्ष 2000 के छत्तीसिंह पुरा आतंकी हमले के बाद अब 25 साल बाद यह सबसे बड़ा हमला है, जो निर्दोष, निहत्थे नागरिकों को मारते हैं इंसान नहीं हो सकते। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि मैंने कल देर रात गृहमंत्री अमित शाह, जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुलाह और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष तथा अन्य वरिष्ठ नेताओ से बात की। ये समय कोई राजनीति करने का नहीं है, हमारे पर्यटक जो इस नरसंहार में मारे गए हैं, उनको न्याय दिलाने है। पहलगाम में अलग-अलग राज्यों के पर्यटक थे। कर्नाटक से भी मंजूनाथ राव अपनी पत्नी बच्चे के साथ वहां गए थे। उनकी इस घटना में मौत हो गई और भारत भूषण की भी इस दुख्खद घटना में जान चली गई। मैंने पीड़ितों की शोकग्रस्त पत्नियों से बात की और उन्हें अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। कर्नाटक कैबिनेट ने हमारे श्रम मंत्री संतोष लाड को भी नियुक्त किया है, जो जम्मू- कश्मीर में पीड़ितों से मिल रहे हैं और वे कर्नाटक से आए लगभग 200 पर्यटकों से भी मिल रहे हैं और उनके लिए वापस आने की उड़ानों की व्यवस्था भी कर रहे हैं।

### जम्मू-कश्मीर सरकार ने पहलगाम हमले के पीड़ितों के परिवारों को की सहायता राशि देने की घोषणा

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर सरकार ने बुधवार को पहलगाम आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों के परिवारों को 10-10 लाख रुपये और गंभीर रूप से घायलों को दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। अनंतनाग जिले में सुप्रसिद्ध पहलगाम रिसॉर्ट के पास एक मैदान में मंगलवार को हुए आतंकवादी हमले में कम से कम 25 पर्यटक और एक स्थानीय व्यक्ति की मौत हो गई थी, जो हाल के वर्षों में इस तरह का सबसे जघन्य हमला है। कश्मीर में शोक की लहर है, श्रीनगर के कई अखबारों ने पीड़ितों के लिए न्याय की मांग करते हुए पहले पन्ने पर संपादकीय प्रकाशित किए हैं।

### घाटी से पर्यटकों का पलायन दिल दहला देने वाला: उमर अब्दुल्ला

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को कहा कि पहलगाम में हुए घातक आतंकवादी हमले के बाद घाटी से पर्यटकों का पलायन करते देखना दिल दहला देने वाला है। गौरतलब है कि पहलगाम के पास सुंदर बैसरन घाटी में मंगलवार को हुए इस हमले में 27 लोग मारे गए हैं और कई अन्य घायल हुए हैं। इस घटना से पर्यटकों में व्यापक दहशत फैल गई है, जिनमें से कई अब जल्द से जल्द घर लौटना चाहते हैं। निकासी प्रयासों में सहायता के लिए एयर इंडिया और इंडिगो ने बाहर जाने वाली यात्राओं में वृद्धि को समायोजित करने के लिए चार अतिरिक्त उड़ानों के संचालन की घोषणा की है। उमर ने कहा कि नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) और नागरिक उड्डयन मंत्रालय अतिरिक्त उड़ानों का आयोजन करने के लिए काम कर रहे हैं, जबकि श्रीनगर और जम्मू के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग-44 को एक ही दिशा में यातायात के लिए फिर से शुरू कर दिया गया है। उमर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि कल पहलगाम में हुए दुखद आतंकवादी हमले के बाद हमारे मेहमानों का घाटी से पलायन देखना दुखद है।

# दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो: आरएसएस

**नई दिल्ली, वार्ता**

■ पहलगाम आतंकी हमले पर बोले प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर

पहलगाम आतंकी हमले पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने कहा कि कल जम्मू-कश्मीर में हुआ हमला बेहद निंदनीय है। सभी मतभेदों को भुलाकर एक साथ आना चाहिए, क्योंकि यह देश की एकता और अखंडता का मुद्दा है। उन्होंने कहा कि हमले के दोषियों के खिलाफ उचित और ठोस कार्रवाई की जानी चाहिए और उन्हें निश्चित रूप से दंडित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि उन्हें लगता है कि इस हमले के बाद सरकार इस दिशा में कदम उठा रही है।

उन्होंने कहा कि जिस तरह से एक-एक को पहचान कर मारा गया, यह बहुत ही ज्यादा गुस्सा दिलाने वाली बात है। जिस तरह से कट्टरपंथी इस्लामिक ताकतों ने षड्यंत्र किया है, जो निसहाय और निशस्त्र यात्री थे, उनके ऊपर हमला किया गया है। इसका सभी को निंदा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अपने सारे भेदभाव भूलकर सभी को एकसाथ आना चाहिए। सरकार को भी पीड़ितों की मदद करनी चाहिए और उनको न्याय मिलना चाहिए, लेकिन सही न्याय वह होगा, जो दोषी हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई हो।

### हमला कायरतापूर्ण और सभ्य समाज पर धब्बा: बीजेपी

**लखनऊ।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना हमले की उत्तर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र चौधरी ने कड़ी निंदा करते हुए इसे सभ्य समाज के लिए अत्यंत दुखद बताया है। उन्होंने कहा कि यह पहली बार है, जब आतंकियों ने नाम और धर्म पूछकर निर्दोष लोगों की हत्या की है। यह घटना न केवल अमानवीय है, बल्कि पूरी मानवता को शर्मसार करने वाली है। भूपेंद्र चौधरी ने मारे गए लोगों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और कहा कि केंद्र सरकार इस घटना को हल्के में नहीं ले रही है। उन्होंने आश्वस्त किया कि हमारी सरकार इस नृशंस हत्याकांड में शामिल आतंकियों के खिलाफ ऐसी कार्रवाम्र करेगी, जो एक नज़ीर बनेगी। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों और उनके आकाओं को जहां कहीं भी छिपे होंगे, उन्हें चुन-चुनकर सजा दी जाएगी।

## अर्थ व्यापार

# चीन पर आयात शुल्क में कमी के संकेत से चढ़ा शेयर बाजार

**मुंबई, वार्ता**



■ सेंसेक्स 80,116.49 अंक पर पहुंच गया

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के चीन से होने वाले आयात पर शुल्क (टैरिफ) में कमी किए जाने के संकेत से स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार लगातार सातवें कारोबारी सत्र में लंबी छलांग लगाकर बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 520.90 अंक अर्थात 0.65 प्रतिशत की तेजी के साथ करीब सत्रह सप्ताह के उच्चतम स्तर एवं 80 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 80,116.49 अंक पर पहुंच गया। इससे पहले 18 दिसंबर 2024 को यह 80,182.20 अंक पर रहा था। इसी तरह एनएसई का निफ्टी 161.70 अंक यानी 0.67 प्रतिशत की मजबूती के साथ 24328. 95 अंक पर रहा। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.94 प्रतिशत की छलांग लगाकर 43,660.36 अंक और स्मॉलकैप 0.26 प्रतिशत चढ़कर 49,272.64 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4106 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2078 में लिवाली जबकि 1873 में बिकवाली हुई, वहीं 155 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2931 कंपनियों में से 1516 में तेजी जबकि 1340 में गिरावट रही वहीं 75 में टिकाव रहा। बाजार विश्लेषकों के अनुसार ट्रम्प ने संकेत दिया कि उनकी फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष को हटाने की कोई योजना नहीं है, जिससे मौद्रिक नीति की स्थिरता को लेकर बनी अनिश्चितता कम हुई। इसके साथ ही उन्होंने चीन पर लगाए गए टैरिफ को कम करने की संभावनाएं भी जताईं। इससे वैश्विक आर्थिक तनावों को कम करने की उम्मीद जगी और इससे बाजारों में तेजी देखने को मिली।

### फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेड्स एसोसिएशन ने पहलगाम हमले के विरोध में किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेड्स एसोसिएशन के चेयरमैन परमजीत सिंह पम्मा और अध्यक्ष राकेश यादव के नेतृत्व में व्यापारियों ने बुधवार को सदर बाजार कुतुब रोड चौक पर काली पट्टी बांधकर जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना आतंकवादी हमले के विरोध में प्रदर्शन किया। आज सुबह दुकान खुलते ही सैकड़ों व्यापारी कुतुब रोड चौक पर इकट्ठा हो गए। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने बेगुनाह का खून बहाना बंद करो, दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करो जैसे नारे लगाए। इस दौरान पम्मा और यादव ने कहा कि पाकिस्तान और आतंकवादी कश्मीर में दहशत का माहौल पैदा करना चाहते हैं।

# वनस्पति तेल, चना और दाल चना महंगी

**नई दिल्ली, वार्ता**



विदेशी बाजारों में तेजी जारी रहने के बावजूद स्थानीय स्तर पर मांग निकलने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में वनस्पति तेल, गुड़, चीनी, चना और दाल चना महंगी हो गई जबकि अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

**तेल-तिलहन:** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 37 रिंगिट बढ़कर 4145 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.25 सेंट की बढ़त लेकर 48.28 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में वनस्पति तेल में 1630 रुपये प्रति क्विंटल की उछाल को छोड़कर अन्य खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड और पाम ऑयल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में तेजी रही। इस दौरान चीनी 100 रुपये और गुड़ 150 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हो गया। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में चना और दाल चना में 100-100 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी को छोड़कर अन्य दालों में टिकाव रहा। इस दौरान मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5850-5950, दाल चना 6850-6950, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9550-9650, उड़द दाल 9000-9100, अरहर दाल 8500-8600 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपये और चावल 3450-3550 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

# अखिलेश ने दलितों के अपमान में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी : असीम अरुण

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार में समाज कल्याण मंत्री और पूर्व आईपीएस अधिकारी असीम अरुण ने समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि सपा प्रमुख ने सत्ता रहते दलितों का अपमान करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने अखिलेश को 'बांटने वाली राजनीति' का प्रतीक बताते हुए कहा कि ऐसी राजनीति की वजह से ही जनता ने उन्हें पूरी तरह नकार दिया और वे आज राजनीतिक हाशिए पर पहुंच गए हैं। उन्होंने कहा कि सपा के ज्यादातर लोगों को निर्देश दिए गए हैं कि दूध में नींबू डालने का काम करो, यानी समाज को बांटो और जहर घोलो। लेकिन अब उत्तर प्रदेश की जनता जागरूक है। असीम अरुण ने कहा कि समाजवादी पार्टी का दलित प्रेम सत्ता से बाहर होने के बाद ही जागा है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब अखिलेश यादव मुख्यमंत्री थे, तब उन्होंने दलित महापुरुषों के नाम पर बने जिलों और संस्थानों के नाम बदल दिए। भीम नगर, महामाया नगर, ज्योतिबा फुले, संत रविदास, यहां तक कि भगवान बुद्ध की माता महामाया जी के नाम पर कलम चला दी। क्या यह सम्मान है। नहीं, यह सामा. जिक चेतना का अपमान है। पूर्व आईपीएस अधिकारी होने के नाते असीम अरुण ने पुलिस पोस्टिंग को लेकर भी बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि सपा शासन में अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग के अधिकारियों को नियम के बावजूद थानों और तहसीलों में पोस्टिंग नहीं दी जाती थी। उन्होंने कहा कि जब उनके हाथ में पावर थी, तब दलितों के हक मारे गए। लेकिन आज पोस्टिंग काबिलियत के आधार पर हो रही है। जो निकम्मे हैं उन पर कार्रवाई हो रही है और जो मेहनती हैं, उन्हें प्रशिक्षण और संसाधन मिल रहा है। मंत्री असीम अरुण ने कहा कि उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में छात्रवृत्ति वितरण के क्षेत्र में ऐतिहासिक काम हुआ है।

# यूपी में 51 डीलरों व 28 सहायक संभागीय परिवहन अधिकारियों को नोटिस जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में वाहन पंजीकरण व्यवस्था को समयबद्ध, पारदर्शी और नागरिकों के अनुकूल बनाए रखने के लिए परिवहन विभाग द्वारा डीलर प्वाइंट पंजीकरण प्रणाली की नियमित समीक्षा की जा रही है।

जनवरी से मार्च 2025 के मध्य वाहन 4-0 पोर्टल पर दर्ज डाटा के विश्लेषण से निर्धारित प्रक्रिया का पालन न करने वालों पर कार्रवाई की गई। जांच में पता चला कि कई डीलरों द्वारा बिना पंजीकरण वाहन स्वामियों को वाहन सुपुर्द किए गए, आवश्यक दस्तावेज अपूर्ण या अपठनीय रूप में पोर्टल पर अपलोड किए गए और विभागीय निर्देशों की अनदेखी की गई। इसके अतिरिक्त एआरटीओ कार्यालय स्तर पर फाइलों की उचित निगरानी नहीं की गई, जिसके कारण पंजीकरण फाइलें लंबित रहीं। इन लापरवाहियों के आधार पर प्रदेश के 51 डीलरों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं, जिनमें राजधानी लखनऊ का एक प्रमुख डीलर भी शामिल है। सभी डीलरों से 14 दिवस के भीतर स्पष्ट व संतोषजनक उत्तर प्रस्तुत करने को कहा गया है अन्यथा उनके ट्रेड सर्टिफिकेट के निल. बन अथवा निरस्तीकरण की विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। इन प्रकरणों में संबंधित जिलों के परिवहन कार्यालयों की प्रशासनिक उदासीनता भी उजागर हुई है। कई स्थानों पर एआरटीओ स्तर पर पंजीकरण फाइलों की लंबितता, त्रुटिपूर्ण फाइलों की स्वीकृति अथवा अनुपालन की समीक्षा न करना सामने आया है। इस कारणवश विभाग द्वारा 28 सहायक संभागीय परिवहन अधिकारियों को भी कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। परिवहन आयुक्त ब्रजेश नारायण सिंह ने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप विभाग का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को समयबद्ध और निर्बाध सेवा देना है। किसी भी स्तर पर लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा और दोषी व्यक्तियों अथवा संस्थाओं के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।ह परिवहन आयुक्त ने स्पष्ट किया कि वाहन पंजीकरण से संबंधित सेवाएं आम नागरिकों से सीधे जुड़ी हैं।

### उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड की 14,000 करोड़ की 17 बड़ी परियोजनाओं की समीक्षा

**नई दिल्ली।** उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव अमरदीप भाटिया की अध्यक्षता में यहां वरिष्ठ अधिकारियों की एक बैठक में उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब और उत्तराखंड राज्यों में अवसंरचना विकास की 17 वृहद परियोजनाओं की समीक्षा की गई। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की बुधवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार इन परियोजाओं की कुल अनुमानित लागत 14,096 करोड़ रुपये है। इनकी समीक्षा के लिए परियोजना निगरानी समूह (पीएमजी) के तत्वावधान में आयोजित बैठक में केंद्रीय मंत्रालयों, राज्य सरकारों और परियोजना समर्थकों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में इन परियोजनाओं से जुड़े 19 मुद्दों की समीक्षा की गई और अंतर-मंत्रालई और अंतर-राज्य समन्वय को बढ़ाकर इनके कार्यान्वयन की चुनौतियों के त्वरित समाधान पर चर्चा की गई।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale










वैधानिक सूचना

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# पिटाई से त्रस्त युवक ने शिव मूर्ति पर काटा हाथ

## चाकू से अपना हाथ काटकर डाला खून, पुलिस ने लिया हिरासत में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शहर की हृदय स्थल शिव चौक स्थित ऐतिहासिक शिव मंदिर के निकट उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब एक युवक यहां पहुंचा और उसने चाकू से अपना हाथ काट डाला और लहूलुहान हो गया। खून की छींटे मंदिर पर पड़ी तो पुजारी ने इसकी जानकारी कोतवाली पुलिस को दी। कुछ देर बाद ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को कोतवाली ले जाने के बाद उसका जिला अस्पताल में इलाज कराया। पूछताछ में सामने आया कि कुछ लोगों ने उसके साथ मारपीट भी की और कानूनी कार्यवाही न होने से त्रस्त आकर उसने यह कदम उठाया है।



बुधवार की शाम शहर कोतवाली के चंद कदम दूरी स्थित शिव चौक स्थित मंदिर पर एक युवक पहुंचा इस समय वह लड़ खड़ा रहा था। युवक ने यहां पहुंचते ही चाकू से अपना हाथ लहूलुहान कर लिया था। कुछ लोगों का कहना है कि अपने खून के छींटे मंदिर की ओर डाल दिए इससे समय यहां पुजारी व अन्य श्रद्धालु मौजूद थे। घटना के तुरंत बाद ही पुजारी ने इस घटना की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी। इससे पहले यह घटना लोगों में चर्चा का विषय बन गई। पुलिस तुरंत ही मौके पर पहुंच गई और उसको कोतवाली ले जाकर पूछताछ व छानबीन की। युवक ने अपना नाम राहुल शर्मा पुत्र नंदकिशोर निवासी नई मंडी बताया और वह शादी विवाह में वेटर का काम करता है। पूछताछ में यह भी सामना आया कि घायल राहुल शर्मा जाट फिल्म देखने गया था और वहां कुछ लोगों ने उसके साथ उसकी पीटाई कर दी। राहुल पर आरोप है कि उसने नशे की हालत में हंगामा किया। सच्चाई क्या है यह तो पुलिस जाने, लेकिन पुलिस ने उसका तुरंत ही इलाज कराया और राहुल की ओर से एक तहरीर ली।

> राहुल कहां का रहने वाला है, उसने ऐसा क्यों किया, इसके बारे में होश आने पर उससे पूछताछ की जाएगी।.....
>
> **राजू कुमार साव**
> **सीओ सिटी**

## हादसे में चिनाई मिस्त्री की मौत

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी क्षेत्र के मौहल्ला अंकित विहार में सपा नेता राकेश शर्मा के निर्माणाधीन मकान में हादसे में एक मिस्त्री की मौत हो गई, जबकि दूसरे को चोटे आई है।

बताया जाता है कि अंकित विहार में सपा नेता राकेश शर्मा के मकान का निर्माण चल रहा है। इस मकान का निर्माण सुरेन्द्र चिनाई मिस्त्री निवासी मलीरा काम कर रहा था। निर्माण के दौरान मिस्त्री सुरेन्द्र ने चाली की पैड बांध रखी थी अचानक ही पैड टूट जाने के कारण मिस्त्री सुरेन्द्र नीचे गिरकर घायल हो गया और उसकी मौत हो गई। इस हादसे में एक मिस्त्री घायल हो गया है बताया जाता है कि सुरेन्द्र मिस्त्री सपा नेता राकेश शर्मा के पास करीब 25 वर्ष से काम करता था।

# चाट बाजार वेंडरों ने ठुकराया ऑफर

■ **सिटी मजिस्ट्रेट ने पालिका में ली बैठक, ईओ ने दिखाए स्थान**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** टाउन हाल के बाहर लगने वाला चाट बाजार बंद कराए जाने पर दसवें दिन भी चाट बाजार के वेंडरों का धरना जारी रहा। डीएम के आश्वासन के बाद वेंडरों को शहर में दूसरे विकल्प दिखाने का काम हुआ, लेकिन दो स्थान का भ्रमण कर वेंडरों ने पालिका प्रशासन के प्रस्ताव को ठुकराते हुए चाट बाजार के लिए टाउन हाल का स्थान ही मांगा।

नगरपालिका प्रशासन ने सौन्दर्यकरण कराये जाने की योजना के कारण टाउन हॉल गेट नंबर दो व तीन के बाहर लगने वाले अस्थाई बाजार को बंद कर बेरिकेडिंग कर दी है जिससे रोजी-रोटी का स्थान छिनने के कारण चाट बाजार के वेंडर करीब दस दिन से धरने पर बैठे हैं। बुधवार को सिटी मजिस्ट्रेट विकास कश्यप टाउनहाल पहुंचे और उन्होंने ईओ कार्यालय में धरनारत वेंडरों को बुलाकर उनसे वार्ता की। इस दौरान सिटी मजिस्ट्रेट के निर्देश पर पालिका ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह वेंडरों को शहर में दूसरे स्थान दिखाने के लिए लेकर गई। बताया गया कि ईओ द्वारा जानसठ रोड ओवरब्रिज और गांधी कालोनी ओवरब्रिज के नीचे वाले स्थान विकल्प के तौर पर वेंडरों को दिखाये गये और टाउन हाल के बदले उनमें से कोई एक स्थान चुनने के लिए कहा, लेकिन वेंडरों ने दोनों ही स्थान रोजगार के लिए सही नहीं होने की बात कहकर उनके प्रस्ताव को खारिज कर दिया। वेंडर ईश कौशल, राजेश कुमार, सुलेमान, चन्द्र किरण आदि ने बताया कि उनको बेमियादी धरना खत्म नहीं हुआ है, वो लगातार जारी है। वो लोग गरीब हैं और उनकी कोई पहुंच नहीं है तो उनको सताया जा रहा है, उनसे रोजगार का अवसर छीना जा रहा है। उनकी रोजी रोटी बंद करा दी गई है। सिटी मजिस्ट्रेट विकास कश्यप ने बताया कि डीएम के निर्देश पर पालिका पहुंचकर चाट बाजार के धरनारत वेंडरों से वार्ता की गई है। उनको समझा दिया गया है कि टाउनहाल के बाहर अब बाजार नहीं लगने दिया जायेगा, इसके बदले पालिका प्रशासन दूसरे विकल्प उनको दे रहा है, जो उचित लगे वो स्थान वो चुन सकते हैं। इसके लिए आज ईओ पालिका के साथ वेंडरों को कुछ स्थानों का भ्रमण कराकर विकल्प दिखाये गये हैं। उनको वहां पर पूरी व्यवस्था करने का भरोसा दिया गया है।

## लिंक क्लिक करते ही खाते से नकदी साफ

**मुजफ्फरनगर।** मंसूरपुर क्षेत्र में मोबाइल पर आए लिंक को क्लिक करते ही एक व्यक्ति के खाते से सवा लाख रूपये साफ हो गए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर साइबर ठगी का मामला दर्ज कर लिया है। ग्राम जडौदा निवासी वैभव सिंह पुत्र मनोज कुमार ने मंसूरपुर थाने पहुंचकर पुलिस को बताया कि उसके मोबाइल पर एक लिंक आया था और यह लिंक शिक्षा से जुडा हुआ था। उसने लिंक देखते ही उसको क्लिक कर दिया जहां एक-एक करके तीन किस्तों में करीब सवा लाख रूपयें साफ हो गए। पुलिस ने इस मामले को दर्ज करते हुए कार्यवाही शुरू कर दी है।



मुजफ्फरनगर: तुलसी पार्क में कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि देते मंत्री व व्यापारी।




कैंडल मार्च निकाल कर हमले का विरोध करते पैगामे इंसानियत के पदाधिकारी।

# चेयरपर्सन अंजू के कार्यकाल के ऑडिट को पहुंची टीम

■ **सहारनपुर मंडल की दो सदस्यीय टीम ने खंगाले लेखा विभाग के रिकॉर्ड**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** तत्कालीन चेयरपर्सन अंजू अग्रवाल का अभी तक भी पीछा नहीं छुट रहा है। सहारनपुर मंडल स्तर से दो सदस्य टीम उनके कार्यकाल का ऑडिट करने के लिए नगर पालिका में आयी हुई है। टीम ने पालिका के लेखा विभाग से वर्ष 2017 से 2022 तक नगर पालिका में हुई आय का रिकार्ड मांगा है। तत्कालीन चेयरपर्सन अंजू अग्रवाल ने शहरी क्षेत्र में काफी विकास कार्य कराए है, लेकिन वह विभिन्न मामलों को लेकर विवाद में घिरी रही है। शासन स्तर से उनके खिलाफ काफी जांच हुई और फिर बाद में उनके अधिकार भी सीज हो गए थे। चेयरपर्सन अंजू अग्रवाल के खिलाफ सभासद राजीव शर्मा के द्वारा शासन स्तर पर ऑडिट कराने के लिए शिकायत की हुई है। पिछले दिनों नगर पालिका में अंजू अग्रवाल के कार्यकाल में किस मद में कितनी धनराशि खर्च हुई है। इसकी ऑडिट करने के लिए टीम आयी हुई थी। अब सहारनपुर मंडल स्तर से दो सदस्य टीम वर्ष 2017 से 2022 तक नगर पालिका में हुई आय का ऑडिट करने के लिए आयी है। टीम के द्वारा लेखा विभाग से उक्त वर्षो का रिकार्ड मांगा गया है।

# डीसी के मोबाइल का डाटा रिकवर कर रिकॉर्ड खंगाला

## बीएसए पर पैसे मांगने के आरोप के बाद नजदीकियों के मोबाइलों की भी जांच शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** बीएसए पर पैसे मांगने के आरोप लगाने के मामले में पुलिस ने अपनी जांच शुरु कर दी है। थाना सिविल लाइन पुलिस ने डीसी व उसके परिवार व परिचितों की मोबाइल की कुण्डली खंगालनी शुरू कर दी है। इतना ही नहीं पुलिस ने डीसी के मोबाइल का डाटा भी रिकवर कर लिया है। और उसके मोबाइल की जांच शुरू कर दी गई।

बुधवार को डीसी को जिला अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया है। बेसिक शिक्षा विभाग में तैनात डीसी विकास त्यागी निवासी इंद्रा कालोनी 18 अप्रैल की रात घर से बीएसए के आवास पर जाने केलिए निकले थे। उसके बाद उसका मोबाइल बंद हो गया। परिजनों ने काफी तलाश करने के पश्चात थाना सिविल लाइन में डीसी की गुमशुदगी दर्ज करा दी। सोमवार को नशे की हालत में डीसी अपने घर पर पहुंचा। उसने बीएसए पर 15 लाख रुपए की डिमांड करने का आरोप लगाया। आरोप था कि इसी अवसाद में वह अपने घर से कपडे व खर्च के पैसे लेकर आत्महत्या के इरादे से निकल गया था। उसने पुलिस व परिजनों को गुमराह करने के लिए मोबाइल महावीर चौक के पास से फेंक दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है। पुलिस जल्द ही डीसी से पूछताछ करेगी। वही डीसी के मोबाइल का डाटा पुलिस ने रिकवर कर लिया। उसने फोन पर किस किस से बात की, सबके मोबाइल नम्बरों की जांच पुलिस करेगी। थाना प्रभारी सिविल लाइन आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि डीसी व उसके नम्बर पर कॉल करने वाले सभी लोगों के मोबाइल की जांच की जाएगी। वही डीसी व उसकी पत्नी के बैंक खाते की जांच कर रही है।

## दो सदस्यीय कमेटी की निगरानी में होगा डीसी के पटल का कामकाज

**मुजफ्फरनगर।** झूठ बोलकर बीएसए कार्यालय से छुट्टी लेना और घर पर झूठ बोलकर शहर से गायब होने वाले जिला समन्वयक के पटल के रूके हुए कामकाज को लेकर बीएसए ने गंभीरता बरती है।

बीएसए ने मिड-डे-मील के पटल का कई दिनों से रूके काम को शुरू कराया है। कार्य को पारदर्शी बनाते हुए उन्होंने एक खंड शिक्षा अधिकारी व एक अन्य डीसी की कमेटी बनाई है, जिनकी देखरेख में कामकाज शुरू कराते हुए विद्यालयों में मिड-डे-मील के कार्य में प्रगाति लाने के निर्देश दिए हैं।

## रोहाना स्थित एसबीआई शाखा में लगी आग

**मुजफ्फरनगर।** गुरूवार को ग्राम रोहाना स्थित भारतीय स्टेट बैंक की शाखा के सरवर में अचानक ही आग लग गई। सूचना के तुरंत बाद दमकल विभाग मौके पर पहुंचा और फायरकर्मियों ने शाखा के शीशे तोडकर अंदर प्रवेश करते हुए आग पर पानी डाला, काफी देर बाद दमकल विभाग ने आग पर काबू पाया। इस दौरान यहां पर अफरा-तफरी मची रही। बैंक कर्मियों का कहना है कि यदि दमकल विभाग समय से ना पहुंचा तो यहां पर भारी नुकसान हो सकता था, लेकिन दमकल विभाग की दो गाडियों ने कुछ देर बाद ही आग पर काबू पाया। मुख्य अग्निशमनदल अधिकारी अनुराग कुमार ने बताया कि अधिक धुंआ होने के कारण आग बुझाने में काफी दिक्कते आई।

# पुलिस मुठभेड़ में दो लुटेरे घायल

■ **17 घंटे बाद कॉस्मेटिक कारोबारी के घर हुई लूट का खुलासा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** रोहाना में कास्मेटिक कारोबारी के घर में लूट की वारदात में फरार चल रहे दोनों बदमाशों से पुलिस की 17 घंटे बाद मुठभेड हो गई। दोनों बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया। दोनों बदमाशों को पुलिस ने अपनी गिरफ्त में लेकर इलाज के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया। पुलिस ने आरोपितों से लूटी गई नकदी बरामद की है।

बता दे कि मंगलवार सुबह दस बजे नगर कोतवाली की रोहाना चौकी के सामने कास्मेटिक व्यापारी विनोद जैन के घर में घुसकर तीन बदमाशों ने उनकी पत्नी अलका जैन को आतंकित कर सवा लाख की लूट की वारदात को अंजाम दिया। एक बदमाश अंशुल पुत्र कंवरपाल निवासी मंसूरपुर को पुलिस ने मुठभेड के बाद गिरफ्तार कर लिया था। उसके पैर में गोली लगी थी। उसने अपने फरार दो साथियों के नाम विपिन जाटव व शाकिब निवासीगण बहेडी थाना नगर कोतवाली बताए थे। दोनों बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने दो टीम गठित की थी। तभी से दोनों टीम फरार बदमाशों की तलाश में लगी थी। रात में पुलिस को सूचना मिली थी कि दोनों बदमाश भागने की फिराक में मिमलाना रोड की तरफ आने वाले है। इसकी सूचना पर एएसपी राजेश घुनावत ने तत्काल नगर कोतवाली के एसएसआइ नरेंद्र कुमार, एसआइ नितिन कुमार, मोहित कुमार, हेड कांस्टेबल राजेंद्र सिंह, गौरव चौधरी, कांस्टेबल रोहित, राजू, अश्वनी शर्मा, धर्वेंद्र कुमार व रहीश आजम को साथ लेकर मिमलना रोड पर जाल बिछा दिया। रात दो बजे पुलिस को दोनों बदमाश आते दिखाई दिए। पुलिस ने उन्हें पकडने का प्रयास किया तो दोनों बदमाश पुलिस पर फायरिंग करते हुए भागने लगे। जवाबी कार्रवाई में दोनों बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गए। दोनों बदमाश विपिन व शाकिब को पुलिस ने अपनी गिरफ्त में लेने के बाद इलाज के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया। पुलिस ने दोनों बदमाशों से 33 हजार 90 रुपये व दो तमंचे बरामद किए हैं। एएसपी राज.ेश घुनावत ने बताया, बदमाशों को कास्मेटिक कारोबारी के घर की पूरी जानकारी की थी कि किस समय घर में कौन रहता है, क्योंकि बदमाशों ने उनके घर में मारबल लगाने का काम किया था। बदमाशों को पता था कि घर में कहां नकदी रखी रहती है। इसलिए बदमाशों को वारदात को अंजाम देने में ज्यादा समय नहीं लगा।

# बैंक्वट हाल सहित कई स्थानों से चोरी में तीन दबोचे

■ **चोरी किया गया सामान, हजारों की नगदी, अवैध असलाह बरामद**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भोपा पुलिस ने अधिकारियों के दिशा निर्देशन में बैंक्वट हाल के चौकीदार को बंधक बनाकर की गई लूट व चोरी की तीन घटनाओं का खुलासाकर एक बाल अपचारी सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

एसपी देहात आदित्य बंसल ने पुलिस लाइन में प्रेसवार्ता कर बताया कि 29 मार्च की रात में भोपा के गांव बेलडा के जंगल में राजमहल वेंकट हाल के चौकीदार को बंधक बनाकर जनरेटर का सामान लूट लिया था। इसी गिरोह ने ककरौली व भोपा क्षेत्र में तीन ट्यूबवेल के मोटरों से ताबे का तार व अन्य सामान चोरी किया था। इस गिरोह के सदस्य बेलडा निवासी सरगना वरदान पुत्र कुंवर पाल, विशाल पुत्र प्रवीन व रोहित पुत्र रविन्द्र निवासीगण ग्राम बेलडा थाना भोपा व एक बाल अपचारी गिरफ्तार किया है।

भोपा थाना पुलिस ने 21 किलो तांबे का तार, एक बेटरी, कापर के तार, 2250 रुपये नगद व अवैध शस्त्र बरामद किए है। वरदान पहले अवैध शस्त्र बरामदगी के मामले में जेल जा चुका है। अन्य आरोपियों के अपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

## गौरव टिकैत ने सिसौली में निकाला कैंडल मार्च

**मुजफ्फरनगर।** बुधवार की शाम को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए हिंदुओ के नरसंहार के विरोध में भाकियू नेता चौधरी गौरव टिकैत के नेतृत्व में कस्बा सिसौली में कैंडल मार्च निकाला गया। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत, किसान चिंतक कमल मित्तल सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। टिकैत परिवार ने इस नरसंहार घटना पर रोष व्यप्त किया है। इस दौरान यहां सिसौली के ग्रामीणों के साथ अन्य लोग भी भारी संख्या में मौजूद रहे।



मुजफ्फरनगर: भाकियू की राजधानी सिसौली में निकाला गया कैंडल मार्च।

## युवती से मारपीट में मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर।** बुर्का प्रकरण में फरार चले रहे मुख्य आरोपित मोहम्मद अमन को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस प्रकरण में पुलिस आधा दर्जन से अधिक आरोपितों को पूर्व में जेल भेज चुकी है।

खालापार थाना प्रभारी महावीर सिंह चौहान ने बताया, 12 अप्रैल को तकिया कुरैशियान मोहल्ला निवासी मुस्लिम युवती शामली जिले के थानाभवन थानाक्षेत्र का इस्माइलपुर गांव निवासी सचिन के साथ कलेक्शन कर बाइक से लौट रही थी। भी काम करता है। इसी दौरान खालापार में दर्जी वाली गली में सामने आठ-दस युवकों ने दोनों को रोक लिया और दोनों के नाम पूछने के बाद आरोपित मुस्लिम युवक दोनों को एक बैटरी की दुकान खींचकर ले गए थे। आरोपितों ने दोनों के साथ मारपीट की। इस दौरान आरो.पित युवकों ने युवती का बुर्का व चोटी खींचकर निवस्त्र करने का प्रयास किया और वीडियो भी बनाई। शोर शराबा होने पर स्थानीय जिम्मेदार लोग वहां पहुंच कर दोनों को बचाया।

शनिवार को ही पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी लेकिन रविवार को इंटरनेट मीडिया पर वीडियो प्रसारित होने के बाद पुलिस हरकत में आ गई। वीडियो में युवकों की पहचान करने के बाद पुलिस ने ताबडतोड दबिश देकर रविवार देर शाम छह आरोपित मुस्लिम युवक सरताज, शादाब, उमर, अर्श, शोएब व शमी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इस घटना का मुख्य आरोपित मोहम्म अमन निवासी खादरवाला थाना खालापार फरार चल रहा था और घटना वाले दिन अमन ही स्कूटी से दोनों का पीछा किया था और साथियों के साथ मिलकर दर्जी वाली गली में रोका था। उन्होंने बताया, एक सूचना का आधार पर बुधवार को अमन को रामपुरम गेट के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## बच्चों से मिड-डे मील की थाली धुलवाने का वीडियो वायरल

**शाहपुर।** शाहपुर क्षेत्र के एक गांव के प्राथमिक विद्यालय में मिडडे मील के बर्तन धुलवाए जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में साफ दिखाई पड रहा है कि सवेरे के भोजन के बाद छोटे-छोटे बच्चों से सरकारी नल पर थालियां धुलवाई जा रही है। कतार में खड़े बच्चे एक-एक करके बर्तन धो रहे है, जबकि गाइडलाइन के अनुसार बच्चों से काम नहीं करवाया जा सकता। स्कूल प्रशासन की यह कार्यवाही बाल श्रम कानून का उल्लघंन करती नजर आ रही है। छोटी उम्र के बच्चों को शिक्षा देने के बजाए बर्तन धुलवाने पर शिक्षा विभाग पर सवाल खडे होते है।



मुजफ्फरनगर: पकड़े गए गिरोह की जानकारी देते एसपी देहात आदित्य बंसल।

# खेल प्रतियोगिता में बच्चों ने झटके स्वर्ण व रजत पदक

■ **एक गांव एक खेल के तहत सांझक में प्रतियोगिता आयोजित**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** एक गांव-एक खेल मिशन के तहत सांझक गांव में अंडर 14 छात्र-छात्राओं के लिए 100 मीटर की दौड का आयोजन किया गया। जिसमें आसपास के गांवों से लगभग 50 छात्र एवं छात्राओं ने भाग लिया। दौड में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को स्वर्ण पदक, रजत पदक, प्रमाण पत्र व अन्य पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। पहले समूह में नाजिश और इरशाद प्रथम, बुशरा और महबूब द्वितीय तथा फिरदौस



अत्ता-उर-रहमान तीसरे स्थान पर रहे। दूसरे समूह में आयशा राहील प्रथम, शफदलशाद द्वितीय, अलफशा तनसीर तृतीय। तीसरे समूह में शारिक मुरसलीन प्रथम, मुस्तफा द्वितीय, अमन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्रों को पुरस्कार एएंड एस फार्मेसी दिल्ली के एमडीए व तहसीन अली असारवी ने संयुक्त रूप से पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया। एएंड एस फार्मेसी दिल्ली और हनीफ एजुक.ेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी, फेडरेशन ऑफ मुस्लिम जाट एसोसिएशन के सहयोग से आयोजित प्रतियोगिता में तहसीन अली असारवी ने कहा कि आज बच्चों की इस दौड कार्यक्रम के आयोजन का उद्देश्य बच्चों में खेलों के प्रति जागरूकता पैदा करना तथा उन्हें शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखना है।

इस मौके पर साजिद चौधरी, अमन चौधरी, तौली, ओवैस बालियान, मुफ्ती मुहम्मद मुनव्वर कासमी मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री दे रहे ईदी, लेकिन जनता पूछ रही, रोजगार और अस्पताल कहाँ हैं?

## पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलग राज्य बनाने की मांग को दिया समर्थन

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** चरथावल विधानसभा सीट से समाजवादी पार्टी के विधायक पंकज मलिक ने खतौली स्थित क्षेत्रीय विकास पार्टी के कार्यालय पर आयोजित एक कार्यक्रम में शिरकत की। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजवीर सिंह वर्मा और कार्यकर्ताओं ने उनका फूल मालाओं से स्वागत किया। कार्यक्रम के बाद मीडिया से बातचीत में पंकज मलिक ने पश्चिम उत्तर प्रदेश को अलग राज्य बनाए जाने की माँग का खुला समर्थन किया। उन्होंने कहा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश की जनता वर्षों से खुद को उपेक्षित महसूस कर रही है। जब हम क्षेत्र में जाते हैं तो लोग साफ़ कहते हैं कि उन्हें विकास, रोजगार और स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव का सामना करना पड़ता है। अलग राज्य बनाकर ही इन समस्याओं का समाधान संभव है। पंकज मलिक ने कहा कि वह इस मुद्दे को लेकर जल्द ही समाजवादी पार्टी



के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात करेंगे और उन्हें क्षेत्र की भावनाओं से अवगत कराएंगे। पश्चिम उत्तर प्रदेश की जनता अब जागरूक है। उसे सिर्फ़ वादे नहीं, हक़ चाहिए।

### पकंज ने केंद्र सरकार पर साधा निशाना

विधायक पंकज मलिक ने भाजपा सरकार की नीतियों पर भी कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सिर्फ़ दिखावे की राजनीति करते हैं। एक ओर प्रधानमंत्री ईदी बाँटते हैं, वहीं दूसरी ओर वक्फ की आड़ में समाज में ज़हर घोलने का काम करते हैं। उन्होंने केंद्र सरकार से सवाल करते हुय पूछा कि हआप बताइए, कितने नौजवानों को नौकरी दी? कितनी बेटियों की पढ़ाई पी हुई? क्यों आज भी मुज़फ्फरनगर के मरीज दिल्ली, ;षिकेश और मुंबई जाने को मजबूर हैं?ह पंकज मलिक ने मांग की कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में एम्स स्तर के अस्पताल, मेडिकल कॉलेज और आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं स्थापित की जाएं, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

### जनता ने घमंड तोड़ा, सपा को चुना

उन्होंने कहा कि भाजपा की कथनी और करनी में फर्क है, और जनता अब इसे अच्छी तरह पहचान चुकी है।

यही कारण है कि मुज़फ्फरनगर की जनता ने भाजपा के घमंड को तोड़ते हुए समाजवादी पार्टी को चुना है। अब हम जनता की आवाज़ को आगे ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## दबंग युवक ने घर में घुसकर की पड़ोसी संग मारपीट

**बुढ़ाना।** कलावती पत्नी कल्लू निवासी गांव चंधेडी ने बताया कि वो एक गरीब महिला है। उसका पति मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करता है। गांव का मिंटू पुत्र धर्मवीर उससे व उसके परिवार से रंजिश रखता है तथा उस पर गंदी नजर रखता है। बीते 21 अप्रैल की देर रात करीब 11 बजे वो और उसका पति बच्चों के साथ घर में सो रहे थे। यकायक मिंटू उसके मकान में जबरदस्ती घुस आया और उसे व उसके पति को गन्दी गन्दी गालियां देने लगा। उसने व उसके पति ने विरोध किया तो मिंटू ने उसके पति को घर से खींचकर गली में लाकर उसके साथ बुरी तरह से मारपीट की। जिसकी वीडियो उसने बना ली। आरोपी ने उसके साथ भी अभद्र व्यवहार किया। शोर शराबा होने पर मौहल्ले के काफी लोग आ गये। जिससे उसकी व उसके परिवार की बड़ी मुश्किल से जान बची। जाते जाते आरोपी उसे और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी देकर चला गया तथा ऐलानिया ये भी कहा आईन्दा मौका मिलने पर तुझे व तेरे परिवार को जान से मार दूंगा। आरोपी दबंग किस्म का व्यक्ति है।

# पहलगाम में हिन्दुओं की नृशंस हत्या पर जगह-जगह प्रदर्शन

**मुजफ्फरनगर।** पहलगाम में आतंकियों द्वारा पर्यटकों की की गई हत्या के विरोध में अनेक संगठनों ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर आतंकियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की मांग उठाई। राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल सहित सैकड़ो लोगों ने मृतकों की आत्मशांति हेतु तुलसी पार्क में मोमबत्तियां जलाई तथा दो मिनट का मौन रखा।

बुधवार को कचहरी प्रांगण स्थित **डिस्ट्रिक्ट बार एसो. व सिविल बार एसो.** की एक संयुक्त शोकसभा फैन्थम हॉल में आयोजित की गई, जिसमें सभी अधिवक्ताओं ने पहलगाम में निर्दोष लोगों की नृशंस हत्या पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की तथा घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भगवान से प्रार्थना की। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन अध्यक्ष ठा. कुंवरपाल सिंह व सिविल बार एसो. के अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह की अध्यक्षता एवं महासचिव चन्द्रवीर सिंह निर्वाल तथा राज सिंह रावत के संचालन में आयोजित शोकसभा में महासिचव चन्द्रवीर निर्वाल ने कहा कि सभी अधिवक्तागण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गृहमंत्री अमित शाह तथा जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से आतंकवादियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग करते हैं। फैन्थम हॉल में उपस्थित सभी अधिवक्ताओं ने पहलगाम में मारे गए निर्दोष लोगों के प्रति शोक संवेदना प्रकट करते हुए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

**भाजपा कार्यालय पर शोक सभा, श्रद्धांजलि दी**

पहलगाम में आतंकियों द्वारा 26 लोगों की निर्मम हत्या होने पर भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर भी बुधवार की दोपहर शोक सभा का आयोजन किया गया। पार्टी कार्यालय में आयोजित शोकसभा में आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी गई। शोकसभा में जिलाध्यक्ष डा. सुधीर सैनी ने कहा कि नाम पूछकर हिंदूओं को मारने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। शोकसभा में श्रद्धांजलि देने वालों में भाजपा नेता डॉ पुरुषोत्तम, सुधीर खटीक, अभिषेक चौधरी गुर्जर, शरद शर्मा, हरेंद्र शर्मा, सचिन त्यागी, सुनील दर्शन, गजे सिंह, पुरोहित ऊंटवाल, रविकांत प्रधान, तरुण पाल, पवन अरोड़ा आदि उपस्थित रहे।

**शहीद हुए हिंदू परिवारों की स्मृति में श्रद्धासुमन अर्पित**

शिवसेना व महिला मोर्चा क्रांति सेना ने पहलगाम में शहीद हुए हिंदू परिवारों के स्मृति में श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। स्थानीय राष्ट्रीय कार्यालय पर कैंडिल जलाकर श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर राष्ट्रीय महासचिव संजीव शंकर ने कहा कि हिंदुस्तान में ही हिंदू सुरक्षित नहीं है। भाजपा सरकार निरंतर हिंदू को धोखे में रखते हुए जम्मू कश्मीर आतंकवाद रहित हो गया बताने का काम किया। श्रद्धांजलि देने वालों में जिलाध्यक्ष पूनम चौधरी, शरद कपूर, देवेंद्र चौहान, संजीव वर्मा, पूनम चाहल, मिथिलेश गिरी, अंजू त्यागी, कंचन बतला, राखी मित्तल, सविता गौतम, मधु तायल, शालू चौधरी, राजेंद्र तायल, अमित गुप्ता, उज्ज्वल पंडित आदि मौजूद रहे।

**वहीं पैगाम ए इंसानियत** ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटन स्थल में हुए आतंकवादी हमले की निन्दा करते हुए शहीदों को श्रृद्धांजलि अर्पित की। पैगाम-ए-इंसानियत के कार्यकर्ताओं ने आसिफ राही के साथ मिलकर एक कैंडल मार्च मिनाक्षी चौक तक पैदल चलकर दु:खी मन व नम आँखों के साथ हमलें में शहीद लोगों को श्रृद्धांजलि अर्पित की , वक्ताओं ने कहा कि इस आतंकी घटना का किसी भी धर्म से संबंध नहीं होता , जो लोग इस कायराना घटना को इस्लमा से जोड़ने की कोशिश कर रहे हैं वह इस्लाम की तालीम से अज्ञानी है , इस्लाम धर्म में किसी बे क़सूर इंसान का नाहक़ क़त्ल पूरी इंसानियत का क़त्ल है ,केन्द्र सरकार मांग की गई कि और एसी देश विरोधी क्रियाओं को नेस्तनाबूद कर और ऐसी घटनाओं की पुनावृत्ति रोकने हेतु हर सम्भव कदम उठायें।

इस कैंडल मार्च में हाजी आसिफ राही, जमीयत से मौलाना मूसा क़ासमी , मौलाना मुकर्रम , गौहर सिद्दीक़ी , इकराम कस्सार , हाजी क़मरुज़ज़्मां एडवोकेट , इस्लाम एडवोकेट , मुनव्वर एडवोकेट, दिलशाद पहलवान , मुफ़्ती अब्दुल क़ादिर , कलीम त्यागी , महबूब आलम एडवोकेट, मौहम्मद अली अलवी, फरीद पाशा , फैज़ान अंसारी , दिलशाद टेम्पू ,आजाद मौजूद रहे।

**शाह इस्लामिक लाईब्रेरी** लोहिया बाजार की ऐतिहासिक हौज वाली मस्जिद में स्थापित शाह इस्लामिक लाइब्रेरी में सर्व समाज व व्यापार मंडल के लोगों ने एकत्रित होकर पहलगाम में आतंकी हमले में शहीद लोगों को मोमबती जलाकर व दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी ने मांग रखी कि सरकार शहीदों के परिवारों को 1-1 करोड़ रुपयों से व गंभीर घायलों को 50-50 लाख व सामान्य घायलों को 25-25 लाख की मदद करें। इस मौके पर सपा नेता गौरव जैन ने कहा कि इस हमले में जिम्मेदारों को बख्शा नहीं जाना चाहिये। श्रद्धांजलि सभा में कारी मोहम्मद खालिद, बशीर कासमी, सतीश शर्मा, महबूब आलम अंसारी एड., मास्टर अख्तर खान, नसीम अंसारी, हरिमोहन मित्तल, बिजेंद्र गोयल, अश्वनी जैन, सिद्धांत जैन, सीमित जैन आदि मौजूद रहे।

**वहीं खतौली में** राजनीतिक दलों, सामा. जिक संगठनों और अधिवक्ताओं और आम नागरिकों ने इस हमले की कड़ी निंदा की है।तहसील अधिवक्ताओं ने मौन धारण कर मृतकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की और ईश्वर से घायलों के शीघ्र पूर्ण स्वस्थ होने की कामना की। अधिवक्ताओं ने कहां कि सभ्य दुनिया में आतंकवाद के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए और यह नृशंस कृत्य अस्वीकार्य है । महासचिव प्रदीप कुमार एडवोकेट ने अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि भारत कायरों को मुंहतोड़ जवाब देगा जो लोग भारत के उत्थान से डरते हैं, उन्हें हमेशा की तरह मुंह की खानी पड़ेगी । शोक सभा मेंवरिष्ठ अधिवक्ता जगदीश आर्य, जितेंद्र त्यागी, सत्यप्रकाश सैनी, दिमाग सिंह, नवाब सिंह, गंगा शरण, सचिन आर्य, अमित त्यागी, राजेश कुमार, मोहम्मद अरशद, आनंद उपाध्याय, मनोज त्यागी, शाकिर अहमद, रतन सिंह, सत सिंह, जगबीर सिंह, अभिषेक गोयल, पंकज गुप्ता, अंकित भारद्वाज, निकुंज कुमार, हरि. निवास, राजन राणा, आशीष राणा, अनुज जैन, प्रोनु कुमार, सुमित गुप्ता, सोनू कुमार, अरविंद सैनी, हरी ओम, रवि कुमार आदि उपस्थित रहे।

**उधर बुढ़ाना** जमीयत उलमा ए हिंद की कस्बा बुढ़ाना इकाई की ओर से जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा कर इस दुखद घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। जमीयत उलमा ए हिंद के जिलाध्यक्ष मौलाना मुकर्रम अली कासमी ने कहा कि आतंकवाद का न तो कोई मज़हब होता है और न ही उसका किसी धर्म से संबंध वो सिर्फ ओर सिर्फ आतंकी होता है। मौलाना मुकर्रम ने कहा कि इस्लाम हमेशा इंसा. नियत, अमन व भाईचारे का पैग़ाम देता है। ऐसे नृशंस हमला इस्लाम की मूल शिक्षाओं के विरुद्ध हैं और समाज में नफ़रत फैलाने की साज़िश है। मौलाना इमरान हुसैनपुरी व जमीयत उलमा ए हिंद मुजफ्फरनगर के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष एवं जिला मीडिया प्रभारी मौहम्मद आसिफ कुरैशी ने कहा कि यह हमला मानवता, देश की एकता, भाईचारे व शांति के मूल्यों पर एक भयावह हमला है। जिसकी जितनी निंदा की जाए कम है। इसके दोषियों को सख्त से सख्त सजा मिलनी चाहिए। नगर अध्यक्ष हाफिज मुहम्मद अल्लाह मेहर सिद्दीकी ने कहा कि आतंकवादियों द्वारा धर्म का नाम लेकर की जाने वाली हिंसा इस्लाम को बदनाम करने का प्रयास है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। जमीयत उलमा ए हिंद सरकार से मांग करती है कि इस हमले की उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषियों को जल्द कठघरे में लाया जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं ना हो सकें। इस कायराना आतंकी हमले की हाफिज राशिद क़ुरैशी, मुफ्ती वसीम, मौलाना आसिफ इस्लाही, कौशर अली राणा, हाजी शराफत अली, हाफिज तहसीन, मुफ्ती असरार, हाफिज शहजाद, मुफ्ती यामीन, मुफ्ती गुलफाम, मौलाना अब्दुल समद और हाफिज अब्दुल गफ्फार आदि ने कड़ी निंदा करते हुए दोषियों पर कडी से कडी कार्यवाही करने की मांग की। **उधर शाहपुर में** पुलवामा में आतंकवादी हमले में 28 निर्दोष लोगों की जान चली जाने पर आज भाजपा पूर्व विधायक उमेश मलिक के नेतृत्व में भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम पाल सिंघल भाई ने कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह घटना के तुरंत बाद कश्मीर पहुंच गए हैं वस्तु स्थिति से अवगत हो रहे हैं निश्चित रूप से ठोस कार्रवाई होगी। वरिष्ठ प्रमुख समाजसेवी उमेश मित्तल ने कहा कि कौन कहता है आतंकवादियों का मजहब नहीं होता जो आतंकवादी जात और धर्म पूछ कर निर्दोष लोगों को मार रहे हैं उनका मजहब और धर्म अब किसी से छुपा नहीं रहा। पूर्व चेयरमैन प्रमेश सैनी ने कहा कि इस समस्या का स्थाई समाधान करना होगा। शोकसभा में श्यामपाल सिंघल, पूर्व सभासद उमेश गोयल, युवा समाजसेवी सोनू बालियान, वरिष्ठ भाजपा नेता ;षभ बालियान, अंकित देशवाल, विनोद आरा मशीन वाले, मदन जैन, सचिन सगंल, वरिष्ठ पत्रकार डॉ. अनुज अग्रवाल, सतीश जैन, अनिल बंसल, देवेंद्र सिंघल, महेश मलिक, रविंद्र जैन, राहुल शर्मा, रेनू सिंघल, मुकेश गर्ग, अमन मित्तल, मणिकांत मित्तल, बालेश सिंघल, सुनील मित्तल और राधेश्याम नामदेव, रोहित शर्मा, प्रवेश गोयल, मनोज अग्रवाल, वासु प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

# कस्बे की एकमात्र हिंडन नदी बनी गंदा नाला

**( नसीम कुरैशी )**

**बुढ़ाना।** कस्बे की एकमात्र हिंडन नदी आज एक गंदा नाला बनकर रह गयी है। वजह नदी का साफ ना होना और फिर उसके उपर से कूड़ा कर्कट डाला जाना है। वैज्ञानिक कहते हैं कि पूरी पृथ्वी पर सबसे ज्यादा जल का ही भू-भाग है लेकिन हमारे पास स्वच्छ जल के बहुत ही कम स्रोत बचे हैं इसलिए पूरा विश्व जल सरंक्षण की बात कर रहा है। अपने देश की स्थिति की बात करें तो भारत में आज भी लोग दूर दराज के स्थानों से पेयजल आपूर्ति के लिए मशक्कत करते हैं लेकिन लाख दावों के बाद भी हमारी कई जीवनदायिनी नदियां दम तोड़ रही हैं। कस्बा बुढ़ाना की हिंडन नदी भी उन्हीं में से एक है जो कि कभी बुढ़ाना कस्बे व आसपास के गांवों और अन्य कस्बों के लिए वरदान हुआ करती थी लेकिन समय की मार बढ़ती आबादी और सरकार की उदासीनता के कारण हिंडन नदी अब केवल नाला बनकर ही रह गई है। अगर देखा जाए तो खासकर बुढ़ाना की हिंडन नदी के किनारे आज भी सैंकड़ों परिवार रहते हैं। यहां के निवासी गुलफाम कस्सार, इरशाद मसूदी, महताब मंसूरी, उम्रदराज मसूदी, अकरम, इमरान, चांद कस्सार, कलीम, सलीम और सरफराज कुरैशी बताते हैं कि इस नदी की कभी सफाई नहीं होती। लगभग चार साल पहले हुई थी तो कई लाख रुपये इस नदी की सफाई के नाम पर डकारे गये थे पर ये नदी नहीं बन सकी बस अब तो यह नाला बन चुकी है और प्रदूषण की वजह से बदबू इतनी आती है कि जीना भी मुश्किल हो गया है। गंदगी के कारण मच्छरों से भी हम सभी लोग परेशान रहते हैं। कई बीमारियों की चपेट में यहां के लोग हैं पर इस पर कोई भी जनप्रति. निधि ध्यान नहीं देता। हमने कई बार मांग भी की कि इस नदी की सफाई कराई जाए कम से कम जहां लोग रहते हैं वहां पर साफ सफाई होनी चाहिए लेकिन हमारी कोई सुनता ही नहीं। इतना ही नहीं जब भी बाढ़ आती है तो



हमारे घरों के भीतर गंदा पानी घुसने लगता है तब तो और ज्यादा समस्या होती है हालांकि इस बार उनके घरों में पानी नहीं आया। इसलिए अब तो उन्हें चेयरपर्सन उमा त्यागी से ही पूरी आस है कि वे इसका समस्या का निदान करेंगी और हिंडन नदी का खोया हुआ अस्तित्व जल्द लौटाएंगी?

## पानी की छींट गिरने से गुस्साए आरोपियों ने की ग्रामीण के साथ मारपीट

**मोरना।** पशुओं को नहला रहे मजदूर के साथ आरोपियों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। ककरोली थाना क्षेत्र गांव बेहड़ा सादात निवासी अमर सिंह ने बताया की बुधवार की दोपहर वह घर के सामने अपने पशुओं को नहला रहा था तभी वहां से गुजर रहे व्यक्तियों ने पानी की छीट गिरने पर उसे गाली-गलौज देनी शुरू कर दी विरोध करने पर आरोपी घर से लाठी डंडे लेकर आये और उसके साथ मारपीट कर घायल कर दिया। घायल को उपचार के लिए भोपा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर लाया गया। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## क्लीनिक पर सो रहे कम्पाउंडर के साथ मारपीट से हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** मोरना मे भोपा मार्ग पर क्लिनिक मे घुसकर अज्ञात बदमाशों ने कम्पाउंडर के साथ मारपीट शुरू कर दी शोर मचाने पर आये ग्रामीणों को देख बदमाश फरार हो गये। घटना के दौरान आस पास के दुकानदार इकठा हो गये ओर मारपीट की घटना पर रोष प्रकट करते हुए बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव ककराला निवासी तजलूम उर्फ गुढ्डू मोरना में पुलिस चौकी के पास राठी क्लिनिक पर कंपाउंडर के रूप में कार्य करता है।बुधवार की दोपहर गुढ्डू क्लीनिक के अंदर सो रहा था कि अचानक आधा का दर्जन बदमाश अंदर घुसाए और गुढ्डू के साथ लाठी डंडो व बेल्ट आदि से मारपीट शुरू कर दी। गुढ्डू की चीख पुकार सुनकर आस-पास के दुकानदार इकठा हो गये जिन्हे देख बदमाश बाईक पर बैठकर फरार हो गये। घायल गुढ्डू को उपचार के लिए भोपा साम. ुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर भेजा गया। घटना को लेकर सेंकड़ो व्यक्ति थाने पर इकठा हो गये ओर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। वहीं बदमाशों की पहचान को लेकर पुलिस सी सी टी वी फुटेज खंगाल रही है।

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि **चौ. चरण सिंह इण्टर कालेज गोयला,** मु.नगर की कृषि योग्य 17 बीघा भूमि को तीन वर्ष के लिए कृषि कार्य हेतु ठेके पर दी जानी है। दिनांक 25-04-2025 को विद्यालय प्रांगण में प्रात: 10 बजे ठेके पर देने हेतु नीलामी बोली जायेगी। बोली लगाने वाले निर्धारित दिनांक व समय पर विद्यालय में उपस्थित होकर बोली लगा सकते हैं। बोली लगाने वाले को बोली से पूर्व दस हजार रुपये जमानत राशि के रूप में जमा करने होंगे। नीलामी होने के बाद नीलामित व्यक्ति की जमानत राशि समायोजित कर ली जायेगी तथा बाकी की जमानत राशि वापस कर दी जायेगी।

**सूचना**

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र स0 4298/18/4/2012 में पुत्र का नाम अक्षय कुमार दर्ज है जबकि वास्तविक नाम अक्षय वर्मा है व मेरा सचिन दर्ज है, जबकि मेरा सही नाम सचिन वर्मा है व मेरी पत्नी का नाम शीतल दर्ज है जबकि सही नाम शीतल वर्मा है। भविष्य में हमे इन्ही नामों से जाना जाये। संशोधन हेतु शपथ पत्र विभाग में प्रस्तुत किया गया है।

**सचिन वर्मा पुत्र राकेश कुमार**
**1027/27 रामपुरी**
**मुजफ्फरनगर**

# डीएम ने प्रगतिशील किसान रमेश तंवर को किया सम्मानित

**मुजफ्फरनगर।** जनपद के विकासखण्ड खतौली के ग्राम-रतनपुरी निवासी कृषक रमेश तंवर पुत्र देवदत्त तंवर को जिलाधिकारी उमेश मिश्रा द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है।

रमेश तंवर द्वारा विगत 15 वर्षो से 08 एकड क्षेत्र पर प्राकृतिक खेती एंव वर्मी कम्पोस्ट के साथ-साथ गौ-पालन का कार्य किया जा रहा है। रमेश तंवर द्वारा प्रतिवर्ष 90 कु. गेहूँ (सोना- मोती), 20 कु. पूसा बासमती 1 एंव फलों की बागवानी (आड़ू, अमरूद, आम, चीकू, सेब, ड्रैगन फूट), का उत्पादन किया जा रहा है, जिससे इनको लगभग 08 लाख रूपये का प्रतिवर्ष लाभ प्राप्त होता है। रमेश तंवर द्वारा गाय की साहिवाल, राठी एंव हरियाणा नस्ल



की देसी गायों द्वारा दुग्ध उत्पादन भी किया जा रहा है। डीएम द्वारा रमेश तंवर का उत्साह वर्धन करते हुए सुझाव दिया कि वह अधिक से अधिक कृषकों को प्राकृतिक खेती करने हेतु जागरूक करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गजेंद्र कुमार एवं उप निदेशक कृषि संतोष कुमार मौजूद रहे।

# चौकी प्रभारी के व्यवहार के खिलाफ भाकियू तोमर की पंचायत

**मोरना।** जटवाडा चौकी पर तैनात दरोगा के रवैये को लेकर भाकियू तोमर मे रोष बढ़ता जा रहा है। टंढेडा मे बैठक कर संगठन ने थाने पर पंचायत करने की चेतावनी दी है। जिलाध्यक्ष निखिल चौधरी ने कहा कि ककरौली पुलिस का आमजन के प्रति रवैया ठीक नहीं है। जटवाड़ा चौकी पर चौकी प्रभारी चे. कंग के नाम पर किसानों को परेशान कर रहे हैं। जिले के कप्तान को ऐसे पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई करनी चाहिए। उच्च अधिकारी जटवाड़ा चौकी प्रभारी पर यदि कार्रवाई नहीं करते तो 26 अप्रैल से ककरौली थाने पर किसानों का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन होगा। क्षेत्र के किसान भयमुक्त समाज चाहते हैं। ककरौली थाना क्षेत्र के गांव टंढ़ेड़ा में बुधवार को भाकियू तोमर के युवा जिलाध्यक्ष सोनू के आवास पर हुई किसानों की बैठक में ककरौली पुलिस की खराब कार्यशैली व व्यवहार पर किसानों ने भारी नारा. जगी जताई। जिलाध्यक्ष निखिल चौधरी ने 26 अप्रैल को ककरौली थाने में प्रस्तावित धरने में किसानों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया। बीते सोमवार को भाकियू तोमर का सदस्य व गांव टंढ़ेड़ा निवासी नदीम जटवाड़ा चौकी के सामने से बाइक से जा रहा था। उस समय पुलिस चेकिंग कर रही थी। जटवाड़ा चौकी प्रभारी पर युवक ने उसके साथ अभद्रता करने व तमाचा मारने का आरोप लगाया था। पीड़ित ने उसके साथ अभद्रता करने की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करके भाकियू तोमर के उच्च पदाधिक. ारियों से चौकी प्रभारी की शिकायत की थी।

**सार्वजनिक सूचना**

मेरे पासपोर्ट में मेरे पिता का नाम JAMSED व मेरी माता का नाम JAMEELA गलत दर्ज है। जबकि मेरे पिता का सही नाम JAMSHED ALI व मेरी माता का नाम JAMILA है जो कि सही है।

**MOHAMMAD IMRAN**
**S/o JAMSHED ALI**
निवासी: 462 जहांगीर पट्टी
सुजड़ू, मुजफ्फरनगर।

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र तवरेज व पुत्रवधु गुलनाज व पत्नी अफसाना मेरे कहने सुनने में नहीं हैं। तवरेज मेरी पत्नी अफसाना के पूर्व पति का पुत्र है। मैं तवरेज, गुलनाज व अफसाना को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद करता हूं। इन लोगों के किसी भी कृत्य या लेन देन की मेरी जिम्मेदारी नहीं है।

**इस्लाम अहमद पुत्र रहमुदीन**
निवासी: नया न्याजुपुरा
शाहबुद्दीनपुर मुजफ्फरनगर।

# एसडीएस स्कूल में मनाया गया विश्व पृथ्वी दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** श्री दीवान सिंह पब्लिक स्कूल तितावी के प्रांगण में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने बैनर एवं मॉडल का प्रदर्शन किया छात्र-छात्राओं ने अधिक से अधिक पेड़ लगाने नदियों को दूषित न करने पॉलिथीन का प्रयोग न करने पेड़ों के कटान पर रोक पर्यावरण के प्रदूषण से बचने वाहनों का प्रयोग कम से काम करने इलेक्ट्रिक ऊर्जा सोलर ऊर्जा आदि का प्रयोग करने वन्य जीव जंत. ुओं का संरक्षण करने आदि विषयों पर मॉडल में चार्ट का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य विकास शर्मा एवं विद्यालय के अधिशासी समन्वयक प्रवीण कुमार पुंडीर जी ने बताया की सर्वप्रथम इंटरनेशनल अर्थ डे की शुरुआत 22 अप्रैल 1970 को अमेरिकी सीनेटर जेराल्ड नेल्सन ने की थी अब प्रतिवर्ष 22 अप्रैल को पूरे संसार में अर्थ डे मनाया जाता है



क्योंकि अगर पृथ्वी सुरक्षित है तो हम सुरक्षित हैं हमारा जीवन सुरक्षित है अगर हम पृथ्वी के पर्यावरण को शुद्ध रखते हैं तो जल भी शुद्ध रहेगा वायु भी शुद्ध रहेगी हमारी नदियां शुद्ध रहेगी मानव जाति एवं पशु पक्षी वन्य जीव भी सुरक्षित रहेंगे इस अवसर पर छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने पर्यावरण को शुद्ध रखने का संकल्प लिया की हम पृथ्वी को दूषित नहीं होने देंगे पॉलिथीन का प्रयोग नही करेंगे पानी की एक भी बूंद व्यर्थ नहीं बहाना वातावरण को प्रदूषित नहीं करेंगे कार्यक्रम को संपन्न कराने में समस्त शिक्षक व शिक्षिकाओं का योगदान रहा।

## कार्यालय जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर

**संख्या 43/नाजिर सदर-प्रदर्शनी** **दिनांक 23.04.2025**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

जिलाधिकारी महोदय के आदेश दिनांक 23.04.2025 के अनुपालन में सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रदर्शनी मैदान में प्रत्येक मंगलवार को लगने वाले मंगल पैंठ बाजार का ठेका वित्तीय वर्ष 2025-26 (01-04-2025 से 31-03-2026 तक) के लिये निर्धारित शर्तों के अधीन केवल ऑफलाईन टेन्डर प्रक्रिया दवारा गठित समिति के माध्यम से दिनांक 01.05.2025 को अपरान्ह 02 बजे कलेक्ट्रेट स्थित जिला पंचायत सभागार मुजफ्फरनगर में छोडा जाना है। टेन्डर डालने हेतु निर्धारित शर्तों के अनुसार राजस्व विभाग के सक्षम अधिकारी/जिलाधिकारी द्वारा जारी किए गये अंकन 50 लाख का हैसियत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र (शासनादेशानुसार हैसियत प्रमाण पत्र निर्धारित तीन वर्ष की अवधि तथा चरित्र प्रमाण पत्र निर्धारित दो वर्ष की अवधि से पूर्व का न हो) तथा पैन कार्ड, आधार कार्ड, जी.एस.टी. पंजीकरण प्रमाण पत्र, प्रस्तुत करना होगा। मंगल पैंठ बाजार ठेके के लिए मोहरबन्द टैण्डर आमंत्रित किये जाते है। इच्छुक ठेकेदार अपने टैन्डर 01.05.2025 को कलेक्ट्रेट स्थित सभाकक्ष में रखे सील्ड बक्से में दोपहर 01 बजे से 02 बजे अपरान्ह तक डाल सकते है। टैण्डर उसी दिन 02 बजे निविदादाताओं की उपस्थिति में जिला पंचायत सभागार में खोलें जायेगे। टेन्डर की जमानत धनराशि को केवल एफ.डी./ बैंक गांरटी अध्यक्ष डिस्ट्रिक्ट एग्जीबेशन कमेटी मुजफ्फरनगर के नाम pledged (गिरवी) करनी होगीं। टैन्डर की अन्य विस्तृत शर्ते डिस्ट्रिक्ट एग्जीबिशन कमेटी मुजफ्फरनगर कलेक्ट्रेट कार्यालय में देखी जा सकती है। टैन्डर सम्बंधी शर्ते एवं टैन्डर फार्म दिनांक 01.05.2025 दोपहर 12 बजे तक किसी भी कार्यालय दिवस/समय में कार्यालय डिस्ट्रिक्ट एग्जीबिशन कमेटी मुजफ्फरनगर/ कार्यालय जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर से टेन्डर फार्म मूल्य जमा कर प्राप्त किये जा सकते है। **टैण्डर का ठेका/बोली पूरे वित्तीय वर्ष 2025-26( 01.04.2025 से 31.03.2026 तक )के लिए बोली जायेगी। टैण्डर प्रक्रिया से वर्क आर्डर जारी होने तक जितने मंगल पैंठ बाजार नहीं लगेगे उनकी अनुपातिक धनराशि ठेके की धनराशि से कम कर दी जायेगी।** टैण्डर विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र. सं. | ठेके का नाम | जमानत धनराशि | टैन्डर फार्म का निर्धारित मूल्य |
|---|---|---|---|
| 1. | डिस्ट्रिक्ट एग्जीबिशन कमेटी प्रदर्शनी मैदान में प्रत्येक मंगलवार मंगल पैंठ बाजार का ठेका | दस लाख रूपये मात्र | 10,000/- + GST |

**( विकास कश्यप )**
**नगर मजिस्ट्रेट/प्रभारी अधिकारी**
**डिस्ट्रिक्ट एग्जीबिशन कमेटी**
**मुजफ्फरनगर।**

**सूचना**

हमारे पुत्र हिमांशु त्यागी ने हमारी सहमति के बिना किसी अज्ञात मुस्लिम लडकी से काफी समय से शादी कर रखी है। हिमांशु हमसे 5 वर्षो से अलग रह रहा है। हिमांशु व उसकी पत्नी झगडालु प्रवृत्ति के है। इसलिए हम इन दोनों से तंग व परेशान आकर अपने पुत्र हिमांशु त्यागी एवं पुत्रवधु से अपने समस्त विच्छेद कर अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करते है। उनके द्वारा किये गये कोई भी गैर कानूनी कार्य/कर्ज/लेनदेन या किसी के साथ मारपीट व झगडे के लिए हम व हमारे परिवाजन जिम्मेदार नहीं होंगे।

**रामपाल त्यागी पुत्र सोमदत्त त्यागी, श्रीमति कुन्ता त्यागी पत्नि रामपाल त्यागी निवासीगण मौहल्ला चौहटटा ,कस्बा व थाना चरथावल मुजफ्फरनगर**

**सूचना**

मेरे पुत्र गर्व मोर्य का जन्म प्रमाण पत्र बना हुआ है जिसका पंजीकरण संख्या- B20240990 0200009878 व पंजीकरण दिनांक 09.12.2024 है। उक्त जन्म प्रमाण पत्र में मेरे पुत्र का नाम गर्व व पिता का नाम मोहित व माता का नाम पूजा दर्ज है जोकि गलत है जबकि मेरे पुत्र का सही नाम गर्व मोर्य व पिता का सही नाम मेहित मोर्य व माता का सही नाम कु.पूजा है जो बिल्कुल सही है। भविष्य में मेरे पुत्र को गर्व मोर्य व पिता मोहित मार्य व माता कु. पूजा के नाम से ही जाना व पुकारा जाये।

**मोहित मोर्य पुत्र श्री सुखपाल निवासी 804, गली न.4, चौक मौहल्ला अम्बेडकर भवन के पास, ग्राम दतियाना तहसील व जिला-मुजफ्फरनगर**

# दबंग प्रधान की अब तक नहीं हुई गिरफ्तारी, पूछते हैं क्षेत्रवासी

## अनेकों बार भोले भाले व्यक्ति हो चुके हैं प्रधान की दबंगता का शिकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** थाना क्षेत्र के गांव दुधली निवासी प्रधान शोभित और अन्य के खिलाफ वीडियो वायरल के बाद थाना चरथावल मे मुकदमा दर्ज हुआ था स वायरल वीडियो से जहाँ प्रधान की दबँगता का शिकार हुए गांववासियो को इंसाफ की आस जगी थी और उनका मुकदमा दर्ज हुआ था स और मुकदमे दर्ज हो जाने के कई दिन बीतने के बाद भी जहाँ प्रधान और अन्य आरोपियों की अब तक गिरफ्तारी नही होने से तरह तरह की चर्चाए फेल रही हे वही प्रधान की दबँगता के जहाँ रोज रोज नए कारनामें सामने आते रहते हे और हालत यह हे की आम आदमी जहाँ शोभित और उसके गुट की दबँगता से आजीज आ चुके हे और अनेको बार क्षेत्रवासी प्रधान की दबँगता का शिकार हो चुके हे वही अनेको मामले ऐसे हे की जिनमे प्रधान द्वारा आम आदमी को अपनी दबँगता का शिकार बनाया जा चूका हे और आम आदमी ने अनेको बार गुहार लगाने के बाद भी कोई कार्यवाही नही हुई और डर के मारे अपनी पीड़ा को बयान करते हुए खून के आंसू पीना ही मुनासिब समझा और भाजपा राज मे भी जहाँ प्रधान की दबँगता से आम आदमी को अनेको बार इंसाफ नही मिला और गांव दुधली मे प्रधान की दबँगता का आलम यह हे की खुलेआम मारपीट करते हुए प्रधान का वीडियो वायरल हुआ और वीडियो के वायरल होने के बाद प्रधान पर कानूनी कार्यवाही हो पायी अनगिनत ऐसे मामले हे जोकि प्रधान की दबँगता का शिकार क्षेत्रवासी हुए हे स यह तो गनीमत रही की प्रधान की दबँगता का किसी ने वीडियो बना लिया वरना पीड़ितों का कहा इंसाफ मिलता अनगिनत ऐसे मामले हे जोकि प्रधान ने पीड़ितों को अपनी दबँगता का शिकार बनाया हे पुलिस ने भी जहाँ वीडियो के वायरल होने के बाद कानूनी कार्यवाही की जबकि यह घटना महीने पहले की हे अगर वीडियो वायरल न होती तो क्या पीड़ितों को इंसाफ मिल पता यह प्रश्न क्षेत्र मे पुरे जोरोशोरो से गूंज रहा हे की आखिर कार योगिराज मे भी क़ानून को हाथ मे लेने और दबँगता दिखाने की छूट दबँग लोगो को किसके इशारे पर मिल रही हे स कारण चाहे जो भी हो लेकिन प्रधान की दबँगता का शिकार अनेको क्षेत्रवासी हो चुके हे और क्षेत्रवासी ज़ब प्रधान शोभित के खिलाफ गंभीर धाराओं मे नामजद मुकदमा दर्ज होने के बाद भी क्या गिरफ्तारी होंगी यह सवाल बच्चे बच्चे की जुबान पर गूंज रहा हे स और क्षेत्रवासी दबँग प्रधान की गिरफ्तारी की मांग कर प्रधान शोभित के आतंक से निजात दिलाने की मांग कर रहा हे वही ज़ब सीओ सदर से जानकारी की गयी तो बताया की जल्द ही मामले मे गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

# गंगा घाट से जेसीबी से हटाई जा रही सिल्ट

■ दूर दराज क्षेत्रों से आने वाले श्रद्धालु बगैर स्नान कर लौटने लगे

**मोरना।** तीर्थ नगरी शुकतीर्थ में गंगा घाट से सिल्ट व मिटी को हटाने का काम शुरू हो गया है। जेसीबी से खुदाई कर घाट से सिल्ट व मिटी को बाहर निकाला जा रहा है, जिससे श्रद्धालु आराम से स्नान कर सके।

तीर्थनगरी शुकतीर्थ में गंगा का जल स्तर घटने से गंगा घाट पर गंदगी मिटी व सिल्ट से चारों ओर दुर्गन्ध फैल रही है। दूर दराज क्षेत्रों से आने वाले अनेक श्रद्धालु बगैर स्नान के लौटने लगे। सोमवार को साधु-संतो, पंडित व पुरोहितों ने घाट से सिल्ट हटवाने को प्रदर्शन किया तथा मंगलवार को बैठक कर आठ दिन में गंगा घाट से मिटी सिल्ट हटाकर जल का बहाव ठीक नही किए जाने पर नगरी में कराए जा रहे निर्माण कार्यो को बंद करा देने की चेतावनी दे डाली। जिसके बाद पहुंची मीरापुर विधायक मिथलेश पाल नगरी में पहुंची तथा साधु-संतों व पुरोहितों के साथ गंगा घाट का निरीक्षण कर एसडीएम जानसठ जयेंद्र सिंह को घाट के सामने से मिटी हटवाने के निर्देश दिए। बुधवार दोपहर को गंगा घाट से सिल्ट व मिटी को हटाने का काम शुरू हो गया है। जेसीबी से खुदाई कर घाट से सिल्ट व मिटी को बाहर निकाला जा रहा है, जिससे जल का बहाव होने से श्रद्धालु आराम से स्नान कर सके।

## 100 आपदा मित्रों की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू

**मुजफ्फरनगर।** राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा जनपद में 100 आपदा मित्रों को नियुक्त किये जाने की प्रक्रिया शुरू करते हुये इच्छुक अभ्यर्थियों से नियत फॉर्मेट पर आवेदन पत्र मांगे है। चयनित अभ्यर्थियों को आपदा के दौरान स्वयंसेवक के रूप में कार्य करना होगा जिसके लिये उन्हें कोई मानदेय प्रदान नहीं किया जायेगा। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गजेन्द्र कुमार ने बताया कि आवेदन पत्र का प्रारूप कन्ट्रोल रूम, कलेक्ट्रेट, मु0नगर से प्राप्त किया जा सकता है। इसके अलावा इसका प्रारूप सोशल मीडिया पर भी जारी किया गया है। इसके लिये 18 वर्ष से 40 वर्ष तक के महिला एवं पुरूष पात्र होगें। कक्षा 7 से ऊपर शिक्षा प्राप्त करने वाले आवेदकों को प्राथमिकता दी जायेगी। इसके लिये जनपद मु0नगर को मूल निवासी होना अनिवार्य है। पूर्ण रूप से स्वस्थ अभ्यर्थी मैडीकल प्रमाण पत्र के साथ आवेदन करने हेतु अर्ह होगें।

## गन्ना आयुक्त ने बताए गन्ना रोगों से बचाव के उपाय

**मीरापुर।** गन्ना आयुक्त लखनऊ द्वारा गठित टीम ने क्षेत्र की टिकोला शुगर मिल क्षेत्र के गांवों में पहुंचकर गन्ना फसल का निरीक्षण कर किसानों को गन्ने में आ रहे कीट व रोगों से बचाव के उपाय बताए। रामराज क्षेत्र की टिकोला शुगर मिल में पहुंची गन्ना आयुक्त लखनऊ द्वारा गठित टीम के अलावा गन्ना शोध परिषद मुजफ्फरनगर के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ जयप्रकाश सिंह, वरिष्ठ वैज्ञानिक सहायक डॉ अजय कुमार, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक ने पेड़ी गन्ने व शरदकालीन गन्ना बुआई के अंतर्गत बोई गई पौधा फसल में पायरिला तथा टॉप बोरर आदि कीट एवं रोगों से बचाव व प्रभारी नियंत्रण के उपायों से किसानों को अवगत कराने के उद्देश्य से टिकोला शुगर मिल क्षेत्र के गाँव कुतुबपुर, समाना, जलालपुर नीला आदि गांवों के जंगल मे पहुचकर यहा गन्ने की फसल का गहनता से निरीक्षण किया। इस दौरान टीम को क्षेत्र में पायरिला, टॉप-बोरर, स्मट आदि कीट एवम रोगों का प्रकोप सूक्ष्म मात्रा में पाया गया। तथा टीम ने किसानों को गन्ने के रोगों व कीट से बचाव के उपाय की जानकारी दी। इस दौरान मिल के अधिशासी अध्यक्ष हिमान्शु मंगलम, उपाध्यक्ष गन्ना एसपी सिंह, सहायक गन्ना प्रबन्धक अनुपम देओल, केन जीएम सुधीर गुप्ता व दिनेश अग्रहरी विभागाध्यक्ष गन्ना विकास आदि मौजूद रहे।

## इस वर्ष की सर्किल रेट की प्रस्तावित सूची में न्यूनतम बढोत्तरी कर संशोधित करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** बार एसोसिएशन बुढ़ाना के अध्यक्ष विनोद त्यागी व महासचिव ओमपाल सिंह ने डीएम को भेजे पत्र में बताया कि तहसील बुढ़ाना के लिये भूमि के सन् 2025 के लिये जो सर्किल रेट प्रस्तावित किये गये हैं उनमें बहुत ज्यादा वृद्धि दिखायी गई है।

जो 40 प्रतिशत से 100 प्रतिशत तक है जबकि बुढ़ाना तहसील में पहले से ही जिले की अन्य तहसीलों के मुकाबले सर्किल रेट बहुत ज्यादा हैं। जिससें बुढ़ाना तहसील क्षेत्र में सर्किल रेट का बढाया जाना न्याय संगत नहीं है यदि सर्किल रेट बढ़ाया भी जाता है तो अधिकतम 5 प्रतिशत की वृद्धि की जा सकती है। जो वृद्धि प्रस्तावित है। उसके अनुसार कृषकों की भूमि को बैनामा कराने में बहुत ही कठिनाई होगी तथा बैनामा कराना लगभग असम्भव हो जायेगा। जो सामान्य निर्देश दिये गये हैं उनमें भी पृष्ठ संख्या 50 पर कम संख्या 06 में मुख्य मार्ग के बराबर की सर्विस लेन पर स्टाम्प शुल्क प्राभर्यता दिखाई गई है। क्रम संख्या 26 में जो टड्बवैल, बोरिंग, पेड आदि के सम्बन्ध में बगैर कुर्रबन्दी की भूमि पर बगैर खरीदारी के भी मूल्यांकन जोडा जावेगा भी ज्यादा है। क्रम संख्या 28 लिंक मार्ग में एक आम से दूसरा ग्राम तो ठीक है परन्तु एक स्थान से दूसरे स्थान को जोडना न्याय संगत नहीं है। कम संख्या 29 कृषि भूमि की दशा में सडक से जुड़े खसरा नम्बर का मूल्यांकन सडक से लगे खसरा नम्बर के आधार पर होगा यह गलत है क्योंकि खसरा नम्बर की गहराई निश्चित होनी चाहिये। इसलिए वर्ष 2025 की सर्किल रेट की प्रस्तावित सूची में न्यूनतम बढोतरी करते हुए संशोधित किया जाए।

### जौला यूथ क्लब ने कैंडल मार्च निकालकर दी श्रदांजलि

**बुढ़ाना।** पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए लोगो के प्रति जौला यूथ क्लब ने श्रंद्धाजलि अर्पित की ओर कैंडल मार्च निकाला। यहां पर एडवोकेट मोहम्मद गुलरेज, रिज्जु राणा, अबूबकर राणा, राशिद राणा, शाहिद अली, जीशान अहमद, मुफ्ती आजाद, दिलशाद, अबरार अली, बबलू उर्फ सिकंदर, सोनू उर्फ़ आजाद आदि ग्रामीण मौजूद रहे तो वहीं बार एसोसिएशन बुढाना ने भी एक शोक सभा का आयोजन कर न्यायिक कार्यो से विरत रहने का निर्णय लिया। इस घटना को लेकर बार एसोसिएशन बुढाना की शोक सभा का आयोजन हुआ। शोक सभा में सभी अघधिवक्ताओं ने घटना की निंदा की। दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति की कामना की गई। सबकी सहमति से न्यायिक कार्यो से विरत रहने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर बार एसोसिएशन बुढ़ाना के अध्यक्ष विनोद त्यागी, महासचिव ओमपाल सिंह समेत सब अधिवक्ता मौजूद रहे।

# जानसठ में उठी आतंकियों के सफाए की मांग



**जानसठ।** गत दिवस कश्मीर में हुए आतंकवादी हमले को लेकर क्षेत्र की अग्रणी धार्मिक एवं सामाजिक संस्था श्री ज्ञानेश्वर सेवा दल ने विरोध जताया और राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन एसडीम को सौंपा। तथा आतंकियों के सफाए की मांग की है।

गत दिवस जम्मू कश्मीर में हुए आतंकी हमले का क्षेत्र की अग्रीण धार्मिक एवं सामाजिक संस्था श्री ज्ञानेश्वर सेवा दल ने घोर निंदा करते हुए संस्था ने एसडीम जयेंद्र सिंह को एक ज्ञापन सौंपा तथा ज्ञापन के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति महोदय से अपील की कि आतंकवादियों द्वारा की गई यह घटना भारत की सुरक्षा व्यवस्था एवं लोकतांत्रिक व्यवस्था और धर्मनिरपेक्षता को चुनौती है। आतंकवादियों का घाटी से त्वरित सैन्य कार्यवाही करते हुए सफाया किया जाए और कड़ी कार्रवाई की जाने की मांग की। संस्था के प्रबंधक दीपेश गुप्ता एडवोकेट ने कहा कि यह घटना निश्चित रूप से भारत माता के गौरव पर हमला है और आतंकवादियों के विरुद्ध ऐसी ऐतिहासिक कार्रवाई होनी चाहिए ताकि भविष्य में कोई आतंकी संगठन भारत माता की अस्मिता को छिन्न-भिन्न में ना कर सके। इस दौरान मुख्य रूप से संरक्षक प्रदीप गर्ग एडवोकेट, भूमि विकास बैंक चेयरमैन बृजेश रस्तोगी, पूर्व चेयरमैन परवेंद्र भड़ाना एडवोकेट,राजू भैया वाल्मीकि, प्रबंधक रेशू गोयल, रजनीश सैनी, सेंसरपाल चौधरी, गोपाल संगल, ओम प्रकाश शर्मा, संदीप प्रजापति एडवोकेट, निशांत कांबोज एडवोकेट, पूर्व सभासद गुढ्ढू चौधरी, कोषाध्यक्ष अखिल रस्तोगी, असलम अंसारी, परवेज जैदी, भारत गोयल एड. प्रमोद तेज़ियांन, एडवोकेटआरिफ शीश महली, प्रदीप राणा आर्यन कश्यप आदि उपस्थित रहे।

## 16 दिवसीय शांतिनाथ विधान का शुभारंभ

**मुजफ्फरनगर।** स्थानीय श्री दिगम्बर जैन मंदिर चौड़ी गली में बुधवार को सुजानमति माता एवं दयामति माता के सानिध्य में 16 दिवसीय श्री 1008 भगवान शान्तिनाथ विधान प्रारम्भ हुआ। सकल जैन समाज के लोग विधान से पूर्व श्री जी का अभिषेक व शान्तिधारा धार्मिक कार्यक्रम में शामिल रहे। श्री दिगंबर जैन मंदिर में आयोजित धार्मिक विधान कार्यक्रम में मंदिर के अध्यक्ष अमित जैन, नवीन जैन, भूषण जैन, अशोक कुमार, मनीश जैन, अभय जैन, मनीश जैन, राजीव जैन, अजय जैन, सागर जैन, तिर्थाला जैन, सरोज जैन, सुषमा जैन, डा. उर्मिला जैन, सुमन जैन आदि ने भाग लिया। विधानाचार्य मधुबन शास्त्री शामिल रहे।

## कार की चपेट में आकर युवक घायल

**बुढाना।** कार की चपेट में आकर बाइक पर सवार एक युवक घायल हो गया जबकि उसका साथी बाल बाल बच गया। घायल युवक को नजदीकी हस्पताल में भर्ती कराकर परिजनों को घटना की सूचना दे दी गयी है। मिली जानकारी के अनुसार बुढाना ब्लाक क्षेत्र के गांव डुंगर निवासीगण दीपक कुमार पुत्र मुकेश कुमार और रोहित कुमार पुत्र शुभम कुमार मेरठ जनपद में बाइक पर सवार होकर अपने घर से किसी काम से गये हुए थे। जब वे दोनों अपना काम करके अपने गांव लौट रहे थे तो जब दोनों बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव इटावा में मेरठ वाया करनाल हाईवे पर आए तो गांव इटावा के निकट एक अज्ञात कार की चपेट में आकर रोहित पुत्र शुभम निवासी डूंगर घायल हो गया जबकि उसका साथी दीपक बाल बाल बच गया। घायल रोहित को मौके पर पहुंची पुलिस ने बुढ़ाना सीएचसी में भर्ती कराया। जहां पर चिकित्सकों ने रोहित को गंभीर हालत मे मुज़फ्फरनगर के लिए रेफर कर दिया। घटना की सूचना परिजनों को दे दी गयी है। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक की तलाश शुरु कर दी है।

## संत निरकारी भवन में रक्तदान शिविर आज

**मुजफ्फरनगर।** विश्वबन्धुत्व एवं मानवता को समर्पित 'सन्त निरंकारी मिशन' की सामाजिक शाखा सन्त निरंकारी चैरिटेबल फाउण्डेशन के ब्रांच संयोजक हरीश कुमार एवं मीडिया सहायक सुशील कुमार अंश ने बताया कि सतगुरू माता सुदीक्षा जी महाराज की असीम कृपा से जनपद मुजफ्फरनगर में 45वें रक्तदान शिविर का आयोजन कल 24 अप्रैल 2025 दिन बृहस्पतिवार को प्रातः 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक रूड़की रोड स्थित स्थानीय सन्त निरंकारी सत्संग भवन में किया जाएगा, जिसमें राजकीय जिला चिकित्सालय से डॉक्टरों की टीम रक्त संग्रह करेगी।

## एसपी ने समस्त बैंकों को किया चेक

**बुढ़ाना।** कस्बे-क्षेत्र में कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने व यातायात व्यवस्था सुख्रढ़ रखने के लिए एसपी देहात ने बुढ़ाना कस्बे में फ्लैग मार्च कर लोगों को सुरक्षा का एहसास कराकर अपने अधिनस्थों को भी आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने फ्लैग मार्च बाद कस्बे में स्थित बैंको को चौक कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। क्षेत्र में कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने तथा यातायात व्यवस्था सुख्रढ़ रखने हेतु बुधवार को एसपी देहात आदित्य बसंल ने पुलिस बल संग कस्बे के बाजारों, मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों, भीडभाड वाले स्थानों पर फ्लैग मार्च किया।

उनके द्वारा अधीनस्थ अधिकारी व कर्मचारियों को क्षेत्र में सतर्क ख्रष्टि रखते हुए भ्रमणशील रहने, बाजारों में नियमित गस्त करने, संदिग्ध व्यक्ति वाहनों की चेकिंग करने, साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाडने की कोशिश करने वाले असामाजिक तत्वों पर कार्यवाही के लिए निर्देशित किया व बायवाला चौकी पर संदिग्ध लोग चौक किये। उन्होंने यहां व्यवसायिक प्रतिष्ठानों व सुरक्षा उपकरणों की स्थिति को चेक कर प्रबंधकों से भी कुशलता जानी। संदिग्धों से पूछताछ की। यहां पर सीओ गजेंद्र पाल सिंह, एसएसआई ललित शर्मा, गढ़ी चौकी इंचार्ज ललित कसाना और दारोगा राकेश यादव आदि पुलिस बल भी मौजूद था।

# लीवर को खराब होने से बचाना ही सबसे सर्वोत्तम उपचार: डा.वासुदेवन




**मुज़फ्फरनगर।** मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, नोएडा ने आज फ्लोरेंस मल्टीस्पेशलिटी गैस्ट्रो एंड लिवर हॉस्पिटल के साथ विशेष लिवर ट्रांसप्लांट एवं हेपैटो-पैन्क्रियाटो-बिलियरी सर्जरी ओपीडी सेवाओं की शुरुआत की। ओपीडी सेवा मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, नोएडा के लिवर ट्रांसप्लांट एंड सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग के डायरेक्टर डॉ. के. आर. वासुदेवन की उपस्थिति में शुरू की गई। डॉ. वासुदेवन हर महीने के चौथे मंगलवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे।

ओपीडी सेवा के शुभारंभ पर डॉ. के. आर. वासुदेवन ने कहा, हहमें यह सेवा मुज़फ्फरनगर में शुरू करते हुए बेहद प्रसन्नता हो रही है। लिवर ट्रांसप्लांट और एचपीबी सर्जरी से जुड़ी यह विशेष ओपीडी सेवा यह सुनिश्चित करेगी कि मरीजों को समय पर विशेषज्ञ देखभाल मिल सके और उन्हें परामर्श के लिए मेट्रो शहरों की बार-बार यात्रा करने की आवश्यकता न पड़े। हमारा उद्देश्य उन्नत इलाज विकल्पों को अधिक सुलभ बनाना है। हमारे पास एडवांस लैप्रोस्कोपिक सर्जरी, इम्यूनोथेरेपी, कीमोथेरेपी एवं रेडिएशन थेरेपी जैसी अत्याधुनिक तकनीकों से लैस सुविधाएं हैं, जो मरीजों को घर के पास ही उच्च स्तरीय इलाज प्रदान करती हैं।

उन्होंने आगे कहा, हहमारी ओपीडी सेवाएं संपूर्ण देखभाल प्रदान करने के लिए डिज़ाइन की गई हैं, जिसमें रोकथाम से लेकर जटिल सर्जरी तक सब कुछ एक ही छत के नीचे उपलब्ध है। हमारा लक्ष्य समुदाय के स्वास्थ्य और कल्याण में सकारात्मक बदलाव लाना है, और यह ओपीडी उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।मुज़फ्फरनगर के द्वारिकापुरी स्थित फ्लोरेंस मल्टीस्पेशलिटी गैस्ट्रो एंड लिवर हॉस्पिटल के गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट, मालिक एवं निदेशक डॉ. अजय तोमर ने कहा यह ओपीडी सेवा मैक्स हॉस्पिटल की उस प्रतिबद्धता का हिस्सा है, जिसके तहत वह अपनी पहुंच का विस्तार कर समाज के हर वर्ग तक उन्नत एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने का प्रयास कर रहा है।

# पहलगाम के मृतकों को भाजपाइयों ने दी श्रद्धांजलि

**मोरना।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों द्वारा किए गए हमले में 28 पर्यटकों की बर्बर हत्या से देश में आक्रोश और गुस्से का माहौल है। आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष लोगों के लिए श्रद्धांजलियों का दौर शुरू हो चुका है। भाजपा शुकतीर्थ मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल के नेतृत्व मे आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की। व जुलुस निकाल कर पाकिस्तान मुर्दाबाद आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे लगाये।

मोरना ब्लॉक् परिसर मे स्थित स्वतंत्रता सेनानी स्मारक पर श्रद्धांजलि सभा मे जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ,वीरपाल निर्वाल ने श्रद्धांजलि सभा में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार आतंकवाद के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है। इसलिए सभी को निश्चिंत रहना चाहिए कि पहलगाम आतंकी घटना का बदला अवश्य लिया जाएगा। और किसी भी आतंकी एवं आतंकवादी संगठन को बख्शा नहीं जाएगा। इस अवसर पर लोगों ने अपने ग़म और आक्रोश का प्रदर्शन भी किया और पाकिस्तान के विरुद्ध निर्णायक कार्यवाही की मांग करते हुए पैदल मार्च किया, श्रद्धांजलि सभा में मंडल अध्यक्ष अरुण पाल ,सांस्कृतिक प्रकोष्ठ जिला संयोजक रामकुमार शर्मा , मंडल अध्यक्ष भोपा संजय कोरी ,किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष ब्रजवीर सिंह, डॉ. वीरपाल सहरावत , जयकरण गुर्जर,वीरेंद्र चौहान , अनुज गोयल , पंकज माहेश्वरी ,महताब गुर्जर, अशोक चौहान ,योगेश कुमार युवा मोर्चा अध्यक्ष अमित गुर्जर ,कंवर पाल, अमित सालार, विपुल,आदि उपस्थित रहे।

# डा.आम्बेडकर जयंती पर हुई स्लोगन प्रतियोगिता



**मुजफ्फरनगर।** प्रधानाचार्य सोहन पाल सिंह के निर्देशन में स्वतंत्रता के अमृतकाल में भारतरत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम के अंतर्गत डॉ राजबल सैनी प्रवक्ता (कला) और जयप्रकाश सिंह (सहायक अध्यापक कला) के द्वारा विद्यालय में एक स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें छात्र ,छात्राओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया तथा स्लोगन बनाए।

इस प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में धानी और अंजली प्रथम स्थान पर रहीं ।अलविया और अंशिका द्वितीय स्थान , एवं सलोनी ,राधिका, प्रिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जैनब, पूजा ,राधिका, तनु को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ। बालक वर्ग में दिव्यांश गर्ग ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अक्ष व अमन द्वितीय स्थान पर रहे ।अभिषेक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अर्पित और अनमोल को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ।कार्यक्रम को सफल बनाने में मुजफ्फर अली, प्रेरणा शर्मा का विशेष योगदान रहा।

### मां शाकुम्भरी के दर्शन करने कई श्रद्धालु रवाना

**बुढ़ाना।** कस्बे के चांदनी वाला मंदिर से एक प्राइवेट बस आधा सैंकड़ा श्रदालुओ से भरकर कई धार्मिक स्थानों के लिए रवाना हुई। इस बस को हरी झंडी अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ईकाई बुढ़ाना रजिस्टर्ड के नगर अध्यक्ष संजीव कुमार संगल ने अपने कर कमलों द्वारा दिखाकर बस को गंतव्य के लिए रवाना किया। यह बस सिद्धबली हनुमान मन्दिर गढवाल मंडल हरिद्वार और माता शाकुम्भरी देवी माता के दर्शन के लिए रवाना की गयी। सभी ने वहां पर पहुंचकर पहले स्नान किया और फिर माथे पर तिलक लगाया और फिर पूजा अर्चना की। यहां प्रसाद में हनुमानजी को नारियल और लड्डू का भोग लगाया गया और फिर प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान अनुराग संगल, लाला सलेक चन्द, लाला राजकुमार, राहुल एडवोकेट, लाला नीरज और सोनू आदि आधा सैंकड़ा श्रदालु मौजूद रहे।

# सड़क से सदन तक जैन समाज के मुद्दों को उठाएंगे : हरेन्द्र मलिक



**मुजफ्फरनगर।** चहुंओर जैन धर्मावलंबियों पर अत्याचार की घटनाओं में अचानक बढ़ोतरी होने के विरुद्ध चार दिवसीय विरोध प्रदर्शन के तहत जैन समाज ने आक्रोश व्यक्त करते हुए एक मांग पत्र सांसद हरेंद्र मलिक को सौंपा। सांसद हरेंद्र मलिक ने जैन समाज को संबोधित करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी पूरी तरह जैन समाज के साथ है व सरकार इसी प्रकार अनदेखी करती रही तो समाज के अधिकारों की लड़ाई सड़क से सदन तक भी लड़ी जायेगी। जैन एकता मंच युवा शाखा के राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरव जैन ने कहा कि सरकार जैन समाज के साथ हो रहे अत्याचार व अन्याय के विरुद्ध कोई ठोस कदम नही उठा पा रही है व जैन समाज उपेक्षित महसूस कर रहा है। संबोधित करने वालो में प्रदीप जैन, नितिन जैन मोंटू, अश्वनी जैन, अखिलेश जैन, आशीष जैन रहे। ज्ञापन देने वालो में अश्वनी जैन, अनुज जैन, पुनीत जैन, सिद्धांत जैन, अखिलेश जैन, अशोक जैन, अश्वनी जैन, मुकेश जैन, अशोक जैन, स्वदेश जैन, अमित जैन मौजूद रहे।

## रोहाना मिल में गन्ना पेराई सत्र का हुआ समापन

**मुजफ्फरनगर।** इंडियन पोटाश लिमिटेड की इकाई रोहाना कलां में मंगलवार को गन्ना पेराई सत्र 2024-25 का समापन हो गया। शुगर मिल ने पेराई सत्र में कुल 40 लाख कुंतल से अधिक गन्ने की पेराई कर रिकार्ड कायम किया है। वर्तमान में शुगर मिल की रोजाना पेराई क्षमता 25 हजार कुंतल गन्ने की है। गन्ना पेराई सत्र के समापन पर इंडियन पोटाश लिमिटेड के प्रबन्ध निदेशक डा. पीएस गहलौत के निर्देशन में यूनिट हेड लोकेश कुमार, एचआर हेड आरके तिवारी, चीफ इंजीनियर रामवीर, गन्ना महाप्रबंधक अरविंद कुमार, एकाउंट हेड तरुण गौड़, पंकज बालियान आदि मौजूद रहे।

# किसान पर फावड़े से हमला, गंभीर रूप से घायल

■ खेत के बीच से निकलने पर हुआ था विवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिखेड़ा/जानसठ।** खेत के बीच निकलने को लेकर हुए विवाद में किसान के एक ही परिवार के तीन युवकों ने पड़ौसी किसान को फावड़ा मारकर घायल कर दिया। किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है।

गांव सिखेड़ा निवासी किसान प्रहलाद पुत्र अभयराम शाम के समय अपने खेतों में पानी चला रहा था। इसी दौरान पड़ोसी किसान के समुद्रसेन के पुत्र विक्की, विशाल, मोनू उसके खेत के बीच निकाल कर जाने लगे। जिसका किसान प्रहलाद ने विरोध किया। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। इन तीनों भाइयों ने फावड़े से किसान प्रहलाद को हमला करके घायल कर दिया। हमले में वह गंभीर घायल हो गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल किसान को जानसठ अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से चिकित्सकों ने उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है।

### 52 लोगों की आंखें बनवाने भेजा उत्तराखंड

**बुढ़ाना।** बुधवार के दिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना परिसर में संस्था मिशन ज्योति के अंतर्गत जनपद मुजफ्फरनगर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील तेवतिया के दिशा निर्देश में आंखों का एक निशुल्क कैंप लगाया गया। जिसमें 132 लोगों की आंखों की जांच की गई और 52 लोगों की आंख बनने के लिए उनको फी में एक प्राइवेट बस के द्वारा उत्तराखंड राज्य के लिए भेजा गया। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डाक्टर अर्जुन सिंह, नेत्र परीक्षण अधिकारी डाक्टर उमंग श्रीवास्तव वद्द अन्य कई स्वास्थ्यकर्मियों की मौजूदगी रही। इस तरह के कैंप सीएचसी में समय समय पर लगाए जाते हैं।

# घर-दुकानों को हाऊस टैक्स रजिस्टर में दर्ज करने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** यहां चल रहे हाउस टेक्स सर्वे में कस्बा बुढ़ाना की सब मकानों व दुकानों को हाउस टेक्स रजिस्टर में दर्ज करने की मांग को लेकर एहतेशाम सिद्दीकी एडवोकेट ने कई लोगों संग एसडीएम राज. कुमार भारती को ज्ञापन दिया। यहां शासन की मंशानुसार गृहकर सर्वे का कार्य चल रहा है।

कस्बे में सैंकड़ों मकान व दुकानें ऐसी हैं जिन पर नगर पंचायत द्वारा गृह कर अधिरोपित नहीं किया गया। ये मामला 15 वर्षो से चल रहा है। नगर पंचायत बुढ़ाना द्वारा कहीं बंजर भूमि बताकर तो कहीं राजनीतिक कारणों से सैकड़ों मकानों व दुकानों पर गृहकर नहीं लगाया गया। कई मामले ऐसे भी हैं जहां पर पहले तो गृहकर की रसीद काटी गई लेकिन बाद में रोक दी गई चूंकि हाउस टेक्स पूर्ण स्वामित्व का सुबूत नहीं है। ये टेक्स किरायदार पर भी लगता है परंतु नगर पंचायत बुढ़ाना काफी संख्या में स्वामियों के नाम भी हाउस टेक्स की रसीद वर्षो पूर्व से नहीं काट रही। ये मकान व दुकान मोहल्लों की घनी आबादियों में मौजूद हैं। हमारी ये लड़ाई सफल होने तक जारी रहेगी। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रुप से काशिफ एडवोकेट, अब्दुर्रहमान एडवोकेट, फारुक अली, साबिर अली, राकेश, काजी शकील, जीशान, सुभाष, विकास तोमर, जावेद राणा आदि कस्बेवासियों की मौजूदगी रही।

### पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ फूटा जनाक्रोश

**खतौली।** नगरवासियों और खतौली मीडिया संगठन से जुड़े लोगों ने सोमवार देर शाम आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता दिखाते हुए विशाल कैंडल मार्च निकाला और आतंकवादियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। विश्व हिंदू परिषद और शर्मा विश्व हिंदू संकीर्तन परिवार के बैनर तले आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। हिंदू संगठनों ने कहा कि अब समय आ गया है कि केंद्र सरकार आतंकवाद की कमर तोड़ने के लिए निर्णायक कदम उठाए। स्थानीय खतौली मीडिया से जुड़े मीडिया कर्मियों आशुतोष मिश्रा, विनीत शर्मा, आशीष सैनी, अरविंद सैनी, विशाल कौशिक, विजय शास्त्री, और मनोज जैन, प्रतीक जैन, आदि के साथ विश्वहिंदू परिषद से जुड़े डॉ चंद्र मोहन शर्मा, आतिश गुप्ता, प्रदीप कुमार, प्रदीप गुप्ता, चंद्रकांत सहगल, डीडी आर्य, हरीश जैन, मदन छाबड़ा, आदि लोग मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# पहलगाम में मारे गए लोगों को विभिन्न संगठनों ने दी श्रद्धांजलि

## आतंकवाद का फूंका गया पुतला, देश में हुई शांति की कामना










**शाह टाइम्स टीम**

**शामली।** शहर के बीएसएम स्कूल में पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बुधवार को स्कूल परिसर में इस शोकसभा मे प्रधानाचार्य राहुल चौधरी, मैनेजर छाया सिंह, चेयरमैन सूर्यवीर सिंह, उप प्रधानाचार्या आशु पंडित की मौजूदगी में आयोजित की गई। शोकसभा की शुरुआत 2 मिनट के मौन के साथ की गई। जिसके माध्यम से मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। कई छात्रों ने भावपूर्ण शब्दों के माध्यम से अपनी संवेदनाएं भी प्रकट की। प्रधानाचार्य राहुल चौधरी ने इस दुखद घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि यह अमानवीय और कायराना कृत्य है। जो लोग शांति और प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेने आए थे, उन्हें इस प्रकार की हिंसा का शिकार होना पड़ा। यह अत्यंत पीड़ा दायक है। ऐसी घटनाएं देश की एकता और अखंडता को चोट पहुंच. ाने की कोशिश हैं।

मैनेजर छाया सिंह और चौयरमेन सूर्यवीर सिंह ने भी अपने-अपने व्यक्तव्यों में मृतकों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की और कहा कि यह घटना मानवता पर हमला है। पर्यटक जो शांति और सौंदर्य की तलाश में गए थे उनके साथ में यह घटना अत्यंत निंदनीय है। उन्होंने अपने संबोधन में सभी से एकता और भाईचारा बनाए रखने की बात कही। उप प्रधानाचार्या आशु पंडित ने भी इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि देश को एकजुट होकर ऐसे आतंकी कृत्यों का सामना करना होगा। छात्रों ने मोमबत्तियां जलाकर मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की और आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता का संदेश दिया।

**शामली।** जिला बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने बार भवन में एक शोकसभा अध्यक्ष राजपाल सिंह पंवार एडवोकेट के नेतृत्व में हुई। जिसमें पहलगाम, जम्मू कश्मीर में आंतकवादियो द्वारा पर्यटको को धर्म पूछकर की गई नृशंस जघन्य हत्या की घोर निन्दा की गई। कठोर शब्दो में भर्त्सना की गई तथा मृतको की आत्मा की शान्ति के लिए दो मिनट का मौन धारण करके ईश्वर से प्रार्थना की गई। जिस कारण जिला बार एसोसिएशन के समस्त अधिवक्ता न्यायालय में न्यायिक कार्य करने से विरत रहे। इस अवसर पर जगत प्रसाद कौशिक, रामकुमार वर्मा, सन्नी निर्वाल, बिजेन्द्र सिंह, मुकेश गर्ग आदि मौजूद रहे।

**शामली।** व्यापार मंडल ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए 26 लोगों को श्रद्धांजलि देते हुए इस कायरता पूर्ण घटना की घोर निंदा की। उन्होने भारत सरकार से इन आतंकियों को सख्त से सख्त सख्त कार्यवाही की मांग की।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के सुभाष चौक स्थित प्रांतीय मुख्यालय पर प्रदेश अध्यक्ष घनश्यामदास गर्ग व अन्य व्यापारियों ने शोकसभा आयोजित कर गत 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में देश के विभिन्न कोनों से घूमने गए हिंदू पर्यटकों पर आतंकवादियों द्वारा आतंकी हमला कर 26 लोगों को मौत के घाट उतारने की घटना को कायरतापूर्ण बताते हुए इसकी घोर निन्दा की। भारत सरकार से मांग की कि इन पाकिस्तानी आतंकवादियों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई कर सबक सिखाया जाए। देश का एक-एक व्यापारी व नागरिक भारत सरकार के साथ है। प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग ने इस आतंकवादी घटना में मारे गए सभी हिंदू पर्यटकों के परिवार जनों के प्रति शोक संवेदनाएं व्यक्त करते हुए प्रभु से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्माओं को प्रभु अपने चरणों में स्थान दें। इस अवसर पर सूर्यवीर सिंह, नरेंद्र अग्रवाल, सुभाष चंद्र, रवि संगल, महेश धीमान, अनुज गोयल, ऋषभ जैन, वैभव गोयल, शिवांक गर्ग, पवन गोयल, राजेश सिंगल, राजेश जैन आदि उपस्थित रहे।

**शामली।** बुधवार को कांग्रेसियों ने कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी घटना की निंदा करते हुए केन्द्र सरकार से कठोर कार्यवाही की मांग की। उन्होने कहा कि नेशनल हेराल्ड मामला भाजपा द्वारा ध्यान भटकाने, बरगलाने और तथ्यों को तोड-मरोड़ने का एक प्रयास है।

बुधवार को उत्तर प्रदेश कांग्रेस के सदस्य ओमप्रकाश शर्मा के कैम्प कार्यालय पर प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए वैभव गर्ग ने कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस पार्टी का स्टैंड रखते हुए कहा कि नेशनल हेराल्ड मामला भाजपा द्वारा ध्यान भटकाने, बरगलाने और तथ्यों को तोड-मरोड़ने का एक प्रयास है। देश के सामने मौजूद महत्वपूर्ण मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाना। अपनी विफलताओं से ध्यान भटकाना। स्वतंत्रता संग्राम को तोड़-मरोड़ कर पेश करना और अपनी विरासत का अपमान करना है। हाल ही में हुए कांग्रेस पार्टी के ऐतिहासिक गुजरात अधिवेशन से बौखलाए मोदी-शाह की जोडी ने फिर से कांग्रेस पार्टी पर प्रवर्तन निदेशालय ॑ईडीॅ अपनी पसंदीदा आपराधिक वसूली मशीन को छोड़ दिया है। काग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी और विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दायर तथाकथित आरोपपत्र कुछ और नहीं बल्कि विशुद्ध राजनीतिक षडडंत्र है। गांधी परिवार का हर सदस्य चाहे वह राजनीति में हो या नहीं भाजपा द्वारा निशाना बनाया जा रहा है। ओमप्रकाश शर्मा ने कहा कि विडंबना यह है कि पहली बार मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप ऐसे मामले में लगाए जा रहे हैं, जिसमें एक भी पैसा या संपत्ति हस्तांतरित नहीं की गई है। बैलेंस शीट को कर्ज मुक्त बनाने के लिए कर्ज को इक्विटी में बदला जाता है। यह एक आम प्रथा है और पूरी तरह से कानूनी है। जब पैसा ही नहीं है तो लॉन्ड्रिंग कहां है। ए एक षडडंत्रकारी राजनीतिक ठगी है। मोदी सरकार ने ईडी को अपना इलेक्शन डिपार्मेंट बना लिया है और बेशर्मी से और बार- बार प्रतिशोध के लिए इसका दुरूपयोग कर रही है। इस अवसर पर वैभव गर्ग, बाबू खान, प्रवीण तरार, ठाकुर लाखन सिंह, रविन्द्र आर्य, शेखरपाल, सोहिल धीमान, पुनीत शर्मा, सुरेश पाल सैनी, सुरेन्द्र सरोहा, आदेश कश्यप, योगेश भारद्वाज, विकास शर्मा, विक्रम सिंह, अश्वनी शर्मा, सोमदेव तोमर, विजेन्द्र पाल वर्मा, अमित डिंपल शर्मा मौजूद रहे।

**शामली।** विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने जम्मू कश्मीर के पहनगाम में हुए आतंकी हमले की कडे शब्दों में निंदा करते हुए आतंकवाद का पुतला दहन किया है। देर शाम कैंडल मार्च निकालते हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों की आत्मा को शांति प्रदान किए जाने लिए प्रार्थना की गई। आतंकी घटना को लेकर लोगों में दिनभर रोष दिखाई दिया।

बुधवार को शहर के मौहल्ला काजीवाडा निवासी नागरिकों ने शहर के वीवी इंटर कालेज के बाहर जमकर नारेबाजी कर आतंकवाद का पुतला दहन किया। सभासद प्रतिनिधि सलमान अहमद के नेतृत्व में आतंकवाद और पाकिस्तान के खिलाफ जमकर नारेबाजीर की गई। उन्होने कहा कि गत 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में देश के विभिन्न कोनों से घूमने गए पर्यटकों पर आतंकवादियों द्वारा आतंकी हमला कर 26 लोगों को मौत के घाट उतारने की घटना को कायरतापूर्ण बताते हुए इसकी घोर निन्दा की। भारत सरकार से मांग की कि इन आतंकवादियों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई कर सबक सिखाया जाए। इस अवसर पर वसीम अली, फरमान, इरशाद, नौशाद, नदीम, महबूब, नफीस, ताहिर, उमरदराज, सलीम आदि मौजूद रहे। शहर बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने शहर के फव्वारा चौक पर आतंकवाद का पुतला दहन किया। इस अवसर पर विशाल निर्वाल ने आतंकियों के कायराना हमले की निंदा करते हुए केन्द्र सरकार से कठोर कदम उठाने की मांग की।

**गढ़ी पुख्ता।** पहलगाम के बैरसन इलाके में आतंकवादियों द्वारा 28 पर्यटको की हत्या और कई लोगों को घायल किए जाने की घटना के विरोध में कस्बे के महावीर चौक पर व्यापारियों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।

बुधवार को पश्चिम उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के जिला उपाध्यक्ष नीरज जैन के नेतृत्व में व्यापारियों ने 2 मिनट का मौन रखकर मृतकों को श्रद्धांजलि दी। नीरज जैन ने इस हमले को बेहद शर्मनाक और कायरतापूर्ण बताते हुए केंद्र सरकार से मांग की कि आतंकवादियों और उनके संरक्षक पाकिस्तान को उनकी ही भाषा में करारा जवाब दिया जाए।हमले का तरीका बेहद अमानवीय और भयावह था। केवल धर्म और नाम के आधार पर लोगों की पहचान कर उन्हें निशाना बनाया गया। यह दर्शाता है कि आतंकियों का मकसद सांप्रदायिक तनाव फैलाना और देश की एकता को चोट पहुंचाना है। प्रदर्शन में अशोक वर्मा, अमित गोयल, टेकचंद मित्तल, नरोत्तम गर्ग, अनिल गोयल, दीपक राय जैन, ललित संगल, मुस्तकीम सैयद, बाबा कमलनाथ, मोहित मित्तल, बबलू भटनागर, दिनेश अरोड़ा, विपुल जैन, फारूक अहमद, अनुज शर्मा, महिपाल कश्यप, बृजपाल सैनी, प्रदीप संगल, सरवन गोयल समेत कई व्यापारी शामिल हुए।

**गढ़ी पुख्ता।** सर्व हितकारी कन्या इंटर कॉलेज में भी पहलगाम हमले के विरोध में शोक सभा आयोजित की गई। कॉलेज की सैकड़ों छात्राओं ने दो मिनट का मौन रखकर मृतकों को श्रद्धांजलि दी और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

बुधवार को कॉलेज के प्रबंधक नरेश सैनी ने घटना की निंदा करते हुए कहा कि दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाना चाहिए। अध्यक्ष नीरज जैन ने इसे मानवता पर हमला बताते हुए सरकार से कड़ा एक्शन लेने की मांग की।इस अवसर पर संगीता सैनी, दीप्ति अरोड़ा, आशा शर्मा, सीमा रानी, अभिषेक अरोड़ा, धर्मपाल शर्मा, स्वाती, श्वेता, एकता सहित बड़ी संख्या में छात्राएं मौजूद रहीं।

**गढ़ीपुख्ता।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में पर्यटकों पर हुए कायराना आतंकी हमले को लेकर देशभर में रोष व्याप्त है। इसी कड़ी में बुधवार को गढ़ीपुख्ता कस्बे में भी जनाक्रोश फूटा। महावीर चौक पर सनातन हिंदू रक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष रण कुमार तोमर के नेतृत्व में कस्बेवासियों ने पाकिस्तान के विरुद्ध जोरदार प्रदर्शन किया और उसका पुतला दहन कर आक्रोश जताया। प्रदर्शनकारियों ने पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए और आतंकी घटना की कड़े शब्दों में निंदा की। तोमर ने कहा कि बार-बार निर्दोषों को निशाना बनाना पाकिस्तान की कायरता को दर्शाता है। उन्होंने केंद्र सरकार से सख्त कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन में नरोत्तम गर्ग, टेकचंद मित्तल, सरवन गोयल, नसीम अहमद, भारत कुमार, कृष्ण पाल चौधरी, राजीव कुमार, सन्नी उपाध्याय, नरेश सैनी, निसार शेख सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। स्थानीय लोगों ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के साथ सरकार से आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक कदम उठाने की अपील की।

# गोवंश के अवशेष बरामद, हंगामा




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के मौहल्ला काजीवाडा में एक मकान से हिन्दू संगठनों की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने गौवंश के कटे हुए अवशेष बरामद किए है। जिसको लेकर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा पुलिस के समक्ष गौकशी की बढती घटनाओं को लेकर जमकर हंगामा किया गया। यही नही गुस्साऐं बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने बरामद अवशेषों को दफनाए जाने के लिए ले जाते समय शहर के फव्वारा चौक पर रोक. कर जाम लगा दिया। जिससे पुलिस के हाथ पांव फूल गए। कडी कार्यवाही का आश्वासन देकर जाम खुलवाया गया। बजरंग दल ने चेता. वनी दी है कि यदि 24 घंटे में कार्यवाही नही की गई तो वह स्वयं सडकों पर उतरकर कार्यवाही करने को मजबूर होगे।

शहर में अचानक लगातार गौकशी की घटनाऐं बढने से हिन्दू संगठनों में रोष व्याप्त है। बुधवार को भी शहर के मौहल्ला काजीवाडा स्थित एक मकान में गौवंश काटे जाने की सूचना पाकर बजरंग दल के कार्यकर्ता विशाल निर्वाल मौके पर पहुंचे और कोतवाली पुलिस को भी मौके पर बुला लिया। पुलिस ने मौके से कटे हुए गौवंश के पैर, सिर, खाल आदि अवशेष बरामद किए। मौके पर पशु चिकित्सकों की टीम बुलाई गई। जिससे स्पष्ट हुआ कि गौवंशों का कटान किया गया है। इस दौरान कटान के उपकरण कुल्हाडी, छुरी आदि भी बरामद हुआ। बजरंग दल कार्यकर्ताओं द्वारा शहर में लगातार बढ रही गौवशी की घटनाओं को लेकर पुलिस पर शिथिलता बरते जाने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया गया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि तीन दिन पूर्व भी मौहल्ला पंसारियान में गौकशी की घटना सामने आई थी, लेकिन पुलिस ने अभी तक मुख्य आरोपी को गिरफ्तार नही है।

जिसको लेकर पुलिस के साथ तीखी नोंकझोक हुई। यही नही गुस्साऐं हिन्दू संगठनों के लोगों ने शहर के फव्वारा चौक पर उस समय जाम लगा दिया, जबकि अवशेषों को दफनाने के लिए ले जाया जा रहा था। उन्होने रेहडा रोकते हुए पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की, जिससे अफरा तफरी मच गई। बाद में पुलिस ने कडी कार्यवाही का आश्वा. सन देकर किसी प्रकार जाम खुलवाया। बजरंग कार्यकर्ताओं ने 24 घंटों में कडी कार्यवाही न करने पर सडकों पर उतरकर आन्दोलन की चेतावनी दी। फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच पडताल की है।

### दो मामले आ चुके सामने

पिछले एक सप्ताह में शहर कोतवाली क्षेत्र में गौकशी के दो मामले में प्रकाश में आए है। जिससे जहां हिन्दू संगठनों में रोष व्याप्त है वही पुलिस कार्यवाही पर सवालियां निशान उठ रहे है। पुलिस मुख्य आरा. ेपी को पकडने में नाकाम है। पुलिस द्वारा गौ तस्करों को पकडने जाने में बरती जा रही शिथिलता और पुलिस रवैए को लेकर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने एसपी से भी शिकायत की थी।

## सेना के पेंशन भोगियों के लिए लगा स्पर्श कैम्प

**शामली।** 1 मई 2025 को कार्यालय रक्षा लेखा नियंत्रक (सेना) मेरठ में रक्षा पेंशनर संपर्क कार्यक्रम मेरठ का स्पर्श का आयोजन रक्षा लेखा महानियंत्रक, रक्षा मंत्रालय के तत्वाधान में किया जा रहा है।

रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (पेंशन), प्रयागराज एवं रक्षा लेखा नियंत्रक (पेंशन संवितरण) की टीम द्वारा पेंशन संबंधित शिकायतों का समाधान किया जाएगा।

फोन द्वारा रजिस्ट्रेशन फार्म प्राप्त करने, जमा करने, इस कार्यक्रम हेतु टोकन नंबर प्राप्त करने एवं अन्य सहायता के लिए मोबाइल नंबर 8869817456 अथवा 8267817456 पर call/ whatsapp के माध्यम से संपर्क करें I SPARSH पेंशनभोगियों पारिवारिक पेंशनभोगियों (वीर नारियों) से प्रार्थना हैं कि वे टोकन प्राप्त कर दिनांक 1 मई 2025 को सभी आवश्यक दस्तावेजों सहित अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर पेंशन संबंधी सभी समस्याओं का निवारण करवाएं साथ ही डिजिटल जीवन प्रमाण सत्यापन, पीपीओ के साथ PAN एवं आधार लिंकिंग आदि सेवाओं का लाभ उठाए। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल अजय कुमार सिंह ने यह भी जानकारी दी कि जो पेंशन धारक इस कैम्प में शामिल होना चाहते हैं वे अपना विवरण जिला सैनिक कल्याण कार्यालय भैंसवाल रोड में दर्ज करा दें।



## लोक अदालत के परिप्रेक्ष्य में पदाधिकारियों के साथ बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशों के अनुपालन में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 10.5.2025 के आयोजन में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण सुनिश्चित कराने हेतु आज माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,शामली जी के विश्राम कक्ष में एक बैठक आहूत की गई, जिसकी अध्यक्षता माननीय जनपद न्यायाधीश विकास कुमार-I अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शामली द्वारा की गई, जिसमें, प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शामली प्रतिभा तथा विधिक माप विज्ञान (बाट माप) विभाग, विद्युत विभाग, कृषि विभाग, नगर पालिका परिषद कांधला, शामली, लोक निर्माण विभाग, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग तथा जिला सूचना विभाग के पदा. धिकारीगण उपस्थित रहें। आयोजित बैठक में माननीय जनपद न्यायाधीश द्वारा आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाए जाने के बारे में उपस्थित पदाधिकारियों के साथ विचार विमर्श किया गया तथा राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण अन्तिम रूप से कराकर राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाए जाने हेतु अपना योगदान प्रदान करने हेतु कहा गया।

## प्रसिद्ध कवि प्रदीप मायूस को राधे रत्न सम्मान मिला

**शामली।** नगर के प्रसिद्ध कवि प्रदीप मायूस को दिल्ली के अभिनव ग्लोबल स्कूल द्वारका के भव्य कार्यक्रम में राधे रत्न सम्मान से अलंकृत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा। प्रदीप भारद्वाज सीईओ सिग्मा कंपनी, सुप्रिटेंडेंट गंगा राम हॉस्पिटल, एवं बॉलीवुड एक्टर मुश्ताक खान, एसडीएम पश्चिम विहार दिल्ली, एवं भारतीय हॉकी टीम के उप कप्तान सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों के बीच शामली के प्रतिष्ठित शायर प्रदीप मायूस एवं गुरुग्राम के प्रसिद्ध कवि सुनील शर्मा हरियाणा गौरव को राधे रत्न सम्मान दिया गया। कार्यक्रम में पहले डिजास्टर यानि किसी भी आपदा से निपटने के लिए दिल्ली के 4 बड़े स्कूलों के बीच प्रशिक्षण के बाद कंपीटिशन कराया गया। उसके उपरांत बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम में गायन और नृत्य कार्यक्रम हुआ। कविसम्मेलन में प्रदीप मायूस एवं सुनील शर्मा हरियाणा गौरव का काव्यपाठ हुआ जिसको सभी ने खूब पसंद किया। सम्मान समारोह में प्रतिष्ठित व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। संचालन कवि मुकेश शर्मा ने किया।

**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र व पुत्रवधू मेरे कहने-सुनने में नहीं है और गलत संगत में बैठते हैं तथा हमारे साथ अभद्र व्यवहार करते हैं, इस कारण में अपने पुत्र अली अहमद व पुत्रवधू रूबी को अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में किसी भी प्रकार के लेन-देन व कुकृत्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरे परिवार से अब अली अहमद व पुत्रवधू रूबी का कोई वास्ता मतलब नहीं रहा।

**इरफान पुत्र अलमूदीन**
निवासी:-गांव खन्दरावली थाना कांधला जनपद शामली

# डीएम की मौजूदगी में गेहूं की क्रॉप कटिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत मौसम रबी 2024-25 क्रॉप कटिंग आज ग्राम बलवा तहसील व ब्लाक शामली में जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान के पर्यवेक्षण में कृषि एवं राजस्व विभाग की टीम द्वारा चयनित ख.स.-133 ,किसान मनव्वर हसन पुत्र जाबिर, निवासी ग्राम बलवा के खेत में गेहूं की क्रॉप कटिंग का प्रयोग किया गया। उक्त चयनित प्रयोगाधीन खेत का क्षेत्रफल 0.2730 हेक्टेयर में चयनित प्लांट 43.30 वर्ग मीटर भूमि में 19.580 Kg, गेहूं की उपज पाई गई। जिसके अनुसार 45.23 कुंतल प्रति हेक्टेयर गेहूं की औसत उपज पाई गई। गेहूं की क्रॉप कटिंग कराने में



उप जिलाधिकारी शामली विनय प्रताप सिंह भदौरिया, प्र.सहायक सांख्यिकी अधिकारी संजीव वर्मा, राजस्व निरीक्षक सुनील दत्त, लेखपाल मनोज कुमार, एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड जिला समन्वयक अभिषेक सिंह, तहसील समन्वयक राम मनोरथ आदि उपस्थित रहे। इस दौरान CCE agri app द्वारा सफलतापूर्वक संपादन कर पोर्टल पर अपलोड किया गया।

# चहेतों कर्मचारियों को नौकरी पर रखने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** स्वायत शासन कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारियों ने चेयरमैन पर साठगांठ के चलते अपने चेहते आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को रखने का आरोप लगाते हुए कार्यबहिष्कार कर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होने चेयरमैन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

स्वायत शासन कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारियों ने बुधवार को नगर पालिका में कार्य बहिष्कार कर धरना प्रदर्शन किया। धरने को संबोधित करते हुए अध्यक्ष अमित कुमार व प्रवीन कुमार ने कहा कि नगर पालि. का परिषद शामली में आउटसोर्सिंग मैन पॉवर आपर्ति कार्य के अन्तर्गत सफाई कर्मचारी रखे जाने के लिए विज्ञप्ति प्रकाशित कराई गई थी।



जिसके लिए आवेदन मांगे गए थे। जिसके अन्तर्गत कई गरीब परिवार असहाय व्यक्तियो ने इसके लिए आवेदन किया गया। जिनकी संख्या लगभग 136 फार्म प्राप्त हुए। जोकि हर प्रकार की सफाई का कार्य करने को तैयार है, लेकिन नगर पालिका के चौयरमेन अरविन्द संगल द्वारा अपनी सांठ-गांठ कर हठधर्मिता दिखाते हुए अपने चहेते व्यक्तियों को रखने का आरोप लगाया। जिसमें नगर पालिका चौयरमेन द्वारा तानाशाही दिखाई जा रही है। नगर पालिका परिषद शामली की दोनो यूनियन द्वारा लगातार 150 व्यक्तियो की मांग पिछले तीन वर्षों से की जा रही है।

कहा कि जो व्यक्ति रखे जाएं वह गरीब निराश्रित परिवार के ही व्यक्ति रखे जाएं। चेयरमैन द्वारा तानाशाही चलाने के सम्बन्ध में यूनियन द्वारा कर्मचारियो की मांग पर धरना प्रदर्शन किया जा रहा है कि बढ़ते क्षेत्रफल को .ष्टिगत रखते हुए 150 व्यक्ति शहर की सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए रखे जाएं। कहा कि दोनो यूनियन की मांग पर कोई विचार नही किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रवीन कुमार, अध्यक्ष अमित कुमार, महासचिव विनोद निर्वाल आदि मौजूद रहे।

**खोया-पाया/सूचना**

मेरी हाईस्कूल की मार्कशीट जिसका रोल नंबर:- 0603551 है, किसान इंटर कॉलेज थानाभवन जिला शामली से उत्तीर्ण है, वास्तव में कहीं खो गई है।

**मो० युसुफ पुत्र अब्बास**
निवासी:- ग्राम सोन्तारसूलपुर, परगना थानाभवन तहसील व जिला शामली

# जिला अस्पताल में फिजिशियन व जरूरी मशीनों की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** दिव्यांग मॉनिटर संगठन के पदाधिकारियों ने जिला अस्पताल में दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए फिजिशियन व जरूरी मशीने मंगाने की मांग को लेकर डिप्टी कलेक्टर हामिद हुसैन को ज्ञापन सौंपा।



बुधवार को दिए ज्ञापन में संगठन की मॉनिटर पायल कश्यप ने दिव्यांगजनों कि समस्याओ से अवगत कराया। बताया कि जनपद में सरकारी अस्पताल है। जिसमें प्रत्एक सोमवार को दिव्यांगजनों के दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाए जाते है, लेकिन अस्पताल में अधिकांश दिव्यांगजनों को मेरठ व नोएडा के लिए रेफर किया जाता। जिससे दिव्यांगजनों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

जहां एक ओर सरकार दिव्यांग. जनों के हितो के लिए अनेको योजनाए चला रही है वहीं दिव्यांग प्रमाण पत्र न होने के कारण दिव्यांगजन योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह जाते है। जब इस बाबत शामली दिव्यांग मॉनिटर संगठन के कार्यकर्त्ता सोमवार को अस्पताल में डॉक्टर से मिले तो डॉक्टर ने बताया कि अस्पताल में फिजिशयन, एमडी, मैडिसीन्स, न्यूरो सर्जन, नहीं है। इसके आलावा मांसपेशियों की जांच लिए मशीने भी नहीं है।

जिसके कारण हमें दिव्यांगजनों को अन्य जिलों में मजबूरन रेफर करना पड़ता है, वहीं सपन ठाकुर ने कहा कि वे पिछले सप्ताह भी दिव्यांग को लेकर जिलाधिकारी से मिले थे। उनके आश्वासन पर हम दिव्यांगों को लेकर जिला अस्पताल पर गए, लेकिन डाक्टरो ने पुनः मशीन ओर फिजिसीयन ना होने के कारण उन्हें मेरठ के लिए रेफर कर दिया। इस अवसर पर पायल कश्यप, राजीव कश्यप, आशीष वर्मा, सपन ठाकुर, बॉबी रोहित, भावना, अनुराधा, शालू, शमीम, सत्यप्रकाश, देवेंद्र, गौरव पाल, सोनू, निर्मला, राजेंद्र, निक्की, विजय, राजन, मोहन, डा। आरिफ हसन, दीपक कुमार, मनोज,सुशील, सुधीर, दीपक, गौरव, सुनील, राजकुमार, तेजपाल, सुंदर सोलंकी, शहजान, बालेश, सोनू, लविश, असलम, आदि मौजूद रहे।

# पलठेड़ी में बंदरों का आतंक चरम पर, ग्रामीण घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़ीपुख्ता।** ग्राम पलठेड़ी में बंदरों का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। आए दिन ग्रामीणों पर हो रहे बंदरों के हमलों से जहां आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है, वहीं प्रशासन की चुप्पी ने लोगों की चिंताओं को और गहरा कर दिया है। ताजा मामला बुधवार शाम का है जब गांव निवासी सूदा पुत्र मोहम्मद अचानक बंदरों का शिकार बन गया। बताया जा रहा है कि सूदा अपने घर की छत पर जा रहा था, तभी वहां पहले से मौजूद दो बंदरों ने उस पर हमला बोल दिया। बंदरों ने पंजों और दांतों से सूदा को कई स्थानों पर बुरी तरह घायल कर दिया। जान बचाने के



लिए जैसे ही सूदा ने नीचे उतरने की कोशिश की, उसका संतुलन बिगड़ गया और वह सीढ़ियों से गिर पड़ा। इस हादसे में उसे सिर, हाथ और पैर में गंभीर चोटें आई, वहीं एक पैर की हड्डी टूट गई। परिजनों ने उसे तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे गंगोह रेफर कर दिया गया। उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पूर्व भी गांव की कई महिलाएं और बच्चे बंदरों के हमलों का शिकार हो चुके हैं। ग्रामीणों ने बार-बार प्रशासन और वन विभाग से शिकायत की, लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन ही मिला, कार्रवाई शून्य रही। ग्रामीणों का आरोप है कि कोई अज्ञात व्यक्ति रात के अंधेरे में इन बंदरों को गांव में छोड़ जाता है, जिससे उनका आतंक बढ़ता जा रहा है। गांव में इस घटना के बाद दहशत का माहौल है। लोग घरों से निकलने में भी डरने लगे हैं।

## महिलाओं को साइबर अपराध की दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** बुधवार को कस्बे के राष्ट्रीय शिक्षा सदन इंटर कॉलेज में साइबर अपराध व महिला सशक्तिकरण के मीटिंग की गई जिसमें छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया तथा छात्राओं को महिला हेल्पलाइन नंबर 1090 1098 1076 1930 181 108 112 आदि नंबरों की जानकारी दी गई तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजना जैसे निराश्रित पेंशन योजना, कन्या विद्या धन, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना ,रानी लक्ष्मीबाई महिला सम्मान कोष कॉरेस्पोंडेंस सखी आदि योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया इसके साथ ही में बाजार बस स्टैंड स्कूलों के बाहर ऐंटी रोमियो अभियान चलाया गया।

# प्राइवेट अस्पतालों में इलाज के नाम पर मरीजों का उत्पीड़न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भाकियू चढूनी के पदाधिकारियों ने डीएम कार्यालय में ज्ञापन देकर प्राइवेट अस्पतालों द्वारा इलाज के नाम पर मरीज का शोषण करने का आरोप लगाया है। उन्होने प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम दिए ज्ञापन में कहा कि पूरे उत्तर प्रदेश के प्रत्एक मुख्यालय पर प्राइवेट हॉस्पिटलों द्वारा इलाज के नाम पर मरीज का जो शोषण किया जा रहा है। उसको रो. कने के लिए भाकियू चढूनी ने अभियान चलाया है। उसी संबंध में जिला गाजियाबाद से 21 अप्रैल को ज्ञापन देने का कार्यक्रम जिला गाजियाबाद से शुरू किया है और बुधवार को उत्तर प्रदेश के प्रत्एक जिला मुख्यालय से ज्ञापन दिए गए है।



उन्होने मांग की है। इन प्राइवेट हॉस्पिटलों पर इनकी मनमानी पर रोक लगाई जाए। केंद्र सरकार द्वारा और प्रदेश सरकार द्वारा आयुष्मान कार्ड की बहुत अच्छी योजना और स्कीम चलाई गई है लेकिन यह प्राइवेट हॉस्पिटल उस को पलीता लगाने का कार्य कर रहे हैं और ज्यादातर हॉस्पिटल आयुष्मान कार्ड पर इलाज नहीं कर रहे हैं। सभी प्राइवेट हॉस्पिटलों में आयुष्मान कार्ड को अनिवार्य रूप से लागू कर सभी गरीबों का इलाज किया जाना चाहिए जो प्राइवेट हॉस्पिटल आयुष्मान कार्ड से इलाज न करें।

उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड होने के बाद भी एक्स्ट्रा पैसे लेने की जो व्यवस्थाएं अस्पताल ने बना रखी है उसको समाप्त किया जाए। डॉक्टर की फीस व हॉस्पिटलों के अन्य सभी कार्यों की सरकार द्वारा एक सूची तैयार की जाए और सरकार के मानक अनुसार ही पैसे लिए जाएं हर हॉस्पिटल के बाहर इसकी एक सूची लगानी अनिवार्य हो और जो हॉस्पिटल उसका पालन न करें उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

## अवैध कॉलोनी पर चला प्रशासन का बुलडोजर

**झिंझाना।** झिंझाना में भी अवैध कालोनियों के मकड़जाल पर प्रशासन के बुलडोजर ने आखिरकार शिकंजा कस दिया है। जिससे कस्बे में चारों तरफ अवैध कालोनी काट रहे प्रॉपर्टी डीलरों में खलबली मची हुई है। शामली निवासी बृजेश की शिकायत पर डीएम शामली द्वारा दिए गए आदेश के अनुपालन में एसडीएम कैराना द्वारा कस्बे के ईदगाह रोड पर अवैध कॉलोनी पर कार्रवाई की गई है। बुधवार को तहसील कैराना की राजस्व विभाग की टीम में शामिल तहसीलदार अनुज चौहान, लेखपाल लवकेश, विनोद कुमार निरीक्षक तथा कानूनगो अकरम अली अन्य लोगों ने तीन जेसीबी के साथ झिंझाना के ईदगाह रोड पर करीब तीन वर्ष से काटी जा रही अवैध कॉलोनी की बुनियाद तथा रास्ते के खड़ंजे को उखाड़ दिया। राजस्व विभाग की अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई से कस्बे में चारों तरफ मकड़जाल की तरह फैली अवैध कालोनी काटने वाले लोगों में अफरा तफरी का माहौल है। इस संबंध में तहसीलदार अनुज चौहान कैराना ने बताया कि बृजेश कुमार शामली द्वारा डीएम शामली को प्रार्थना पत्र दिया गया था कि उसकी 18 बीघा भूमि खसरा नंबर 264 में शामली निवासी अमित कुमार ने अवैध रूप से कब्जा किया हुआ है तथा कालोनी काटी जा रही है, इसी संबंध में एसडीएम कैराना स्वप्निल यादव द्वारा आदेश के अनुपालन में राजस्व विभाग की टीम के साथ अवैध कॉलोनी के निर्माण का धवस्तीकरण किया जा रहा है। कार्रवाई के चलते मौके पर आए अमित कुमार ने बताया कि यह भूमि उन्होंने बृजेश कुमार से ही ली हुई है और बैनामा भी उसी ने जिनको हमने प्लॉट बेचे हैं कर रखे हैं। बिना कोई नोटिस दिए कार्रवाई की जा रही है जिसे हम कोर्ट में चुनौती देंगे।

## एक नजर

### एडीएम ने ली सैनिक बंधुओं की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में एडीएम न्यायिक परमानन्द झा की अध्यक्षता में जिला सैनिक बन्धु की बैठक आयोजित की गई। आयोजित बैठक में एडीएम न्यायिक ने भूतपूर्व सैनिकों की शिकायतों को सुनते हुए उनकी समस्त शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करने के निर्देश सम्बन्धित को दिए। बैठक में सैनिक बन्धु द्वारा मुख्य रूप में भूमि, शस्त्र लाइसेंस, पुलिस आदि संबंधी शिकायते बताई गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने भूतपूर्व सैनिकों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर नियमानुसार निस्तारण किया जाएगा। इस अवसर पर जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल अजय कुमार सिंह ने राज्य एवं केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के सम्बन्ध में जानकारी दी।



### सास, बहू ने लगाया पड़ोसियों पर मारपीट करने का आरोप

**कांधला।** थाना क्षेत्र की बिजली घर बस्ती निवासी एक महिला ने पड़ोस के आधा दर्जन से अधिक लोगों पर घर में घुसकर लाठी-डंडों से मारपीट कर पीड़िता सहित उसकी पुत्रवधू को घायल करने का आरोप लगाया है पीड़ित महिला ने आरोपियों के विरुद्ध थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है।थाना क्षेत्र की बिजली घर नई बस्ती निवासी महिला जरीफा ने बताया कि पड़ोस का ही समीम पीड़िता व उसके परिवार से रंजिश रखता है देर रात्रि वह अपनी पुत्रवधू शबाना के साथ घर पर बैठी हुई थी। आरोप है रंजिश के चलते आरोपी अपने आधा दर्जन से अधिक परिवार के लोगों के साथ पीड़ित के घर में घुस गया और लाठी-डंडों से हमला करते हुए उनके साथ जमकर मारपीट की शोर-शराबा होने पर आरोपी दोनों को घायल अवस्था में छोड़कर फरार हो गए। परिजनों ने मोहल्ले के लोगों की मदद से दोनों घायल महिलाओं को उपचार के लिए राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया। घायल सास,बहू ने अपना मेडिकल परीक्षण कराने के बाद आधा दर्जन लोगों के विरुद्ध थाने पर तहरीर दी है पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

### वाहन की टक्कर से ग्रामीण घायल

**कांधला।** बुधवार को थाना क्षेत्र के गांव से जसाला निवासी मनोज पुत्र रामकिशन अपनी बाइक पर सवार होकर किसी कार्य से कस्बे में आया हुआ था। ग्रामीण अपना कार्य समाप्त करने के बाद वापस अपने गांव लौट रहा था जैसे ही बाइक सवार थाना क्षेत्र के दिल्ली सहारनपुर नेशनल हाईवे स्थित द गोल्ड पब्लिक स्कूल के समीप पहुंचा तो अज्ञात वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया। अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से बाइक सवार ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया और सड़क किनारे खाई में जा गिरा। घायल की चीख-पुकार सुनकर राहगीरों ने हादसे की जानकारी 108 एंबुलेंस के कर्मचारियों को दी। मौके पर तुरंत पहुंचे 108 एंबुलेंस के कर्मचारियों ने घायल ग्रामीण को उपचार के लिए नगर के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया। मौके पर घायल ग्रामीण के परिजन भी आ गए। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

### नाबालिग पुत्री को ले जाने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** पड़ोस में किराए पर रह रहे हरियाणा निवासी युवक पर महिला ने अपनी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी। मंगलवार को कस्बा निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि पड़ोस में ही दीपक पुत्र रमेश निवासी गांव चीरी रोहतक हरियाणा किराए पर रहता था।जो उसकी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर ले गया है। महिला ने बेटी के साथ अनहोनी होने की आशंका जताते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### हज यात्रियों का टीकाकरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कस्बे के प्राचीन मदरसा इशातुल इस्लाम में हज यात्रियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं टीकाकरण शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर हज यात्रियों को प्रशिक्षण देकर उनका टीकाकरण किया गया। साथ ही, एंटी पोलियो डॉट्स भी पिलाई गई। बुधवार को जनपद हज कमेटी की ओर से की हज यात्रा पर जाने वाले यात्रियों के लिए कस्बे के पानीपत रोड पर स्थित प्राचीन मदरसा इशातुल इस्लाम में एक दिवसीय जिला स्तरीय कैंप का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ मुख्य चिकित्साधिकारी शामली अनिल कुमार, अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मैत्री रस्तोगी, सीएचसी प्रभारी डॉ। शैलेन्द्र चौरसिया व डीआईओ करण चौधरी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस दौरान मुख्य हज प्रशिक्षक हाजी हाशिम ने तमाम आजमीन-ए-हज को प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि हज यात्रा के दौरान हज यात्रियों को तमाम प्रकार की सावधानी बरतनी चाहिए। यात्री हज कमेटी की रेपर भी अपने साथ लेकर जाएं, जिससे उन्हें आगे चलकर किसी परेशानी का सामना न करना पड़ें। वहीं, स्वास्थ्य विभाग की टीम में शामिल डॉ. विकास बरनवाल, डॉ. नदीम, डॉ. विपिन, डॉ. हम्माद चौधरी, मोहम्म अली, स्टाफ नर्स बबीता, सविता, मीनाक्षी, नईमा, नरेश वर्मा, संजू तथा वार्ड ब्वाय रविंद्र द्वारा हज यात्रियों को टीकाकरण किया गया। टीम ने उन्हें एंटी पोलियो डॉट्स पिलाने के साथ ही हैल्थ कार्ड भी वितरित किए। मदरसे के मोहतमिम मौलाना बरकतुल्लाह अमीनी ने कहा कि बड़े खुशनसीब होते हैं वो लोग, जिन्हें अल्लाह अपने मुबारक घर में बुलाते हैं। उन्होंने कहा कि हाजियों को तमाम दुनियादारी को भुलाकर खुदा से लौ लगानी चाहिए। तस्लीम अहमद, हाजी अबरार अहमद शमशी, मास्टर समीउल्लाह खान, सूफी अनीस अहमद, डॉ. अजमतुल्लाह खान, पीरजी अनीस अहमद, मास्टर खुर्शीद, कारी साजिद, इंतजार अंसारी, अहतशामुल हक, हाजी खुर्शीद, हाजी रिजवान, नजम शमशी, अदनान खान, हम्माद खान, समीर सैफी, दानिश सैफी आदि का महत्वूपर्ण सहयोग रहा।



# पीएम विद्यालय बल्लामाजरा में लाखों के गबन का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** चौसाना क्षैत्र के गांव बल्लामाजरा के प्राथमिक विद्यालय का चयन पीए विद्यालय मे हुआ है। जहाँ पूर्व मे भी दो अध्यापको के मध्य निर्माण कार्य के दौरान गडबडझाले का मामला सामने आया था। अब एसएमसी समिति के अध्यक्ष ने गुणवत्ता व धन को बिना वजह बैंक खाते से निकालकर इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है। समिति के अध्यक्ष ने जिलाधिकारी को दिए गए प्रार्थनापत्र मे आरोप लगाया है कि 27 दिसम्बर 2024 को करीब छह लाख की निकासी ,विद्यालय मे टाईल्स लगवाने,पैंट कराने,पुटटी व बिजली फीटिंग के नाम पर निकाले गए। जिसको निक. ालने के लिए अध्यक्ष के हस्ताक्षर



कराए गए लेकिन पॉच महीने के बाद भी विद्यालय की हालात जस की तस है। अध्यक्ष ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर समिति को भंग करने,बैंक खाते को सीज कराने ,निर्माण कार्य मे अब तक हुए कार्य की मजिस्ट्रेट जांच कराने की मांग की है। समिति प्रभारी व डीसी की जांच हो सके और विद्यालय अच्छे से सम्पन्न बन सके। शिक्षा विभाग का पक्ष जानने को खंड शिक्षा अधिकारी ऊन से सम्पर्क किया तो उन्होने फोन नही उठाया।

**पत्नी का प्रभारी बनने से इंकार ,पति ने सम्भाली कमान**

आरोप है कि एसएमसी समिति का अध्यक्ष बलवा के प्राथमिक विद्यालय के सहायक अध्यापक मनीष कुमार है ,जिनकी पत्नी पीएम विद्यालय बल्लामाजरा मे प्रधानाध्यापक है। जिसमे प्रभारी बनने से इंकार किया तो पति का कमान सौंप दी गई । जिस पर समिति के अध्यक्ष ने विभाग की मंशा पर सवाल उठाए है। समिति के अध्यक्ष ने आरोप लगाया है कि बीते सोमवार की रात्रि मे बदमाशों ने विद्यालय के कैमरो को चोरी कर लिया और पुलिस को मामले की शिकायत तक नही की गई। आरोप है कि शिकायत करने पर डीवीआर हटाने का सवाल उठेगा।

## भूरा में बुजुर्ग की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, हत्या का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** बुधवार को क्षेत्र के गांव भूरा निवासी यासीन उर्फ सिन्ना (70) का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मकान के आंगन में पड़ा मिला। परिजनों ने मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी, जिस पर प्रशिक्षु सीओ जितेंद्र कुमार व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह पुलिस टीम के साथ में मौके पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने मृतक के परिवारजनों एवं आस-पड़ोस के लोगो से घटना की जानकारी हासिल की। पुलिस ने पंचायतनामें की प्रक्रिया पूर्ण करने के पश्चात मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले में मृतक के भतीजे मुबारिक ने गांव के ही एक व्यक्ति पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। आरोप है कि आरोपी व्यक्ति ने मृतक यासीन से करीब डेढ़ लाख रूपए उधार ले रखे थे। पैसों का तकाजा करने पर हत्या की घटना को अंजाम दिया गया है। मृतक यासीन अविवाहित था। उसने गांव के जंधेड़ी अड्डे के निकट अपने मकान में ही पशुओं के खल-चोकर की दुकान कर रखी थी। वहीं, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि गांव भूरा में एक बुजुर्ग व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई है। शव पर चोट आदि का कोई निशान नही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामले के सम्बंध में मृतक के भतीजे ने गांव के ही एक व्यक्ति पर हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। मुकदमा दर्ज करके मामले की गहनता से जांच की जाएगी।



# आतंकी हमले को लेकर देशभर में गुस्सा, पुतला दहन







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले ने पूरे देश को झकझोर दिया है। इस हमले के खिलाफ सोशल मीडिया से लेकर गांव-शहरों तक लोगों में जबरदस्त आक्रोश देखने को मिल रहा है। थानाभवन क्षेत्र में भी इस घटना को लेकर व्यापक गुस्सा देखने को मिला। नगर के मुख्य चौराहों पर लोगों ने आतंकवाद के खिलाफ आवाज बुलंद की। शाम के समय नगरवासियों ने आतंकवाद के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए पुतला दहन किया। सोशल मीडिया पर भी लोगों ने इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए आतंकियों से बदले की मांग की और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा ने हमले पर दुख जताते हुए कहा, हपहलगाम हमले में अपनों को खोने का दर्द पूरे देश ने महसूस किया है। यह दुख शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता।हकादरगढ़ ग्राम प्रधान प्रमोद राणा ने इस हमले को मजहबी आतंक करार देते हुए कहा, हहम सभी इस दुख की घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ हैं। अब समय आ गया है कि आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के लिए सख्त कदम उठाए जाएं। बुधवार शाम को हिंदू संगठनों ने नगर के बाजार चौक पर मौन रखकर और मोमबत्ती जलाकर मृतकों को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद एक विशाल जुलूस निकाला गया जो मुख्य बस स्टैंड तक पहुंचा। वहां आतंकवाद के प्रतीक पुतले का दहन कर विरोध दर्ज कराया गया।इस विरा. ेध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए, जिनमें भारत भूषण शर्मा, शालू राणा, मोहित तायल, राकेश कंबोज, राकेश ठाकुर, पूर्व चेयरमैन संजय शर्मा, संजय कश्यप, अमित मित्तल, हिमांशु, विजयपाल, रामभूल फौजी, पंकज गोयल, प्रदीप पुंडीर, मोहन शर्मा सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

**कांधला।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर धर्म पूछ कर आतंकी हमले से आमजन में गम और आक्रोष का माहौल बना हुआ है। आतंकी हमले के दौरान निर्दोष लोगों की मौत से नगर क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। बुधवार को नगर के जैन स्थानक पर सैकड़ो की संख्या में सभी समाज के लोगों ने पहलगाम हमले को लेकर कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। जैन स्थानक के समीप पहलगाम हमले में मारे गए सभी मृतको को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके बाद सैकड़ो की संख्या में लोगों ने नम आंखों से कैंडल मार्च निकाला। नगर एवं क्षेत्र के स्कूल, कॉलेजों में कैंडल मार्च निकालकर श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान आक्रोशित लोगों ने राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के नाम भेजे गए पत्र में पहलगाम के हमलावारों के विरुद्ध व्यापक स्तर पर कार्रवाई कर मृतको को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करने की मांग की। समाजसेवी नावेद जंग ने आक्रोश प्रकट करते हुए कहा कि जघन्य हत्याकांड के सभी दोषियों को फांसी की सजा दी जाए। मर्तकों के परिवार को एक-एक करोड रूपए की सहायता राशि एवं घायलों को 50 लाख का मुआवजा दिया जाए। पूर्व पालिका अध्यक्ष हाजी वाजिद हसन ने संवेदना प्रकट करते हुए दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। इस दौरान सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पहलगाम घटना को लेकर सभी ने अपना रोष प्रकट किया। इस दौरान नगर एवं क्षेत्र में पहलगाम घटना को लेकर कैंडल मार्च निकालते हुए श्रद्धांजलि दी गई।

**कैराना।** बुधवार को जनपद बार एसोसिएशन कैराना के अधिवक्ता संगठन अध्यक्ष रामकुमार वशिष्ठ एवं महासचिव राजकुमार चौहान के नेतृत्व में नारेबाजी करते हुए तहसील मुख्यालय पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को संबोधित एक ज्ञापन-पत्र एसडीएम कैराना स्वप्निल कुमार यादव को सौंपा। बताया कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने बेगुनाह एवं निहत्थे पर्यटकों की अंधाधुंध गोलियां बरसाकर निर्मम हत्या की है। पर्यटकों की हत्या से पहले उनका धर्म पूछा गया। इस कायरतापूर्ण हमले में भारतीय नागरिकों के अलावा विदेशी मूल के भी दो पर्यटकों की भी जान गई है। यह भारत की आत्मा पर किया गया हमला है, जिसकी जितनी निंदा की जाए उतनी कम है। घटना से पूरा देश स्तब्ध है। पत्र में कहा कि घटना का मुंहतोड़ जवाब दिया जाए ताकि भविष्य में देश के नागरिकों के साथ इस तरह की पैशाचिक घटना की पुन. रावृत्ति न हो। अधिवक्ताओं ने दु:ख की इस घड़ी में आतंकी हमले में जान गंवाने वाले मृत पर्यटकों के शोक संतृप्त परिजनों के साथ में कंधे से कंधा मिलाकर खड़े होने की बात कही है। इस अवसर पर खड़कसिंह चौहान, नरेंद्र गोयल, सालिम अली, मनीष कौशिक, नीरज चौहान, अनुज रावल, ओमपाल चौहान, नेत्रपाल चौहान, रिजवान अली, शक्ति सिंघल, शगुन मित्तल, अनुभव स्वामी, फराज सिद्दीकी, नदीम अहमद, राकेश प्रजापति आदि अधिवक्तागण मौजूद रहे।

**झिंझाना।** पहलगाम आतंकी हमले के मृतकों की आत्मा की शांति के लिए सींगरा में मेरठ करनाल नेशनल हाईवे पर यूवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के द्वारा प्रदेश महासचिव अशवनी शर्मा सींगरा एवं जिला महासचिव नासिर चौधरी के नेतृत्व में केंडल मार्च निकालकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बुधवार को पहलगाम में पर्यटकों की गोली मारकर की गई हत्या की घटना के बाद कांग्रेस द्वारा मृतकों की आत्मा की शांति के लिए मौन धारण किया गया। प्रदेश महासि. चव अशवनी शर्मा ने कहा कि पहलगांव में आतंकीयों द्वारा किया गया कृत्य घोर निंदनीय है। दुख की इस घड़ी में सम्पूर्ण भारत शोकाकुल परिवारों के साथ है। सरकार को चाहिए कि इस घटना को अंजाम देने वाले आतंकी संगठन के खिलाफ कठोर कार्यवाही कराने का काम करें। इस असहनीय दुख के समय में कांग्रेस पार्टी साथ खड़ी है। देश की सीमाओं की रक्षा करने के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। प्रदेश महासचिव अशवनी शर्मा,नासिर चौधरी, जुबैर चौधरी, रिजवान मंसूरी, रामानंद गिरि, सुफियान चौधरी,सावेज,आजम मंस. ूरी, नदीम दभेडी, नदीम मंसूरी,नदीम चौधरी, सोकीन मिर्जा, सोएब मिर्जा, वसीम मिर्जा, सुफियान चौधरी, नदीम ज्योति, पत्थर सलीम,अनस आदि मौजूद रहे।

## जिला टैक्स बार एसो. ने मनाया स्थापना दिवस

**शामली।** जिला टैक्स बार एसोसिएशन के स्थापना दिवस पर बुधवार को शहर के हनुमान रोड स्थित एक रेस्तरां में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी सदस्यों द्वारा केक काटकर एक दूसरे को शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर इंटरनेशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस लंदन की सदस्यता के प्रमाण पत्र सभी सदस्यों को दिए गए।

इंटरनेशनल कोर्ट आफ जस्टिस लंदन के यूथ चौप्टर ऑफ इंडिया के सेक्रेटरी अधिवक्ता अनिमेष मित्तल ने अधिवक्ताओं को संबोधित किया। इस मौके पर अध्यक्ष विकास शर्मा ने अपनी बार के संस्थापको को याद किया गया और अपनी बार एसोसिएशन की योग्यता को सभी के सम्मुख रखा। संरक्षक अनिल मित्तल द्वारा भी शुभकामनाएं दी गई। इस कार्यक्रम का कुशल संचालन मोहित गुप्ता एडवोकेट द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में पहलगाम जम्मू कश्मीर में हुई घटना का खंडन करते हुए इस घटना में दिवंगत सभी सैलानियों के लिए 2 मिनट का मोन धारण कर आत्मा की शांति की प्रार्थना की गई। मौके पर दिव्य मित्तल एडवोकेट, अनुज कुमार एडवोकेट आदि मौजूद रहे।



# इस्लाम किसी भी हालत में निर्दोष लोगों की जान लेने की इजाजत नहीं देता: उलेमा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले ने पूरे देश को झंकझौर कर रख दिया है। आतंकी हमले में हुई 26 लोगों की निर्मम हत्या से हिंदुस्तान में रहने वाला हर एक व्यक्ति सदमे में है। उलेमा ने आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि इस्लाम किसी भी दशा में निर्दोष लोगों की जान लेने की इजाजत नहीं देता है। यह एक आतंकी हमला है जिसका किसी भी धर्म से कोई संबंध नहीं है। पूर्व राज्यसभा सांसद एवं जमीयत उलेमा ए हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी ने कहा कि मैं जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़े शब्दों में निंदा करता हूं। निर्दोष पर्यटकों की नृशंस हत्या एक अमानवीय कृत्य है जिसे किसी धर्म से नहीं जोड़ा जा सकता। उन्होने कहा कि जो लोग इस














आतंकी घटना को इस्लाम से जोड़ने की कोशिश कर रहे हैं वह इस्लाम की सच्ची शिक्षाओं से अनभिज्ञ हैं। इस्लाम में किसी निर्दोष व्यक्ति की अकारण हत्या को समस्त मानवता की हत्या बताया गया है। उन्होने कहा कि वह सभी लोगों से हर स्थिति में शांति, भाईचारा और सहिष्णुता बनाए रखने की अपील करते हैं। ऐसी घटनाओं का उद्देश्य भय, घृणा और सांप्रदायिकता को बढ़ावा देना होता है, जिसे रोकने के लिए हमें एकजुट होना होगा। मजलिस इत्तेहाद-ए -मिल्लत के अध्यक्ष मुफ्ती तारिक कासमी ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमला सीधे इंसानियत पर हमला है। उन्होने कहा कि इस्लाम सलामती का नाम है, जो व्यक्ति इस्लाम का नाम लेकर आतंकी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं वह इस्लाम और इंसानियत के दुश्मन हैं। उन्होने कहा कि जिस तरह की खबरे आ रही हैं कि हमलावरों ने नाम पूछ-पूछ कर गोलियां बरसाई हैं उससे साबित होता है कि यह एक सोची समझी साजिश का हिस्सा है। नफरत के सौदागर देश में अमन चौन और आपसी भाईचारे को आग लगा देना चाहते हैं इसलिए हम सबको मिलकर इसका विरोध करना चाहिए। तंजीम अबनाए दारुल उलूम देवबंद के अध्यक्ष मुफती यादे इलाही कासमी ने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले की जितनी निंदा की जाए उतनी कम है। उन्होने कहा कि जहां इस आतंकी हमले में दर्जनों निर्दोश लोगों को अपनी जान गंवानी और उनके परिजनों पर गम का पहाड़ टूट पड़ा वहीं आम कश्मीरियों पर भी यह हमला बेहद भारी पड़ेगा। पर्यटन कश्मीरियों की मुख्य जीविका है और इस हमले के बाद कोई भी आम आदमी कश्मीर जाने से पहले कई बार सोचेगा। उन्होंने इस आतंकी हमले को बड़ी साजिश करार देते हुए इसकी सरकार से उच्च स्तरीय जांच कराये जाने की मांग की हैं। ऑल इंडिया उलेमा बोर्ड उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष कारी रहीमुद्दीन कासमी ने कहा कि यह आतंकी हमला सिर्फ जम्मू कश्मीर पर नहीं बल्कि पूरे देश पर हुआ है। हम दुख की इस घड़ी में मृतक परिवारों के साथ खड़े हैं। उन्होने कहा कि एक प्रमुख पर्यटक स्थल पर हुआ इतना बड़ा आतंकी हमला सरकारी चूक को भी दर्शाता है। आतंकी आए और खून की होली खेलकर वापस चले गये ऐसा कैसे हुआ सरकार को भी इसका जवाब देना होगा। आतंकी हमले को धर्म विशेष से जोड़कर देखने वालों को पर्यटकों को अपना महमान बताकर आतंकियों से भिड़ जाने वाले सैयद हुसैन शाह को भी याद रखना चाहिए। जमीयत दावतुल मुस्लिम के संरक्षक कारी इस्हाक गोरा ने कहा कि यह सिर्फ एक आतंकी हमला नहीं, बल्कि इंसानियत का कत्ल है। उन्होने कहा कि इस हमले का दुख शब्दों में बयान करना मुश्किल है। हम सरकार से मांग करते हैं कि इस नृशंस अपराध में शामिल दोषियों को फौरन कानून के दायरे में लाकर सख्त से सख्त सजा दी जाए। उन्होने कहा कि ऐसे हमले न सिर्फ मुल्क की अमन-पसंद तहरीकों को चोट पहुंचाते हैं, बल्कि मजहब और इंसानियत दोनों को बदनाम करने की साजिश होते हैं। उन्होंने सभी धर्मों के रहनुमाओं और अवाम से अपील की कि वे मिलकर नफरत और जुल्म के खिलाफ आवाज उठाए और मुल्क में मोहब्बत, भाईचारा और इंसाफ की फजा कायम रखें। ऑल इंडिया मिल्ली यूथ ऑर्गनाइजेशन (मिल्ली काउंसिल) के राष्ट्रीय संयोजक मौलाना डा. अब्दुल मालिक मुगीसी ने कहा कि जम्मू कश्मीर में हुए आतंकी हमले ने पूरे देश को गहरे दुख और सदमे में डाल दिया है। इस हमले में 26 सैलानियों की जान चली गई, जिनमें कुछ विदेशी नागरिक भी शामिल हैं। उन्होने कहा कि पहलगाम की वादी में बहा निर्दोषों का खून इंसानियत के जमीर को झकझोरता है। ऐसे कायराना हमले न सिर्फ शांति और कानून के दुश्मन हैं। जिसकी कड़े शब्दो में निंदा करनी चाहिए हैं।

## कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले की कड़े शब्दो में की निंदा

**देवबन्द।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमला पूरी इंसानियत पर हमला हैं इसकी जितनी भी निंदा कि जाए वह कम हैं। जमीयत उलेमा ए हिंद के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने जम्मू कश्मीर के मुख्य पर्यटक स्थलों में शुमार पहलगाम के बैसरन मैदानी क्षेत्र में मंगलवार की दोपहर आतंकियों द्वारा गोलियां बरसाकर मासूम लोगों को मौत के घाट उतार दिए जाने की घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि वह इस कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करते हैं। साथ ही मरने वालों के परिवारों के दुख में बराबर के शरीक हैं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। उन्होनें कहा कि कश्मीर में अत्यधिक निगरानी के बावजूद आतंकवादियों द्वारा घटना को आंजम देकर भाग निकल जाना आश्चर्यजनक है।



प्रशासन की विफलता के कारण शांतिव्यवस्था को आग लगाने वाली ताकतें अपने नापाक इरादों में सफल हो गयी हैं। उन्होने कहा कि विशेष रूप से धर्म के आधार पर अपराधिक कार्यवाई देश के लिए और देश की शांति व्यवस्था के लिए बर्बादी का कारण है। उन्होनें कहा कि आतंकी हमले के बाद आम कश्मीरियों ने जिस तरह आतंकवाद के खिलाफ आवाज उठाई है वह सिद्ध करती है कि कश्मीर का आम मुसलमान शांति व्यवस्था को बढ़ावा देना चाहता है। उन्हें उम्मीद है कि शांति व्यवस्था स्थापित रखने में सरकार को कश्मीरियों का पूरा सहयोग मिलेगा

**देवबन्द।** संत नगर में आयोजित हुई संस्कार भारती संस्था की बैठक में पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। विभाग संयोजक डा. लोकेश वत्स ने कहा कि पहलगाम हमला कायराना है। यह भारतीय सामाजिक एकता को तोडने का प्रयास है। जिलाध्यक्ष मुकुल गुप्ता ने सरकार से मांग की कि वह आतंकियों और उसको बढ़ावा देने वाले देशों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करें। ठा. वीरेंद्र प्रताप सिंह ने भी हमले की निंदा की। इस अवसर पर महासचिव स्तुति शर्मा, नरेंद्र कुमार, चारु शर्मा, वैभव प्रताप सिंह व सुरेश चंद शर्मा आदि रहे।

## दो मिनट का मौन धारण कर दी श्रद्धांजलि

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में जान गवाने वाले लोगों को दो मिनट का मोन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

हाईवे स्थित खंड विकास कार्यालय सभागार में ब्लॉक प्रमुख पति विजय त्यागी, प्रधान संगठन के अध्यक्ष अर्जुन प्रधान व अन्य लोगो ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में जान गवाने वाले लोगों को श्रृद्धांजलि अर्पित की ब्लॉक प्रमुख पति ने कहा कि पहलगाम गांव में 26 व्यक्तियों की आतंकवादियों ने बैखोफ हत्या की है उन्हीं के लिए यहां पर श्रद्धांजलि और 2 मिनट का मौन धारण किया गया है उन्होंने कहा जो लोग चुनाव के दौरान बड़ -बड़ी बातें करते हैं और भाषण देते आज इन छब्बीस आदमियो की हत्या पर वह लोग मौन क्यों हैं।



## बच्चों ने मृतकों की आत्मा की शांति के लिए की प्रार्थना

**देवबन्द।** जम्मु कश्मीर के पहलगांव में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले के विरोध में सर्वोदय ज्ञान पब्लिक स्कूल में बच्चों ने कैंडल मार्च के माध्यम से मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस दौरान प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी से मांग की गई कि कायर आतंकवादियों को उनके अंजाम तक पहुंचाया जाए। सर्वोदय ज्ञान पब्लिक स्कूल में बच्चों ने आतंकी हमले के विरोध में स्कूल प्रांगण में कैंडल मार्च किया। इस दौरान बच्चों और अध्यापकों ने हमले में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजली दी। प्रधानाचार्य रुपेश कुमार सैनी ने कहा कि आतंकवाद भारत की ही नहीं विश्व के लिए विकट समस्या है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं है लेकिन कुछ लोग अपने स्वार्थ के लिए निहत्थे एवं असाहय लोगों को मार रहे हैं। रुपेश सैनी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से जल्द से जल्द आतंकवादियों को उनके आखरी अंजाम तक पहुंचाने की मांग की। इस दौरान अनिता सैनी, शिवकुमार सैनी, वंदना, ध्रुव, सुनिता चौधरी, राजी शर्मा और देवेंद्र कुमार सहित समस्त स्कूल स्टॉफ मौजूद रहा।



**देवबन्द।** साप्ताहिक पैंठ बुध बाजार में दुकान लगाने वालों ने एसडीएम को दिया ज्ञापन छाया: शाह टाइम्स

## साप्ताहिक पैंठ बुध बाजार में नहीं लगी दुकाने

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** श्री बालाजी धाम मंदिर के बाहर मैदान में बच्चों के खेलने को लेकर हुई मारपीट की घटना से पैदा हुए सांप्रदायिक तनाव का खामियाजा साप्ताहिक पैंठ बुध बाजार में दुकाने लगाने वाले सैकड़ों लोगों को भुगतना पड़ा। पूर्व घोषणा के अनुसार उक्त स्थान पर मंदिर समिति द्वारा सुंदरकांड का पाठ किया गया। जिसके चलते पैंठ में दुकानें लगाने के लिए आए सैकड़ों लोगों को वापस लौटना पड़ा। इस संबंध में दुकानदारों ने एसडीएम को ज्ञापन भी दिया है। गत 19 अप्रैल की रात मंदिर परिसर में खेल रहे समुदाय विशेष के बच्चों की मंदिर से लौट रहे दो किशोरों से कहासुनी के बाद मारपीट हो गई थी। इसमें एक हिंदू किशोर घायल हो गया था। घटना को लेकर सांप्रदायिक तनाव हो गया था। हिंदू संगठनों समेत मंदिर समिति ने हंगामा किया था। मामले में पुलिस ने तीन युवकों को जेल भेजा था। घटना से आक्रोशित मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने बैठक कर मंदिरपरिसर में पैठ नहीं लगने देने और मंदिर के बाहर सुंदरकांड पाठ करने का निर्णय लिया था। बुधवार को पूर्व घोषणा के मुताबिक मंदिर समिति के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने मंदिर परिसर में सुंदरकांड पाठ किया। इस दौरान व्यापक पुलिस बल तैनात रहा। मंदिर समिति के अध्यक्ष राजकिशोर गुप्ता ने कहा कि बुधवार को लगने वाले साप्ताहिक बाजार के कारण मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी होती है। प्रशासन को साप्ताहिक बाजार को नगर में किसी अन्यत्र स्थान पर लगवाना चाहिए। वहीं, बुधवार को अपना सामान बेचने के लिए आए सैकड़ों दुकानदार विरोध के चलते अपनी दुकानें नहीं लगा पाए।

दुकानदारों ने इस मामले में सभासद सैयद हारिस व पूर्व सभासद तौफीक अहमद जग्गी के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी कार्यालय पहुंच एसडीएम युवराज सिंह को ज्ञापन भी सौंपा। ज्ञापन में कहा कि पिछले सात आठ उक्त स्थान पर साप्ताहिक बाजार लगता है। जिसमें गरीब लोग दुकानें लगाकर अपने परिवार का पालन पोषण करते हैं। ऐसे में उन्हें उक्त स्थान पर बाजार लगाने की अनुमति दी जाए। ज्ञापन देने वालों में मोहम्मद वाजिद, मोहम्मद नदीम, मनोज, रमेश, शहजाद, सादिक, रहमान, रामबीर, गौरव व अजय आदि मौजूद रहे।



## अफजलगढ़ में दो पुलिसकर्मियों पर गंभीर आरोप

**अफजलगढ़।** कस्बे में तैनात दो चर्चित पुलिसकर्मी नगर की जनता का उत्पीड़न कर रहे हैं। लकड़ी व खनन माफियाओं से अवैध वसूली करते हैं न देने पर जेल भेजने की धमकी देते हैं। रिपोर्ट दर्ज करने के नाम पर भारी भरकम धन की मांग करते हैं तथा पीड़ित पक्ष पर दबाव बनाकर समाधान करने के नाम पर मोटी रकम वसूलते हैं। दोनों पुलिस कर्मियों ने रिश्तेदार से विवाद के चलते नगर के एक पत्रकार को धमकाते हुए अभद्र व्यवहार किया, जिसको लेकर मीडिया कर्मियों में जबरदस्त आक्रोश है। नगर के पत्रकारों का एक प्रतिनिधिमंडल एसपी पूर्वी से मिला एसपी पूर्वी ने पुलिस क्षेत्राधिकार को जांच शॉप पर दोनों पुलिस कर्मियों का विरुद्ध कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के पत्रकार अमानत हुसैन के भाई सलामत हुसैन पुत्र लियाकत अली का पैसों को लेकर विवाद उसके भाई वर्तमान में सभासद डॉ. शाहिद हुसैन से चल रहा है। सभासद द्वारा पैसे के विवाद और प्लाट खाली कराने को लेकर एक तहरीर स्थानीय थाने में तैनात दो पुलिस कर्मियों हेड कांस्टेबल कलीम अहमद और रजनीश उर्फ फौजी को दी थी जो कि सभासद के एक मकान के किराएदार बताए जाते हैं। पत्रकार के भाई शराफत हुसैन ने पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा को दी तहरीर में बताया कि दोनों पुलिस कर्मियों ने सलामत और बड़े भाई शराफत हुसैन को थाने में लाकर बैठा दिया और थाना अध्यक्ष सुमित कुमार राठी की गैर मौजूदगी में दोनों भाइयों को धमका कर भारी भरकम रकम एक स्टांप पर लिखवा ली तथा 15 दिनों में किराए पर दिए प्लाट खाली कराने को भी लिखित ले लिया। पुलिस कर्मियों के विरुद्ध पुलिस अधीक्षक को दी तहरीर से क्षुब्ध होकर शुक्रवार दोपहर दोनों पुलिसकर्मियों ने तीन दिन बाद ही प्लाट खाली कर रहे पत्रकार उसके भाइयों को जाकर धमकाना शुरू कर दिया। दोनों पुलिसकर्मियों ने मौजूद आधा दर्जन लोगों के सामने पत्रकार के साथ अभद्रता की सीमाएं लांघ दी। जबकि उपरोक्त लेनदेन के विवाद से पत्रकार का कोई संबंध नहीं है परंतु दोनों पुलिसकर्मी पत्रकार को जबरदस्ती उठाकर थाने ले जाने लगे तथा वीडियो बना रहे पत्रकार का मोबाइल छीन लिया। सूचना मिलने पर अन्य पत्रकार के पहुंच कर विरोध जताने पर वह धमकी देते हुए वहां से चले गए। पुलिस कर्मियों का कहना है वह किसी अधिकारी से नहीं डरते। गत माह नगर निवासी एक महिला जिसका पति विदेश में रहता है उसके जेठ द्वारा सड़क पर मारपीट कर गंभीर रूप से घायल करने की तहरीर देने पर मुकदमा दर्ज करने के नाम पर उक्त महिला से दोनों पुलिसकर्मियों द्वारा पचास हजार रुपए की मांग की थी।



## आतंकवाद के खिलाफ भारत एक: शम्सी

**शाह टाइम्स संवाददाता। लखनऊ।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के खिलाफ लखनऊ में शिया संगठन हुसैनी टाइगर्स ने एहतिजाजी जुलूस निकाला। हुसैनी टाइगर्स के प्रेसिडेंट जनाब शामील शम्सी ने कहा कि कश्मीर की अवाम ने आतंकवाद के खिलाफ सड़कों पर उतर कर साबित कर दिया की यह कश्मीर एक नया कश्मीर है।

### एक नजर

## पहलगाम घटना के मद्देनजर कार्यक्रम रद्द

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** पहलगाम घटना को देखते हुए श्री त्रिपुर मां बाला सुंदरी देवी मेला पंडाल में बुधवार रात होने वाला रागिनी कार्यक्रम एक देहाती शाम आपके नाम रद्द कर दिया गया है। संयोजक चौधरी ओमपाल सिंह ने बताया कि पहलगाम हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। इस हमले की जितनी निंदा की जाए कम है। सरकार को इस कायराना हरकत का तुरंत सर्जिकल स्ट्राइक कर जबाव देना चाहिए। उन्होंने बताया कि पहलगाम घटना के मद्देनजर पंडाल में होने वाले कार्यक्रम को रद्द करने का निर्णय लिया गया है।

## मिल को 25 अप्रैल को बंद करने का निर्णय

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** पर्याप्त मात्रा में गन्ना नहीं मिलने के कारण कई दिनों से नो केन की समस्या से जूझ रही त्रिवेणी चीनी मिल प्रबंधनतंत्र ने मिल को 25 अप्रैल को बंद करने का निर्णय लिया है। त्रिवेणी शुगर यूनिट के हैड पुष्कर मिश्र ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले कई दिनों से मिल नो केन के कारण बंद हो रही है। उन्होने बताया कि क्षेत्र में पेराई योग्य गन्ना लगभग समाप्त हो गया है। इसलिए मिल में गन्ना नहीं आ रहा है। ऐसे में चीनी मिल ने अंतिम मिल बंदी का नोटिस संबंधित गन्ना समितियों को भेज दिया है।

# आग में झुलसी वृद्धा व मासूम बालिका

शाह टाइम्स संवाददाता

**रेहड़।** खाना बनाते समय गैस चूल्हे से एक झोपड़ी की रसोई में आग लग गई। आग की चपेट में आकर एक बीमार महिला और मासूम बालिका झुलस गई। दोनों को सीएचसी अफजलगढ़ में भर्ती कराया गया है।

मौहल्ला लक्ष्मण नगर निवासी सरदार त्रिलोक सिंह पुत्र अर्जुन सिंह अत्यंत गरीब है। सरदार त्रिलोक सिंह अपनी 55 वर्षीय बीमार पत्नी राजकौर के साथ टीन शैड के एक छोटे से कमरे में रहते हैं। कमरे के दरवाजे के आगे उन्होंने छप्पर की रसोई बना रखी थी। दुर्घटना में चोट लगने के कारण सरदार त्रिलोक सिंह की पत्नी राजकौर चलने फिरने में अक्षम है। माता-पिता की सेवा के







लिए उनकी विवाहित पुत्री मनदीप कौर अपनी 2 वर्षीय पुत्री कु. जसप्रीत कौर के साथ अपने मायके में रह रही थी। बुधवार दोपहर सरदार त्रिलोक सिंह की विवाहित पुत्री मनदीप कौर झोपड़ी की रसोई में खाना बना रही थी। वहीं चारपाई पर उसकी 55 वर्षीय बीमार मां राजकौर और 2 वर्षीय पुत्री कु. जसप्रीत लेट रही थी। खाना बनाने के लिए मनदीप कौर ने जैसे ही गैस चूल्हा जलाया। चूल्हे के पाइप ने आग पकड़ ली। चूल्हे और पाइप से आग की लंबी-लंबी लपटें उठीं और रसोई के छप्पर में आग लग गई।

## नवरत्न हरी खाद का प्रयोग करें किसान: डॉ. सिंह

**नगीना।** कृषि विज्ञान केंद्र नगीना की ओर से किसानों को जानकारी देकर नवरत्न हरी खाद को प्राकृतिक खेती, उच्च गुणवत्ता युक्त उत्पादन एवं मृदा की उर्वरा शक्ति बढ़ाने का मजबूत आधार बताया गया है। कृषि विज्ञान केंद्र नगीना पर तैनात वैज्ञानिक डॉ. केके सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान समय में गेहूं या सरसों की फसल की कटाई के बाद गर्मी के समय में जब खेत खाली रहता है तो ऐसे समय में अपने खेत पर हरी खाद की फसलों की बुवाई करनी चाहिए, जिससे मिट्टी की उर्वरा शक्ति में वृद्धि हो। साथ ही साथ आने वाली फसल में कम लागत के साथ उच्च उत्पादकता की प्राप्ति हो सके। उन्होंने कहा कि अभी तक ऐसा देखने में पाया गया है कि हरी खाद के रूप में किसान ढैंचा या सनई की फसल का ही प्रयोग हरी खाद की फसल कै रूप करते आए हैं। उन्होंने बताया कि इस बार कृषि विज्ञान केंद्र नगीना के वैज्ञानिकों द्वारा एक अनूठी पहल की जा रही है जिसमें खेत में हरी खाद के रूप में प्रति एकड़ की दर से सनई (1.5 किग्रा), ढैचा (1.5 किग्रा), उर्द (1.5 किग्रा), मूंग (1.5 किग्रा), लोबिया (1.5 किग्रा), ग्वार (1.5 किग्रा), ज्वार (1.5 किग्रा), बाजरा (1.5 किग्रा) एवं तिल (0.5 किग्रा) की समानुपातिक मात्रा में बुवाई करने के साथ ही इनकी फसलों की जब एक उचित अवस्था खेत पर हो जाए तो उनके खेत में जुताई करके उनको जमीन में अच्छी तरह मिलाकर हरी खाद के रूप में प्रयोग किया जाता है। ऐसा करने से इन सभी फसलों के अलग-अलग प्रभाव जमीन को मिलते हैं जिससे जमीन की उर्वरा शक्ति बढ़ती है। साथ ही साथ जमीन के अंदर लाभदायक जीवाणुओं की जो फसलों के लिए लाभदायक होते हैं, उनकी भी संख्या उचित मात्रा में बढ़ती है। उन्होंने प्राकृतिक या जैविक खेती करने वाले किसानों को सुझाव दिया कि इस नवरत्न हरी खाद की फसल का प्रयोग अपनी खेती में अवश्य करें।

टी०के०एस०एम० डिग्री कॉलेज
रणखण्डी, देवबंद (सहारनपुर)
आवश्यकता है शिक्षकों की
बी०कॉम० एवं बी०सी०ए० (BCA) पाठ्यक्रमों हेतु क्रमश: तीन एवं पांच असिस्टेंट प्रोफेसर की। योग्यता नेट पी.एच.डी., यू.जी.सी. व विश्व विद्यालय मानकानुसार।
आवेदन की अन्तिम तिथि 20.5.2025
सचिव मो0 9719242397

# पहलगाम आतंकी हमले पर खेल जगत में भी आक्रोश

## पाकिस्तान से खेल संबंध समाप्त करने की मांग

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय खेल जगत ने भी पहलगाम आतंकी हमले पर शोक जताया है। वहीं, भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर श्रीवत्स गोस्वामी ने पाकिस्तान के साथ खेल संबंध पूरी तरह समाप्त करने की मांग की है। मंगलवार को हुए इस हमले में 26 लोगों की मौत हुई है जिसमें दो विदेशी नागरिक भी शामिल हैं। यह 2019 में पुलवामा में हुए हमले के बाद घाटी में हुआ सबसे घातक हमला है। पहलगाम शहर से लगभग छह किलोमीटर दूर बैसरन चीड़ के पेड़ों के घने जंगलों और पहाड़ों से घिरा एक विशाल घास का मैदान है तथा देश व दुनिया के पर्यटकों के बीच पसंदीदा स्थान है। भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली ने भी इस हमले पर दुख जताया और पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी है। सचिन ने लिखा, पीड़ित परिवार अकल्पनीय कष्ट से गुजर रहे होंगे। भारत और दुनिया भर में लोग इस कठिन समय में उनके साथ हैं। हम इस हमले में जान गंवाने वाले लोगों को श्र(ांजलि देते हैं और न्याय की प्रार्थन करते हैं। आईपीएल 2025 में हिस्सा ले रहे दिग्गज भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली ने इंस्टाग्राम पर लिखा, पीड़ित परिवार के प्रति गहरी संवेदना। जिन परिवार के लोगों ने इस कायरतापूर्ण हमले में अपनी जान गंवाई है, उनके लिए प्रार्थना करता हूं और परिवार को इस दुख को सहने की शक्ति मिले ऐसी प्रार्थना करता हूं। इस बीच, पूर्व भारतीय क्रिकेटर श्रीवत्स गोस्वामी ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए पाकिस्तान के साथ सभी प्रकार के खेल संबंध समाप्त करने की मांग कर डाली है। गोस्वामी ने लिखा, इसलिए मैं कहता हूं कि आप पाकिस्तान के साथ क्रिकेट नहीं खेलें। ना सिर्फ अभी, बल्कि कभी नहीं।




## बीसीसीआई ने की पहलगाम आतंकवादी हमले की निदां

■ मासूम लोगों की मौत पर क्रिकेट समुदाय को गहरा सदमा लगा है

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की बुधवार को निंदा की। बीसीसीआई के मानद सचिव देवजीत सैकिया ने आज यहां जारी एक बयान में इस तरह के कायराना आतंकवादी हमले की निंदा करते हुए पीड़ितों के शोक संतप्त परिवारों के प्रति हार्दिक संवे. दना व्यक्त की। श्री सैकिया ने कहा कि कल पहलगाम में हुए नरसंहार आतंकवादी हमले में मासूम लोगों की दुखद मौत से क्रिकेट समुदाय को गहरा सदमा और दुख पहुंचा है। बीसीसीआई सचिव ने कहा कि बीसीसीआई की ओर से मैं इस जघन्य और कायराना कृत्य की कड़े शब्दों में निंदा करता हू तथा शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं तथा दिवंगत आत्माओं के लिए प्रार्थना करता हूं। उन्होंने कहा कि उनका दर्द और दुख साझा करते हुए, हम त्रासदी की इस घड़ी में पीड़ति परिवारों के साथ खड़े हैं। उल्लेखनीय है कि पहलगाम में कल आतंकवादी हमले में 28 पर्यटकों की मौत हो गयी थी।

## भारत इस कायरतापूर्ण कृत्य का जवाब देगा: गौतम गंभीर

● सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली, सुरैश रैना और वीरेंद्र सहवाग आदि क्रिकेटरों ने पहलगाम आतंकी हमले पर दु:ख जताया



**नई दिल्ली, वार्ता।** खेल जगत के लोगों ने पहलगाम आतंकी हमले पर दुख जताते हुए पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर इस घटना से काफी क्रोधित हुए और उन्होंने उम्मीद जताई कि भारत इस कायरतापूर्ण का जवाब देगा। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम शहर के निकट 'मिनी स्विटरलैंड' नाम से मशहूर पर्यटन स्थल पर मंगलवार दोपहर हुए आतंकवादी हमले में 26 लोगों की मौत हो गई, जिनमें ज्यादातर पर्यटक हैं। यह 2019 में पुलवामा में हुए हमले के बाद घाटी में हुआ सबसे घातक हमला है। इस हमले को लेकर जहां देशभर में आक्रोश है तो वहीं खेल जगत के लोगों ने भी अपना रोष जताया है। भारतीय टीम के मुख्य कोच गंभीर ने एक्स पर लिखा, मृतकों के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। इसके लिए जिम्मेदार लोगों को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। भारत जोरदार पलटवार करेगा। भारतीय टीम के पूर्व आलराउंडर सुरेश रैना ने एक्स पर लिखा, कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले से मन व्यथित है। मैं पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों द्वारा किए गए इस कायराना कृत्य की कड़ी निंदा करता हूं। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत अपनी बहादुर सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और अर्धसैनिक बलों के साथ एकजुट है। न्याय की जीत होगी। भारतीय टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने लिखा, श्पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों पर हुए निंदनीय आतंकवादी हमले की खबर सुनकर बहुत दुख हुआ। मेरी संवे. दना उन लोगों के साथ है जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है। घायलों के लिए प्रार्थना करता हूं। शिखर धवन ने लिखा, पहलगाम में हुए भयानक आतंकी हमले से मैं बहुत दुखी और स्तब्ध हूं। मेरी संवेदनाएं उन परिवारों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। न्याय अवश्य मिलेगा।

## केएल राहुल ने आईपीएल में हासिल की बड़ी उपलब्धि

■ डेविड वार्नर को पीछे छोड़ा दिल्ली की जीत में चमके



**लखनऊ, वार्ता।** दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाज केएल राहुल ने लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ मैच के दौरान बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है। राहुल आईपीएल में सबसे कम पारियों में 5000 रन पूरे करने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने इस मामले में डेविड वार्नर को पीछे छोड़ा। राहुल ने लखनऊ के खिलाफ नाबाद अर्द्धशतकीय पारी खेली और अपनी टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। दिल्ली कैपिटल्स ने केएल राहुल और अभिषेक पोरेल के अर्द्धशतकों से लखनऊ सुपर जाएंट्स को आठ विकेट से हराया। लखनऊ ने इकाना स्टेडियम पर खेले गए मुकाबले में एडेन मार्करम के अर्द्धशतक के दम पर 20 ओवर में छह विकेट पर 159 रन बनाए, जवाब में दिल्ली ने 17.5 ओवर में दो विकेट पर 161 रन बनाकर मैच जीत लिया। दिल्ली के लिए राहुल ने 42 गेंदों पर तीन चौकों और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 57 रन बनाए। केएल राहुल ने इसके साथ ही आईपीएल में 5000 रन भी पूरे कर लिए। वह सबसे कम पारियों में ऐसा करने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। राहुल ने 130 पारियों में यह उपलब्धि पूरी की और डेविड वार्नर को पीछे छोड़ दिया। वार्नर ने 135 पारियों में आईपीएल में 5000 रन पूरे किए थे। वार्नर ने 2020 में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए खेलते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ यह उपलब्धि नाम दर्ज की थी। इस सूची में तीसरे स्थान पर विराट कोहली हैं जिन्होंने 157 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की थी, जबकि एबी डिविलियर्स 161 और शिखर धवन 168 पारियों के साथ क्रमश: चौथे और पांचवें स्थान पर हैं। राहुल आईपीएल इतिहास में आठवें बल्लेबाज हैं जिन्होंने इस टूर्नामेंट में 5000 रन बनाए हैं।

### खेल विशेष

## पूर्व ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज कीथ स्टैकपोल का निधन

**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज कीथ स्टैकपोल का हृदयघात से निधन हो गया है। वह 84 वर्ष के थे। उन्होंने वर्ष 1966 में इंग्लैंड के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पर्दापण किया। स्टैकपोल ने ऑस्ट्रेलिया के 43 टेस्ट मैच खेले और सात शतक के साथ 2087 रन बनाये। इसके साथ ही उन्होंने लेग स्पिन गेंदबाज के रूप में 15 विकेट भी लिए। उन्होंने केपटाउन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपना पहला टेस्ट शतक बनाया। उन्होंने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ 207 रन 1970 में गाबा में इंग्लैंड के खिलाफ बनाये। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 55.21 की औसत से तीन शतक बनाये। इयान चैपल की कप्तान में 1972 की एशेज में उन्होंने 53.88 की औसत से 485 रन बनाकर शीर्ष स्थान हासिल किया। स्टैकपोल ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में कुल मिलाकर 10,100 रन बनाए और 148 विकेट लिए। वे एक प्रमुख टीवी और रेडियो कमेंटेटर भी रहे। उन्हें 1973 में विजडन क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुना गया। स्टैकपोल ने 1974 में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था।

## बीसीबी के सुरक्षा अधिकारी इकराम चौधरी का निधन

**सिलहट, वार्ता।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के सुरक्षा अधिकारी इकराम चौधरी की बुधवार को बांग्लादेश और जिम्बाब्वे के बीच पहले टेस्ट मैच के चौथे दिन ड्यूटी के दौरान दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। सिलहट अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम प्रबंधक जॉयदीप दास ने बताया कि आज सुबह दिल का दौरा पड़ने के बाद इकराम को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। जहां उनका निधन हो गया। जॉयदीप ने कहा कि वह स्टेडियम में थे जब उन्हें दिल का दौरा पड़ा और हम उन्हें तुरंत अल हरमैन अस्पताल ले गए। उन्हें पहले सीसीयू और फिर आईसीयू में ले जाया गया। उन्हें जीवन रक्षा प्रणाली पर रखा गया था, लेकिन यह बहुत घातक दिल का दौरा था, इसलिए उन्हें बचाया नहीं जा सका। इकराम ने 2014 से सिलहट इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में बीसीबी के सुरक्षा संपर्क अधिकारी के रूप में सेवा शुरू की थी। बीसीबी ने इकराम के अचानक और असामयिक निधन पर गहरा सदमा और दुख व्यक्त किया है।

## पीसीबी ने दो वर्षों में 7वें कोच के लिए जारी किया विज्ञापन

● आकिब जावेद चयनकर्ता और कोच के रूप में दोहरी भूमिका निभाने में पूर्ण रूप से विफल रहे

**लाहौर, वार्ता।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड पिछले दो वर्षों में राष्ट्रीय टीम के लिए प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में छह मुख्य कोचों का परीक्षण करने के बाद सातवें कोच के लिए विज्ञापन जारी किया हैं। पीसीबी ने राष्ट्रीय मुख्य कोच के अलावा इस सप्ताह अपनी वेबसाइट पर निदेशक पद के लिए भी विज्ञापन जारी किया है। पिछले कुछ वर्षों में पाकिस्तान ने शीर्ष स्तर के अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में बहुत बेकार प्रदर्शन किया है। अंतरिम मुख्य कोच आकिब जावेद पिछले छह महीनों के दौरान चयनकर्ता और कोच के रूप में दोहरी जिम्मेदारी निभाने के बाद भी अच्छी भूमिका निभाने में पूर्ण रूप से विफल रहे। जावेद ने इस वर्ष फरवरी-मार्च में आयोजित आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के बाद अपना पद छोड़ दिया था। अब्दुल रहमान (अंतरिम मुख्य कोच), मोहम्मद हफीज (राष्ट्रीय टीम के निदेशक), अजहर महमूद (अंतरिम मुख्य कोच), जेसन गिलेस्पी, गैरी कर्स्टन (वनडे मुख्य कोच) कोचिंग दी है।

## ऋषभ पंत पर भड़के अंबाती रायडू, ऊपरी क्रम में बल्लेबाजी की मांग



■ कप्तान ऋषभ पंत की मौजूदा फॉर्म पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली, वार्ता।** पूर्व भारतीय बल्लेबाज और मशहूर कमेंटटेटर अंबाती रायडू ने लखनऊ सुपर जाएंट्स (एलएसजी) के कप्तान ऋषभ पंत के मौजूदा फार्म पर सवाल उठाए हैं।

उन्होंने कहा कि पंत को अपने फैसलों पर नियंत्रण करना चाहिए और ऊपरी क्रम में आने के लिए बहाने बंद करने होंगे। मंगलवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुक. ाबले में लखनऊ को आठ विकेट से मुंह की खानी पड़ी थी। इस मैच में स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज सातवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए थे, जिसकी वजह से अब उन्हें आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है।

## जिम्बाब्वे ने टेस्ट में बांग्लादेश को हराया

■ मुजारबानी ने छह विकेट लिए, बेनेट ने 54 रनों की पारी खेली



**सिलहट, वार्ता।** ब्लेसिंग मुजारबानी (छह विकेट) के बाद ब्रायन बेनेट (54), बेन कर्रन (44) और वेस्ली मधेवेरे (नाबाद 19) रनों की जूझारू पारियों की बदौलत जिम्बाब्वे ने पहले टेस्ट मैच के चौथे दिन बुधवार को बांग्लादेश पर तीन विकेट से ऐतिहासिक जीत दर्ज की। जिम्बाब्वे को चार साल बाद टेस्ट मैच में जीत मिली है और उसने बांग्लादेश को छह साल बाद उसी के घर में हराकर यह ऐतिहासि उपलब्धि हासिल की है। इसी के साथ जिम्बाब्वे ने दो टेस्ट मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली हैं।

174 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जिम्बाब्वे के लिए ब्रायन बेनेट और बेन कर्रन की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए रिकार्ड (95) रनों की साझेदारी की। मेहदी हसन मिराज ने बेन कर्रन (44) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद तैजुल इस्लाम ने निक वेल्च (10) को पगबाधा आउटकर पवेलियन भेज दिया। शॉन विलियम्स (नौ) को मिराज ने आउट किया। इसके बाद मिराज ने ब्रायन बेनेट (54) को आउटकर मैच में अपनी पकड़ बनाने का प्रयास किया। कप्तान क्रेग एर्विन (10) को तैजुल ने विकेटकीपर जाकेर अली के हाथों कैच आउट कराकर बांग्लादेश को पांचवी सफलता दिलाई। न्याशा मयावो (एक) और वेलिंग्टन मसाकाट्ज़ा (12) को मेहदी हसन मिराज ने बोल्ड आउट किया। लेकिन तब तक पहुंच देर हो चुकी थी। जिम्बाब्वे ने 50-1 ओवर मे सात विकेट पर 174 रन बनाकर मुकाबला तीन विकेट से जीत लिया। वेस्ली मधेवेरे (19) और रिचर्ड एन्गरावा (चार) रन बनाकर नाबाद रहे। बांग्लादेश की ओर से मेहदी हसन मिराज ने पांच और तैजुल इस्लाम ने दो विकेट लिए। इससे पहले आज बांग्लादेश ने कल के चार विकेट पर 194रन से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र की शुरुआत में ही ब्लेसिंग मुजारबानी ने कप्तान नजमुल शान्तो (60) को आउट कर जिम्बाब्वे के लिए अच्छी शुरुआत की। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये मेहदी हसन मिराज (11) को भी मुजारबानी ने अपना शिकार बनाया। जिम्बाब्वे की घातक गेंदबाजी के आगे आज बांग्लादेश ने 61 रन जोड़ कर अपने छह विकेट गवां दिये। रिचर्ड एन्गरावा ने तैजुल इस्लाम (एक) को आउट किया।

## सैनी ने फोगाट को चार करोड़ और प्लाट देने को दी मंजूरी

**चंडीगढ़, वार्ता।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने मंगलवार को प्रदेश की महिला पहलवान और कांग्रेस विधायक विनेश फोगाट को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से चार करोड़ रुपये और प्लॉट देने का निर्णय लिया है।श्री सैनी ने विनेश की फाइल पर हस्ताक्षर किए हैं। विनेश फोगाट को हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की तरफ से प्लॉट दिया जाएगा। गौरतलब है कि पेरिस ओलंपिक में विनेश रजत पदक जीतने से चूक गई थी। उस दौरान श्री सैनी ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा था कि विनेश की उपलब्धि को ओलंपिक रजत पदक विजेता के बराबर माना जाएगा।

## हैदराबाद ने मुंबई को दिया 144 रनों का लक्ष्य

● हेनरिक क्लासेन ने 71 और अभिनव मनोहर ने नाबाद 43 रन की जोड़ी ने जुझारू पारी खेलते हुए छठे विकेट के लिए 99 रनों की साझेदारी की



**हैदराबाद, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 41वें मुकाबले में हाइनरिक क्लासन (71) और अभिनव मनोहर (नाबाद 43) की जोड़ी ने बुधवार को जूझारू पारी खेलते हुए छठे विकेट के लिये 99 रनों की साझेदारी कर सनराइजर्स हैदराबाद को संकट से निकालकर मुम्बई इंडियंस के सामने 144 रनों का लक्ष्य रखा। यहां मुम्बई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी सनराइजर्स हैदराबाद की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने एक के बाद एक 13 के स्कोर तक अपने शीर्ष चार विकेट गवां दिये। ट्रेंट बोल्ट ने दूसरे ही ओवर में ट्रैविस हेड को नमन धीर के हाथों कैच आउट कराकर मुम्बई इंडियंस को पहली सफलता दिलाई। अगले ही ओवर में दीपक चाहर ने इशान किशन (एक) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। हैदराबाद का तीसरा विकेट अभिषेक शर्मा (आठ) के रूप में गिरा। चौथा विकेट नीतीश कुमार रेढी (दो) को दीपक चाहर ने आउट किया। इसके बाद हाइनरिक क्लासन और अनिकेत वर्मा ने पारी को संभालने का प्रयास किया। नौवें ओवर में हार्दिक पंड्या ने अनिकेत वर्मा (12) को आउटकर हैदराबाद को पांचवां झटका दिया।

19वें ओवर में जसप्रीत बुमराह ने हाइनरिक क्लासन को आउटकर अभिनव मनोहन के साथ उनकी 99 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी का अंत किया। हाइनरिक क्लासन ने 44 गेंदों में नौ चौके और दो छक्के लगाते हुए (71) रनों की पारी खेली। ट्रेंट बोल्ड ने 20 ओवर में अभिनव मनोहन को भी आउट कर मुम्बई के लिए सातवां विकेट लिया। अभिनव मनोहन ने 37 गेंदों में तीन छक्के और दो चौके लगाते हुए (43) रन बनाये। हैदराबाद ने निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 143 रनों का स्कोर खड़ा किया। मुम्बई इंडियंस की ओर से ट्रेंट बोल्ट ने चार और दीपक चाहर ने दो विकेट लिए।

## आईपीएल ने भारत में क्रिकेट के प्रति जुनून को दी हवा

**लखनऊ, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) ने क्रिकेट के दीवाने देश भारत में क्रिकेट के प्रति जुनून को हवा दी है और दीवानगी का आलम यह है कि 47 फीसदी भारतीय दर्शक स्टेडियम में जाकर लाइव मैच देखना चाहते हैं जिसके लिए शहर ही नहीं बल्कि अन्य प्रदेश अथवा विदेश यात्रा करने वालों की भी कोई कमी नहीं है। एक रिपोर्ट के अनुसार 50 फीसदी भारतीय क्रिकेट मैच के बाद शहर देखने के लिए अपनी यात्रा 3-4 दिन बढ़ाना चाहते हैं। क्रिकेट देखने के लिए यात्रा की सूची में ऑस्ट्रेलिया और भारत में सबसे ऊपर मुंबई है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि 80 फीसदी भारतीय इस सीजन में आईपीएल मैच लाइव देखना चाहते हैं। लीडिंग ग्लोबल ट्रैवल ऐप स्काईस्कैनर ने मंगलवार को अपनी 'पिच परफेक्ट जर्नीज़' रिपोर्ट जारी की। इस रिपोर्ट के मुताबिक भारतीयों की यात्रा में क्रिकेट की अहम भूमिका रहने वाली है। लगभग आधे भारतीय देश और विदेश की यात्रा स्टेडियम में मैच देखने के लिए करने वाले हैं। रिपोर्ट में सामने आया कि क्रिकेट सिर्फ़ एक खेल नहीं है, बल्कि जीवन जीने का एक तरीका है क्योंकि 98 फीसदी क्रिकेट प्रशंसकों ने कहा कि उन्हें इस खेल से बहुत प्यार है। रिपोर्ट के अनुसार क्रिकेट फैन्स स्थानीय व्यंजनों का आनंद लेने से लेकर पर्यटक और लोकप्रिय स्थलों को देखने तक अपनी छुटी का पूरा मजा लेना चाहते हैं। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) ने इस ट्रेंड में मुख्य योगदान दिया है। 80 फीसदी क्रिकेट फैन्स अपनी पसंदीदा टीमों को सपोर्ट करने के लिए यात्रा करने को उत्साहित हैं। 67 प्रतिशत भारतीय स्टेडियम के अंदर का उत्साह महसूस कर चुके हैं, वहीं 94 प्रतिशत निकट भविष्य इस रोमांच का अनुभव लेने के लिए उत्सुक हैं। 55 प्रतिशत फैन्स स्थान और स्टेडियम के वातावरण को सबसे ज़्यादा महत्व देते हैं, जिसके बाद मैच खेलने वाली टीमों (51 प्रतिशत) का स्थान आता है।

# बड़े बकाएदारों से वसूली में लाएं तेजी: डीएम

## जिलाधिकारी ने दिए एसडीओ स्तर पर सबसे अधिक लाईन लॉस वाले फीडर चिन्हित कर कार्यवाही के निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** विद्युत आपूर्ति में बाधा को समाप्त कर निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने एवं विद्युत बिलों की वसूली कर राजस्व बढ़ाने के लिए जिलाधिकारी मनीष बंसल ने विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की।

उन्होंने कहा कि विद्युत अधिकारी एक्सईएन एवं एसडीओ स्तर पर 1 लाख रुपए से अधिक बकायेदार, 50 हजार से अधिक बकायेदार एवं 10 हजार से अधिक बकायेदार की सूची तैयार करें। उन्होंने निर्देश दिए कि विद्युत बिलों के भुगतान हेतु बड़े बकायेदारों से वसूली में तेजी लाई जाए। उन्होंने लाइन लॉस को न्यूनतम करने के निर्देश दिए।



जनपद में प्रत्येक एसडीओ के क्षेत्र में सबसे अधिक लाइनलॉस वाले फीडर को चिन्हित कर उसी पर फोकस कर सुधार लाया जाए। विद्युत संबंधी शिकायतों के लिए बिजलीघर स्तर पर शिकायत रजिस्टर बनाया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि कर्मचारी पूरी मुस्तैदी एवं तत्परता के साथ कार्य करें ताकि जन सामान्य को विद्युत उपलब्धता को लेकर परेशानियों का सामना न करना पड़े। उन्होंने एसडीओ घुन्ना की खराब कार्यशैली पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के लिए एमडी पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड को पत्र लिखने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि जन सामान्य को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराना विभाग की महती जिम्मेदारी है। ओवरलोडिंग या फिर अन्य की वजह से विद्युत ट्रांसफार्मर जलने की दशा में जल्द से जल्द नवीन ट्रांसफार्मर का प्रतिस्थापन सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि विद्युत विभाग के कर्मचारी ट्रांसफार्मर जलने या खराब होने की सूचना तत्काल संबंधित को उपलब्ध कराएंगे ताकि प्रतिस्थापन के समय को कम किया जा सके। बैठक में मुख्य अभियन्ता राजेश कुमार सहित विद्युत विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# जायरीनों ने मजार पर चढ़ाई चादर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिर्जापुर।** शिवालिक पहाड़ियों के बीचो बीच स्थित हजरत मोहम्मद अहमद शाह नौगजा पीर का 97 वा उर्स बड़ी धूमधाम और अकीदत के साथ मनाया गया। उर्स मे दूर दराज से आये जायरीनो मजार पर चादर चढ़ाकर मुल्क की तरक्की खुशहाली के लिए दुआएं की।

थाना मिर्जापुर क्षेत्र कि शिवा. लिक तलहटियों के बीचो बीच स्थित हजरत मोहम्मद अहमद शाह नौगजा पीर का 97 वा उर्सअकीदत के साथ मनाया गया। उर्स का उद्घघाटन पूर्व मंत्री कांग्रेसी नेता शायान मसूद ने फीता काटकर किया। उद्घाटन के बाद मोहम्मद अहमद शाह नौगजा पीर की दरगाह पर चादर चढ़ाई गई और मुल्क की तरक्की व खुशहाली के लिए दुआएं की गयी। इस दौरान शायान मसूद ने कहा की हमें हमारे बुजुर्गो के बताये रास्ते पर चलना चाहिए। इस तरह के धार्मिक एवं समाजिक आयोजन हमारी सभ्यता की पहचान है ओर ऐसे आयोजनो से हमारे भाईचारे ओर आपसी सौहार्द को मजबूती मिलती है। चादर पोशी के बाद महफिल ए कव्वाली का भी आयोजन किया गया, जिसमे कव्वालो ने अपने कलाम पेश किए। देर रात तक कव्वालियो पर श्रोता झूमते रहे। इस मौके पर सज्जादा नसीन सैय्यद जमुर्रत हुसैन, सांसद प्रतिनिधि डॉख रागिब अंजुम, सैय्यद मुकर्रम हुसैन, गुड्डू पीरजादा, उमर पीरजादा, खादिम सुलेमान वारसी, सैय्यद इंतेजार, यासिर हुसैन, आसिफ अली साबरी, गुल साहब, शहंशाह कुरैशी, फैसल मिर्जा आदी मौजूद रहे।

## धमकी का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** सुल्तानपुर निवासी एक दुकानदार ने पठेड़ निवासी एक युवक दे उधारी के पैसे मांगने पर उसके साथ गाली गलौच करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

पीड़ित शाहनवाज पुत्र सगीर निवासी मोहल्ला कोठीवाला सुल्तानपुर ने बताया है कि वह किरयाना का काम करता है तथा पैठ में भी दुकान लगाता है। विपक्षी युवक बस्थाकायस्थ पठेड़ गांव का निवासी है जिसके साथ उसकी जान–पहचान होने पर वह उससे पैठ मे से घर के राशन का सामान उधार लेकर जाता था। जिस पर उसकी उधारी के लगभग बीस हजार रुपये हो रहे है। यदि विपक्षी से उसने अपने पैसे मांगे तो वह हिल्ले–बहाने बनाता है। पीड़ित का कहना है कि जब उसने फोन कॉल करके उससे पैसे मांगे तब भी वायदे करता रहता है।

# पार्षदों ने सांसद इमरान को सौंपा ज्ञापन

## जीआईएस सर्वे के आधार पर की गयी टैक्स वृद्धि को रुकवाने की मांग



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर निगम द्वारा जीआईएस सर्वेक्षण के आधार पर की गई टैक्स वृद्धि के विरोध में पार्षदों ने सांसद इमरान मसूद को ज्ञापन सौंपा।

पार्षद नदीम अंसारी के नेतृत्व में पार्षदों द्वारा सांसद इमरान मसूद को सौंपे ज्ञापन में कहा गया कि शासन के आदेश का हवाला देते हुए नगर निगम ने सभी वर्गों चाहे वो आवासीय, वाणिज्यिक या अन्य हो पर जीआईएस सर्वे के माध्यम से अनुचित रूप से टैक्स थोप दिया है जिससे आम जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ा है।

पार्षदों ने मांग की कि इस टैक्स वृद्धि पर तत्काल पुनर्विचार किया जाए और गरीब एवं मध्यम वर्गीय परिवारों को राहत प्रदान की जाए। उन्होंने सांसद से इस मुद्दे को शासन स्तर पर उठाने और जनता को राहत दिलाने की मांग की। इस मौके पर प्रतिनिधिमंडल में शामिल पार्षदों में प्रमुख रूप से अहमद मलिक, हाजी गुलशेर, परवेज मलिक, अब्दुल खालिक, फराज अंसारी, हाजी फजलु रहमान, फहाद सलीम, इमरान सैफी, महमूद अहमद और हाजी नूर आलम मौजूद रहे।

# नगर आयुक्त ने की जीआईएस सर्वे की समीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगरायुक्त शिपू गिरि ने जीआईएस सर्वे की समीक्षा करते हुए निगम के टैक्स विभाग को करदाताओं को भेजे गए नोटिसों का सत्यापन और संशोधन करने के निर्देश दिए है, जिससे कि करदाताओं को आ रही समस्याओं एवं जिज्ञासाओं का समाधान हो सके।

नगरायुक्त ने निगम अधिकारियों के साथ जीआईएस सर्वे की समीक्षा की। नगरायुक्त द्वारा पूछे जाने पर हाउस टैक्स अधिकारियों ने बताया कि अभी तक छह हजार 39 लोगों को नोटिस भेजे गए हैं। इस पर नगरायुक्त ने कहा कि आगे नोटिस भेजने से पहले प्रत्येक वार्ड के डाटा की जांच कराएं और जो नोटिस अभी भेजे गए हैं उनका सत्यापन करा लें। उन्होंने अपर नगरायुक्त को इस सम्बंध में एसओपी बनाने के भी निर्देश दिए।



बैठक में जीआईएस सर्वे करने वाली कंपनी 'अरहास टैक्नोलॉली लि.' के कर्मचारी भी मौजूद थे।

नगरायुक्त ने कहा कि जिन भवनों के टैक्स में बहुत ज्यादा वृद्धि हुई है, ऐसे भवनों का भौतिक सत्यापन कराया जाए और आवेदक को भी उसके बारे में जानकारी दी जाए। उन्होंने जिन भवनों की आपत्तियां प्राप्त हुई हैं, उनका त्वरित गति से समाधान करने पर भी जोर दिया। बैठक में अपर नगरायुक्त राजेश यादव, मृत्युंजय, मुख्य अभियंता निर्माण बी के सिंह, महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार, सहायक नगरायुक्त शिवराज सिंह, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी संगीता गुप्ता, कर निर्धारण अधिकारी श्रुति महेश्व. री, लेखाधिकारी मनोज त्रिपाठी, कर अधीक्षक सुधीर शर्मा व सुरेंद्र सिह सहित निगम के अनेक अधिकारी मौजूद रहे।

अधिकारियों के साथ एक अन्य बैठक में नगरायुक्त ने शहर में स्थायी व अस्थायी सभी तरह का अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कहीं भी अतिक्रमण होता दिखायी दे तो उसे तत्काल रोकें। उन्होंने सुझाव दिया कि यदि संभव हो तो रेहड़ी व ठेले वालों को निकट के वेंडिंग जोन में स्थानांतरित कराएं।। बैठक में अपर नगरायुक्त राजेश यादव, अतिक्रमण प्रभारी सुधीर शर्मा, प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल एच बी गुरुंग तथा सम्पत्ति सुरक्षा अधिकारी हरिप्रकाश कसाना आदि मौजूद रहे।

# गोटेशाह में विद्युत विभाग की लापरवाही

**सहारनपुर।** नगर के गोटेशाह धोबीवाला में विद्युत विभाग की लाप. रवाही के चलते क्षेत्र के लोगों की जान माल को खतरा बना है पिछले चार साल से यह लाईन चालू नही हुई है जिसके कारण लोगों में भारी रोष है।

गोटेशाह क्षेत्र के धोबीवाला मोहल्ले में विद्युत विभाग की गंभीर लापरवाही अब जानलेवा बनती जा रही है। वर्ष 2021 में टाटा कंपनी द्वारा क्षेत्र में एक नई विद्युत लाइन बिछाई गई थी, जिसके तहत ट्रांसफार्मरों को स्थानांतरित कर अधिक सुरक्षित और व्यवस्थित सप्लाई देने का प्रावधान किया गया था। इस योजना के अंतर्गत एक ट्रांसफार्मर गोटे शाह कब्रिस्तान के बाहर तथा दूसरा धोबी वाला क्षेत्र में सड़क किनारे स्थापित किया गया था। चार वर्षों का लंबा समय बीत जाने के बाद भी यह नई लाइन आज

**■ पिछले चार साल से नहीं हुई है लाईन चालू, लोगों में बना रोष**

तक शुरू नहीं की गई है, और न ही पुराने खतरनाक स्थानों पर रखे गए ट्रांसफार्मरों को हटाया गया है। इससे न केवल जनता के पैसों की बर्बादी हो रही है, बल्कि आए दिन क्षेत्रवासियों को जान का खतरा भी बना हुआ है।

धोबी वाला क्षेत्र में जो ट्रांसफार्मर स्थापित है, वह घनी आबादी के बीच, पैदल राहगीरों के मार्ग पर है'। बारिश के दिनों में इस ट्रांसफार्मर के आसपास पानी भर जाता है, जिससे करंट फैलने और बड़ी दुर्घटना की आशंका हमेशा बनी रहती है।

कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष अजमत अली का आरोप है कि बिजली विभाग के अधिकारी जानबूझकर नई लाइन को चालू नहीं करवा रहे, ताकि पुरानी लाइन के रख–रखाव में पैसा बहाया जा सके और उसकी आड़ में वित्तीय अनियमितताएं की जा सकें। उन्होंने बताया कि बार–बार अधिकारियों को लिखित व मौखिक शिकायतें दी गईं, लेकिन किसी ने सुध नहीं ली।

वरिष्ठ समाजसेवी कासिफ मंस. ूरी का कहना है कि विभाग की इस उदासीनता के चलते सरकार को हर साल लाखों रुपए के राजस्व की हानि हो रही है, क्योंकि पुरानी जर्जर व्यवस्था पर ही मेंटेनेंस और मरम्मत में बार–बार पैसा खर्च किया जा रहा है। क्षेत्रवासी अब इस मुद्दे को लेकर ऊर्जा मंत्री और जिलाधिकारी से गुहार लगाने की तैयारी में हैं। उनका कहना है कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे धरना–प्रदर्शन' करने को बाध्य होंगे।

# निगम कर्मियों को मिलेगा बढ़ा महंगाई भत्ता: डा.अजय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** केंद्र व राज्य सरकार द्वारा की गयी महंगाई भत्ते की दरों का लाभ निगम के संविदा और स्थायी कर्मचारियों एवं अधिकारियों को भी मिलेगा। नगर निगम ने मई महीने से अपने कर्मचारियों एवं अधिकारियों को यह लाभ देने का निर्णय लिया है।



महापौर डॉ. अजय कुमार ने आज यह जानकारी देते हुए बताया कि केंद्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा महंगाई भत्ते में बढ़ोत्तरी के शासनादेश के बाद महंगाई भत्ते की बढ़ी हुई दरे नगर निगम में भी

**■ संविदा कर्मियों को छह प्रतिशत व स्थाई को मिलेगा दो प्रतिशत का लाभ**

लागू की जायेंगी। अधिकारियों एवं कर्मचारियों को यह बढ़ा हुआ भुगतान मई महीने से दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि संविदा कर्मियों को महंगाई भत्ते में छह प्रतिशत की बढ़ोत्तरी की गयी है जिससे 157 संविदा कर्मियों को लाभ मिलेगा। जबकि स्थायी निगम कर्मचारियों एवं अधिकारियों के भत्ते में दो प्रतिशत की वृद्धि की गयी है जिससे 599 अधिकारियो एवं कर्मचारियों तथा 725 से अधिक पेंशनरों को इसका लाभ मिलेगा।

# ई रिक्शा चालकों संग घेरा आरटीओ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ई रिक्शा चालकों की समस्याओं को लेकर आज भारतीय किसान यूनियन बेदी ने ई रिक्शा चालकों के साथ आरटीओ कार्यालय पर धरना दिया। मांगे पूरी न होने तक धरना जारी रखने की घोषणा की गई।




यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल बेदी के नेतृत्व में हजारों की तादाद में ई रिक्शा चालक आरटीओ के खिलाफ दिये गये धरने पर पहुंचे। राहुल बेदी ने कहा कि ई रिक्शा चालकों का उत्पीडन किया जा रहा है। जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। राहुल बेदी ने बताया कि आरटीओ द्वारा सरकारी फीस पर लाईसेंस व फिटनेस बनाने का वायदा किया, लेकिन बाकि मांगों को नहीं माना गया। जिसके कारण धरने को लगातार जारी रखा जायेगा।

इस मौके पर पप्पू पुंडीर, हाजी रियाज राणा, राहुल शर्मा, संसार चौधरी, जैद गौड, अंकुर, रहमान, अयूब व गुफरान समेत भारी संख्या में ई रिक्शा यूनियनों के पदाधिकारी व ई रिक्शा चालक मौजूद रहे।

## नशा तस्कर पकड़ा

**चिलकाना।** थाना पुलिस टीम ने एक आरोपी नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से 10 ग्राम नाजायज स्मैक बरामद की गई है।

मंगलवार को एएसपी थाना प्रभारी विवेक तिवारी की अगुवाई में नशा तस्करी पर रोकथाम लगाए जाने के सम्बन्ध में चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस टीम ने एक आरोपी नशा तस्कर अफजाल पुत्र रशीद निवासी ग्राम फिरोजाबाद थाना चिलकाना को ग्राम पांजबांगर जाने वाले खडंजे के निकट आम के बाग से गिरफ्तार किया है।

पुलिस पूछताछ पर आरोपी ने बताया है कि वह कम पढ़ा लिखा है तथा मजदूरी का काम करता है। पैसो के लालच में हरियाणा तथा नजदीकी जनपद से सस्ते दामों पर स्मैक खरीद कर आसपास के क्षेत्रों में ट्रक ड्राईवर तथा अन्य स्मैक पीने वालो को अधिक दामों में स्मैक बेंच देता है।

# लंबे विरोध के बाद भी खुली शराब की दुकान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पिछले कई दिनों से आवास विकास पर आवंटित शराब की दुकान को लेकर चल रहे विवाद का निपटारा हो गया।

आज सुबह सिटी मजिस्ट्रेट क्षेत्राधिकार जिला आबकारी अधिकारी मौके पर पहुंचे और दुकान को खुलवाया। काफी दिनों से आवास विकास वाली दुकान शराब की लोगों का भारी विरोध था लोगों का कहना था सामने कब्रिस्तान है और कुछ दूरी पर जैन कॉलेज है। जांच पड़ताल के बाद आज सिटी मजिस्ट्रेट गजेंद्र सिंह, क्षेत्राधिकार, जिला आबकारी अधिकारी महेंद्र प्रताप सिंह ने शराब की दुकान का निरीक्षण किया और दुकान खोल दी गई।

आबकारी निरीक्षक शैलेंद्र कुमार, आबकारी निरीक्षक राजकमल सिंह चौहान, आबकारी निरीक्षक विकास यादव, आबकारी निरीक्षक अक्षय कुमार आबकारी निरीक्षक अरुण सिंह अपने पूरे फोर्स के साथ मौके पर मौजूद रहे।

# कवि सतीश के कविता संग्रह का विमोचन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** कवि सतीश ठकराल द्वारा लिखे गये कविता संग्रेह आईना का विमोचन कर बधाई दी।

समन्वय एवं रोटरी क्लब के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंतर्राष्ट्रीय शायर डा. नवाज देवबंदी व विशिष्ट अतिथि गर्वनर स. राजपाल सिंह रहे। नवाज देवबंदी ने आईना, प्यार, मां को जोड़ते हुए अपने शायराना अंदाज में कार्यक्रम को संबोधित किया। समा. जसेवी डॉ. आर पी सारस्वत ने सतीश ठकराल द्वारा लिखी गई कविता संग्रह आईना का पूरा परिचय और अपने भाव बताते हुए कवि सतीश ठकराल को बधाई दी। रोटरी 3080 के गवर्नर सरदार राजपाल सिंह ने सतीश ठकराल के कविता संग्रह आईना को आज के समाज का दर्पण बताते हुए




कार्यक्रम में पहुंचे बुद्धिजीवियों से पर्यावरण को बचाने और एवं जितने पेड़ लगाए गए हैं उनको सुरक्षित रखने पर जोर दिया। सतीश ठकराल ने कहा कि उन्हें यह किताब लिखने की शिक्षा उनकी मां से मिली शुरुआत में उनकी लिखी किताबों को उनकी मां अपने मंदिर में धार्मिक ग्रंथो के बीच रखा करती थी सतीश ठकराल ने कहा कि हर व्यक्ति के अंदर एक कवि होता है कुछ अपनी भावनाओं और कविताओं को कलम के माध्यम से किताब पर उतार देते हैं। व्यापारी नेता शीतल टण्डन ने भी विचार रखे।

# प्रमोशन के लिए पहुंचेंगे अभिनेता रोहित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** विजन मोटेशन फिल्मस एंड सत्यम फिल्मस एंड एंटरटेनमेंट के बैनर सेल अजय कैलाश यादव के निर्देशन में बनी फिल्म ओए भूतनी के 25 अप्रैल को देशभर के सिनेमाघर में रिलीज होगी जिसमें जनपद के कलाकार रोहित बब्बर सूर्यवंशी मुख्य भूमिका नजर आएंगे जो पूरे जनपद के लिए अत्यधिक गौरव की बात है और मुख्य कलाकार रोहित बब्बर सूर्यवंशी फिल्म की अन्य कलाकारों के साथ प्रमोशन के लिए यहां पहुंचेंगे।

आज बेरी बाग स्थित एक सभागार में पत्रकारों से वार्ता करते हुए रोहित बब्बर सूर्यवंशी के भाई कपिल बब्बर सूर्यवंशी एवं समाजसेवी भारत करनवाल ने बताया महानगर के निर्भय पुरम जनता रोड कॉलोनी निवासी रोहित बब्बर सूर्यवंशी हॉरर और कॉमेडी फिल्म ओएभूतनी के मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। उन्होंने बताया कि रोहित बब्बर सूर्यवंशी शुरू से ही अभिनय के प्रति अत्यधिक उत्साहित था और उसके भीतर एक कलाकार छिपा हुआ था उन्होंने बताया कि वर्ष 2020 में रोहित बब्बर सूर्यवंशी ने लंबे संघर्ष के बाद आखिरकार सफलता अर्जित कर ली है। और वह पहली फिल्म में ही मुख्य भूमिका और रूप में नजर आएंगे उन्होंने कहा कि यह पूरे जनपद के लिए गर्व की बात है कि एक युवा आज बॉलीवुड में जिले का नाम रोशन करेगा उन्होंने कहा कि 25 अप्रैल को देशभर में रिलीज होने जा



रही फिल्म ओए भूतनी के पारिवारिक फिल्म है जो हॉरर और कॉमेडी है और भरपूर मनोरंजन है। उन्होंने बताया कि 25 अप्रैल को राकेश सिनेमा घर में फिल्म रिलीज की होगी और इसी दिन एक इवेंट भी आयोजित किया जाएगा जिसमें फिल्म के मुख्य कलाकार रोहित बब्बर सूर्यवंशी निदेशक अजय कैलाश यादव, प्रोड्यूसर प्रवीण बब्बर सूर्यवंशी, जसपाल सिंह और राकेश शाक्य मौजूद रहेंगे। उन्होंने सभी लोगों से कहा कि जनपद के युवक को प्रोत्साहित करने के लिए फिल्म अवश्य देखें। इस दौरान सुशांत बब्बर राहुल यादव ऋषि खेड़ा आकाश चंद सनी तोमर किशन लाल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## छिनैती का आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा

**चिलकाना।** थाना पुलिस टीम ने महिला की मदद करने के बहाने उसके गले से मंगलसूत्र छीनकर भागने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

विगत मंगलवार को सुमित्रा पत्नी सुमेरचंद निवासी ग्राम परसागढ़ नगर में एक डॉक्टर के यहां दवाई लेने के लिए आई थी। तभी उसे एक युवक मिला जिसने महिला की मदद करने की बात कहते हुए उसे डॉक्टर की दुकान से नाली पार कराई व आगे चलकर महिला के गले से मंगलसूत्र झपटकर फरार हो गया था।

घटना की सूचना पीड़ित महिला द्वारा स्थानीय पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मुक. दमा दर्ज करते हुए आरोपी की तलाश आरम्भ कर दी थी। आज मंगलवार को एएसपी थाना प्रभारी विवेक तिवारी की अगुवाई में पुलिस टीम ने फरार आरोपी अहकाम पुत्र इरफान को गिरफ्तार किया है।

# छोटे वर्करों का सम्मान जरूरी: बेनीवाल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानौता।** बहुजन समाज पार्टी की मण्डलीय समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए नेशनल कोर्डिनेटर रणधीर सिंह बेनीवाल ने कहा कि जब तक छोटे वर्कर का सम्मान नही करोगे तब तक पार्टी मजबूत नहीं होगी ।इसलिए सबसे पहले छोटे छोटे वर्कर का सम्मान करके हमे अपनी पार्टी को मजबूत करना होगा।

नगर में आयोजित बसपा की मंडल स्तरीय सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए नेशनल कोर्डिनेटर रंधीर बेनीवाल ने कहा कि बीएसपी की क्या पहचान, नीला झंडा हाथी निशान ।इसी मिशन को लेकर सभी कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ना हैं, बूथ स्तर तक सभी पदाधिकारियों को जाना पड़ेगा। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रभारी बाबू मुनकाद अली ने कहा कि इस सरकार में ला इन आर्डर नाम की कोई चीज नही है चारो ओर भ्र्ष्टाचार ओर महंगाई की मार ने जनता को धराशायी कर दिया है नोजवान, किसान , मजदूर की सरकार सुध तक नही ले रही है। जिलाध्यक्ष जगपाल सिंह ने कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

बैठक में मण्डल प्रभारी कुलदीप सिंह, कमल सिंह राज, सरफराज राइन, राजेश प्रधान, रविन्द्र गौतम मुजफ्फरनगर, देवी दास शामली, जिला प्रभारी सोनित प्रधान, रजनीश उजाला, सतीश कुमार, प्रवीण कुमार, के आर बाटला, अनिल कुमार, सुन्दर लाल, जितेंद्र कुमार, राजबीर, नरेंद्र ओलरी, ऋषिपाल, मो. हकम सिंह, शीतल, वेदप्रकाश, आदि मौजूद रहे।

# जवाब देना होगा

मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों का हमला कायरतापूर्ण था। साल 2000 के बाद से यह सबसे बड़ा हमला बताया जा रहा है। इस हमले से भारतीयों ने एक सबक सीखा है कि सभी एकजुट होकर ऐसी घटनाओं का मुकाबला करें और इनकी पुनरावृत्ति न होने दें। इस समय देश में वक्फ बिल को लेकर आक्रोश है। राजनेता अपनी-अपनी पार्टी के समर्थन के लिए गोटी बिछा रहे हैं, लेकिन इस समय सभी को एकजुट होकर ऐसी घटनाओं को माकूल जवाब देना होगा। बीजेपी हो, कांग्रेस हो, सपा हो बसपा हो या अन्य कोई भी दल हो, सभी को आपसी मतभेद भुलाकर एक साथ आना होगा और ऐसी घटनाओं को समाप्त करने के लिए सरकार का साथ देना होगा, ताकि भविष्य में किसी निर्दोष की जान न जाए। इससे पहले भी हमले हुए हैं, लेकिन अभी तक आतंकी अफसरों को निशाना बनाते थे, लेकिन इस बार पर्यटकों पर हमला करके उन्होंने कायरता का परिचय दिया है, जिसको किसी भी हालत में सही नहीं कहा जा सकता। सरकार को भी आंखें खोलनी होंगी और जेसी एयर स्ट्राइक 2019 में की थी, ऐसा ही कुछ नया करने की जरूरत है, ताकि आतंकियों को पालने वाला देश भी जान ले कि भारत क्या चीज है। ज्ञात हो कि 26 फरवरी 2019 को भारतीय वायु सेना के 12 मिराज 2000 जेट्स ने नियंत्रण रेखा पार की और बालाकोट में जैश-ए-मोहम्मद संचालित आतंकवादी शि.विर पर हमला किया। इस ऑपरेशन के दौरान लगभग 200 - 300 आतंकवादी मारे गए। इसलिए यह सोचना होगा कि यदि हमारा एक मारा जाएगा, तो हम घर में घुसकर 10 को मारेंगे। इस समय देश की तमाम राजनीतिक पार्टियां और देश के लोग सरकार के साथ हैं, लेकिन सरकार को इनकी भावना समझनी होगी और ऐसी कार्रवाई करनी होगी कि आतंकी ऐसी घटना को अंजाम देने से पहले सौ बार सोचें। यह समय कोई राजनीति का नहीं है। इस हमले में जो पर्यटक मारे गए हैं, उनको न्याय दिलाने का यह समय है। पहलगाम में किसी एक राज्य के पर्यटक नहीं थे, बल्कि देश के विभिन्न राज्यों से पर्यटक घूमने आए थे। जिन्हें नाम पूछकर गोली मार दी गई। ऐसा करके आतंकी क्या संदेश देना चाहते थे। क्या वे किसी और प्रयोजन से भारत में घुसे थे। इन सब बातों के सवाल ढूंढने होंगे। लेकिन यह तो तय है कि इस बार सरकार को कड़ा फैसला लेना होगा, जिससे भारतीय के दिलों के अंदर जल रही आग ठंडी पड़ सके। कश्मीर के भारत में अंतिम रूप से विलय के बाद भी पाकिस्तान की उस पर कुदृष्टि है। युद्ध के जरिए इसे हासिल करने की उसकी हर कोशिश नाकाम रही। पहली बार 1947 में कबाइलियों की आड़ में उसने कश्मीर पर हमला किया। पाकिस्तान को मुंह की खानी पड़ी, लेकिन भारत की आगे बढ़ती सेनाओं को प्रधानमंत्री नेहरू के निर्देश के कारण रुकना पड़ा। कश्मीर का एक हिस्सा जिसे पाक अधिकृत गुलाम कश्मीर कहा जाता है, तभी से पाकिस्तान के कब्जे में है। 1965 में एक बार फिर पाकिस्तान ने युद्ध छेड़ा। फिर पराजित हुआ, लेकिन ताशकंद समझौते के चलते भारत को फिर पीछे हटने पड़ा। 1971 और 1999 के युद्धों में पाकिस्तान को फिर घुटने टेकने पड़े। इस बीच अमन-चैन के पैगाम और वार्ताओं-यात्राओं का सिलसिला चलता रहा, लेकिन पाकिस्तान की बदनीयती बदस्तूर रही।

## पर्यटकों का पलायन दिल दहला देने वाला



पहलगाम में घातक आतंकवादी हमले के बाद घाटी से पर्यटकों का पलायन करते देखना दिल दहला देने वाला है, नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) और नागरिक उड्डयन मंत्रालय अतिरिक्त उड़ानों का आयोजन करने के लिए काम कर रहे हैं, जबकि श्रीनगर और जम्मू के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग-44 को एक ही दिशा में यातायात के लिए फिर से शुरू कर दिया गया है, हम पूरी तरह से समझते हैं कि लोग क्यों जाना चाहते हैं, प्रशासन को श्रीनगर और जम्मू के बीच यातायात को सुगम बनाने का निर्देश दिया है, ताकि पर्यटक वाहन निकल सकें, यह नियंत्रित और व्यवस्थित तरीके से किया जाना चाहिए, क्योंकि सड़क अभी भी कई जगहों पर अस्थिर है और हम सभी फंसे हुए वाहनों को निकालने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

**उमर अब्दुल्ला**
**मुख्यमंत्री, जम्मू-कश्मीर**

# क्या है देश में अपमान की परिभाषा...

निर्मल रानी





कांग्रेस नेता व सांसद राहुल गांधी देश विदेश में कहीं भी बोलते हैं तो उनके एक एक शब्द पर सत्ताधारी दल के नेताओं के कान लगे होते हैं। शायद भारतीय जनता पार्टी के नेता प्रधानमंत्री के भाषण को भी इतने ग़ौर से न सुनते हों जितने कि राहुल गांधी व सांसद प्रियंका गोंधी व सोनिया गोंधी के भाषण सुने जाते हों। ज़ाहिर है लगभग 11 वर्ष तक केंद्र में सरकार चलाने के बावजूद चूंकि अभी भी नेहरू गांधी परिवार वर्तमान सत्ता को सीधे तौर पर चुनौती दे रहा है और संसद से लेकर सड़कों तक सत्ता से ऐसे सवाल पूछ रहा जिसका जवाब देने से सत्ता कतराती रहती है। इसीलिए इन्हें नेहरू गांधी परिवार की बातों में ही 'बतंगड़' बनाने की सामग्री तलाशनी होती है। ख़ासकर राहुल गांधी जो बातें अपने देश में भी करते हैं यही बात यदि वे विदेश में जाकर करें तो इन्हें यह सब 'विदेशी धरती पर देश का अपमान करना' नज़र आता है।

वैसे भी राहुल गांधी ने अमेरिका में बोस्टन की ब्राउन यूनिवर्सिटी में जाकर कौन सी ऐसी नई बात कह दी या नया आरोप लगा दिया जो वे यहां संसद से लेकर अपनी जनसभाओं या पत्रकारों के समक्ष नहीं उठाते रहे हैं? वे अनेक बार भारतीय चुनाव आयुक्त और चुनावी प्रक्रिया पर सवाल उठा चुके हैं। वहां भी उन्होंने चुनाव आयोग पर समझौता करने का आरोप लगाया और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में मतदान के आंकड़ों में गड़बड़ी का वही दावा किया जो यहाँ भी कई बार कर चुके हैं। फिर आख़िर वही बात विदेश की धरती पर करने से वे देशद्रोही, गद्दार, देश के दुश्मन और न जाने क्या क्या कैसे हो गए? आज के सूचना प्रौद्योगिकी इंटरनेट के दौर में क्या ऐसा संभव है कि कोई घटना या कोई वक्तव्य किसी सीमा तक सीमित रखा जा सके? जब युद्ध के मैदान से सीधी ख़बरें पलक झपकते पूरे विश्व में पहुंच जाती हैं तो मीडिया सम्बोधन में तो वैसे भी विश्व के संवाददाता मौजूद रहते हैं। सब कुछ 'लाईव' चल रहा होता है। फिर यह तो बहुत ही बचकानी सी बात है कि राहुल ने यह बात विदेश में क्यों कह दी? और इसी बहाने सत्ता सुख भोगने वालों ने अपने आक़ा को न केवल अपनी 'आक्रामक सक्रियता' जताने के लिए बल्कि अपने पद व राजनैतिक भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए राहुल गांधी के प्रति तरह तरह के अपशब्द कह डाले।

इस तिलमिलाहट के एक मायने तो यह भी हैं कि यही आरोप राहुल गांधी भारत में ही लगाएं तो कोई बात नहीं, आपत्ति केवल यह है कि उन्होंने यह सब अमेरिका में जाकर क्यों कह दिया? दरअसल राहुल गांधी ने पिछले दिनों अमेरिकी ब्राउन यूनिवर्सिटी में अपने संबोधन में कहा था कि यह बिल्कुल स्पष्ट है कि चुनाव आयोग ने समझौता कर लिया है और सिस्टम में कुछ गड़बड़ है। मैंने यह कई बार कहा है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महाराष्ट्र में वयस्कों की संख्या से ज्यादा लोगों ने मतदान किया। चुनाव आयोग ने हमें शाम 5:30 बजे तक के मतदान के आंकड़े दिए और शाम 5:30 बजे से 7:30 बजे के बीच 65 लाख मतदाताओं ने मतदान कर दिया? ऐसा होना शारीरिक रूप से असंभव है। एक मतदाता को मतदान करने में लगभग 3 मिनट लगते हैं और अगर आप गणित लगाएं तो इसका मतलब है कि सुबह 2 बजे तक मतदाताओं की लाइनें लगी रहीं। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। जब हमने उनसे वीडियोग्राफ़ी देने के लिए कहा तो उन्होंने न केवल मना कर दिया, बल्कि उन्होंने क़ानून भी बदल दिया ताकि हम वीडियोग्राफ़ी के लिए न कह सकें।

**जाहिर है लगभग 11 वर्ष तक केंद्र में सरकार चलाने के बावजूद चूंकि अभी भी नेहरू गांधी परिवार वर्तमान सत्ता को सीधे तौर पर चुनौती दे रहा है और संसद से लेकर सड़कों तक सत्ता से ऐसे सवाल पूछ रहा जिसका जवाब देने से सत्ता कतराती रहती है, इसलिए इन्हें नेहरू गांधी परिवार की बातों में ही 'बतंगड़' बनाने की सामग्री तलाशनी होती है**

यही सवाल कांग्रेस व विपक्ष द्वारा संसद में मीडिया में और चुनाव आयोग के सामने भी उठाए जा चुके हैं। और विदेशी मीडिया अनेक बार इसकी रिपोर्टिंग भी कर चुका है। अमेरिकी अख़बार पूर्व में जहां भारत जैसे विशाल और जटिल देश में बड़े पैमाने पर स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने की क्षमता, भारतीय चुनाव आयोग की इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) जैसी तकनीकी प्रगति व मतदाता जागरूकता अभियानों की तारीफ़ कर चुके हैं वहीं इन्हीं अमेरिकी अख़बारों द्वारा 2019 और 2024 के लोकसभा चुनावों के दौरान चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाने वाले लेख भी लिखे जा चुके हैं। द वाशिंगटन पोस्ट और न्यूयॉर्क टाइम्स जैसे प्रमुख अख़बारों द्वारा अपने लेखों में भारतीय चुनाव आयोग पर सत्तारूढ़ दल (विशेष रूप से भारतीय जनता पार्टी) के प्रति कथित पक्षपात के आरोपों का ज़िक्र किया जा चुका है। इसीतरह 2024 के चुनावों के दौरान, अमेरिकी अख़बारों के कुछ लेखों में भारतीय चुनाव आयोग की कार्रवाइयों, जैसे आदर्श आचार सं.हिता के उल्लंघन की शिकायतों पर कथित निष्क्रियता या देरी, और विपक्षी नेताओं के ख़िलाफ़ जांच को लेकर भी सवाल उठाए जा चुके हैं। द गार्जियन और टाइम मैगज़ीन जैसे प्रकाशनों ने भी इन मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जिसे अमेरिका सहित पूरे विश्व में पढ़ा व देखा गया। इन्हीं में ईवीएम की विश्वसनीयता और पारदर्शिता पर भी चर्चा हो चुकी है। यह और बात है कि ऐसे लेख अथवा संपादकीय विदेशी मीडिया में प्रकाशित होने के बाद कुछ सत्ता समर्थक भारतीय विश्लेषकों या सरकारी अधिकारियों, अथवा किसी मंत्री द्वारा ऐसी कवरेज को 'पश्चिमी पक्षपात' या 'माइंड गेम' कह कर अपना पक्ष रख दिया जाता है। ख़ास तौर पर उस समय जबकि इससे भारत की छवि का नकारात्मक रूप से चित्रण होता हो।

लिहाज़ा राहुल पर भड़ास निकालकर अपनी 'वफ़ादारी' का सुबूत देने के बजाए देश के नेता विपक्ष द्वारा उठाए गए सवालों का तार्किक जवाब दिया जाना चाहिए। वे वहां क्यों कह रहे हैं के बजाए यह बताना चाहिये कि उन्हें आख़िर ऐसा क्यों कहना पड़ रहा है? उनके सवालों पर उन्हें घटिया शब्दों से संबोधित करने व उनके ख़िलाफ़ गोदी मीडिया की जुगलबंदी कर राजनैतिक माहौल तैयार करने से बेहतर है कि भारतीय चुनाव आयोग देश को तथा विपक्ष को अपनी बेगुनाही का सुबूत दे और जनता में अपना विश्वास पैदा करे। रहा सवाल देश की छवि बिगाड़ने का तो देश और दुनिया देख रही है कि देश के अपमान की परिभाषा क्या है और देश की छवि कौन और कैसे बिगाड़ रहा है। और कौन देश को कमज़ोर कर रहा है।

# भारत में जलवायु परिवर्तन की गति धीमी है?

स्रोत फीसर्च



हाल ही में भारत के पर्यावरण मंत्रालय और हारवर्ड युनिवर्सिटी द्वारा आयोजित जलवायु सम्मेलन में एक नक्शा दिखाया गया जिसमें पूरी दुनिया लाल रंग में तापमान वृद्धि दिखा रही थी, लेकिन भारत तुलनात्मक रूप से हल्के रंग में था। यानी नक्शा दिखा रहा था कि दुनिया के ज्यादातर हिस्सों में तापमान तेज़ी से बढ़ रहा है, लेकिन भारत अपेक्षा से धीरे-धीरे गर्म हो रहा है। किंतु, हाल के वर्षों के अपने अनुभवों और आंकड़ों को देखें तो भारत में रिकॉर्ड तोड़ गर्मी और लू दर्ज की गई है। फिर भी चार्ट बताता है कि 1901 से अब तक भारत का सालाना औसत तापमान 0.7 डिग्री सेल्सियस बढ़ा है, जो कि वैश्विक औसत से लगभग आधा है। सवाल है कि ऐसा कैसे कि एक तरफ देश में भीषण गर्मी पड़ रही है और दूसरी तरफ दीर्घकालिक तापमान वृद्धि धीमी दिख रही है।

इस विरोधाभास की एक बड़ी वजह वायु प्रदूषण माना जा रहा है। खासकर उत्तर भारत में गंगा का मैदानी इलाका दुनिया के सबसे प्रदूषित क्षेत्रों में से एक है। यहां उद्योगों, गाड़ियों, खाना पकाने, पराली जलाने और धूल के कारण हवा में सूक्ष्म कणों से भरपूर एरोसोल छा जाते हैं। ये सूरज की रोशनी को वापस अंतरिक्ष में परावर्तित कर देते हैं और हवा को ठंडा कर देते हैं। यह प्रदूषण कभी-कभी ग्रीनहाउस गैसों के असर को दबा देता है। लेकिन यह तर्क पूरी तरह मज़बूत नहीं है। सभी एरोसोल ठंडक नहीं पहुंचाते-जैसे काला धुआं (कालिख) गर्मी को सोखता है और वातावरण को गर्म करता है। मुंबई के वैज्ञानिक रघु मूर्तुगुड़े कहते हैं कि भारत में सबसे ज्यादा प्रदूषण सर्दियों में होता है, और सबसे तेज़ तापमान वृद्धि भी उन्हीं महीनों में देखी गई है। इसका मतलब है कि सिर्फ एरोसोल इस पैटर्न की व्याख्या नहीं कर सकता। एक और कारण बदलता पवन चक्र हो सकता है। रघु मूर्तुगुड़े और उनके साथियों ने पाया है कि मध्य एशिया में तेज़ गर्मी के कारण मानसूनी हवाओं की दिशा बदल रही है। अब ये हवाएं थोड़ा उत्तर की ओर खिसक रही हैं, जिससे पाकिस्तान और उत्तर-पश्चिम भारत के सूखे इलाकों में ज्यादा बारिश हो रही है। अब वैज्ञानिक यह समझने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या बाकी मौसमों में भी पवन चक्र में ऐसे ही बदलाव भारत में तापमान को अपेक्षाकृत ठंडा बनाए हुए हैं।

एक तीसरी वजह भारत में बड़े पैमाने पर सिंचाई हो सकती है, खासकर उत्तर भारत में। जब खेतों और पौधों से पानी भाप बनकर उड़ता है, तो वह हवा से गर्मी खींचता है, जिससे ठंडक महसूस होती है। ऐसा असर अमेरिका के मिडवेस्ट इलाके में भी अत्यधिक खेती की वजह से देखा गया है। कुछ शोध बताते हैं कि 20वीं सदी में पूरे दक्षिण एशिया में बड़े स्तर पर हुई सिंचाई ने तापमान वृद्धि की रफ्तार को धीमा कर दिया। लेकिन इस पर भी सवाल उठाए गए हैं। कुछ भारतीय वैज्ञानिकों का मानना है कि उपग्रहों से मिले आंकड़े गर्मियों में सिंचाई की मात्रा को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाते हैं। गर्मियों में ही सिंचाई सबसे कम होती है, और उसी समय तापमान वृद्धि में कमी सबसे ज्यादा दिखाई देती है। वहीं, इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस के गोविंद.सामी बाला का मानना है कि भारत नम-उष्णकटिबंधीय क्षेत्र में स्थित है और यहां का प्राकृतिक मौसम चक्र खुद ही इस धीमी तापमान वृद्धि का कारण हो सकता है। उनके अनुसार, प्रदूषण और सिंचाई का असर स्थानीय स्तर पर हो सकता है, लेकिन पूरे देश के तापमान पर इसका खास असर नहीं पड़ता।

बहरहाल, उपरोक्त संभावित कारकों के अलावा एक और बात ध्यान में रखने की है। इस सम्मेलन का आयोजक स्वयं जलवायु मंत्रालय था, जो जलवायु परिवर्तन और बढ़ते तापमान को थामने के लिए ज़िम्मेदार है। फिर, भारत में आंकड़ों की हालत बहुत अच्छी नहीं है। उपरोक्त सारे आंकड़े उपग्रहों से प्राप्त हुए हैं और इनकी पुष्टि मैदानी आंकड़ों से करना ज़रूरी है। और, आंकड़े वही बयान करते हैं जो उनसे बयान करवाया जाता है। कारण चाहे जो भी हो एक बात साफ है कि इस पर गहराई से अध्ययन और जांच-पड़ताल की ज़रूरत है। अधिक काम ही स्थिति को स्पष्ट कर पाएगा। और एक बात, भारत में औसत तापमान धीरे-धीरे बढ़े या तेज़ी से, लेकिन ग्रीष्म लहरें तो बढ़ रही हैं। 2023 भारत के इतिहास का सबसे गर्म साल रहा, जिसमें भीषण ग्रीष्म लहरों ने 700 से ज्यादा लोगों की जान ली। विशेषज्ञों का मत है कि आगामी सालों में गर्मियां और भी घातक हो सकती हैं। इसलिए बढ़ते तापमान को थामने और बदलती जलवायु को रो.कने के प्रयास करने में ही भलाई है।

**1901 से अब तक भारत का सालाना औसत तापमान 0.7 डिग्री सेल्सियस बढ़ा है, जो कि वैश्विक औसत से लगभग आधा है, सवाल है कि ऐसा कैसे कि एक तरफ देश में भीषण गर्मी पड़ रही है और दूसरी तरफ दीर्घकालिक तापमान वृद्धि धीमी दिख रही है**

## भारत की यात्रा पर आए अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने भी

# पहलगाम आतंकी हमले पर संवेदना प्रकट की

अशोक भाटिया





जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले को लेकर भारत की यात्रा पर आए अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने दुख जताया है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट में पीड़ितों के प्रति अपनी संवे.दनाएं प्रकट की और इस हमले को बेहद दुखद बताया। साथ ही कहा कि हमारी भावनाएं और प्रार्थनाएं यहां के लोगों के साथ हैं। जेडी वेंस चार दिन की भारत यात्रा पर सोमवार को ही भारत पहुंचे थे। उन्होंने एक्स पर कहा कि उषा और मैं भारत के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के पीड़ितों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं। पिछले कुछ दिनों में हम इस देश और इसके लोगों की खूबसूरती से अभिभूत हो गए हैं। इस भयानक हमले में हमारी भावनाएं और प्रार्थनाएं उनके साथ हैं। यही नहीं जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की चौतरफा निंदा हो रही है। साल 2019 में हुए पुलवामा हमले के बाद कश्मीर घाटी में हुआ सबसे बड़ा हमला है, जिसने एक बार फिर से झकझोर कर रख दिया है। दहशतगर्दों की इस कायराना हरकत ने 30 लोगों की जान ले ली। देश ही नहीं बल्कि दुनियाभर के तमाम देशों ने घटना पर दुख जाहिर करते हुए इसकी निंदा की है।

हम बात कर रहे थे अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री मोदी और उपराष्ट्रपति वेंस ने द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति की समीक्षा की और उसका सकारात्मक मूल्यांकन किया। बताया जाता है कि जेडी वेंस और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच हुई बात.चीत से दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंधों में उल्लेखनीय प्रगति दिखी। दूसरा प्रधानमंत्री के सामने एक बैठक में वेंस के पहुंचने की तस्वीरें आज जारी की गई। यह देखते हुए यह मान लेना सुरक्षित है कि चर्चा बहुत ही चंचल माहौल में हुई थी। संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में डोनाल्ड ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल के बाद से अंतर्राष्ट्रीय कूटनीति ने एक नए आयाम पर ले लिया है। व्हाइट हाउस में ट्रम्प के सबसे करीबी सहयोगी एलोन मस्क के बेटे और बेटी, मेहमानों के सामने खेल रहे हैं, उनके एक दर्जन से अधिक बच्चों में से एक उनके वास्तविक सिर पर बैठा है, दूसरे को अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा तैयार किया जा रहा है, और किसी और को शाही अतिथि के रूप में खेला जा रहा है, और ट्रम्प का पारिवारिक स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय कूटनीति लाने का प्रयास राजनीति में पारिवारिक संस्थानों के महत्व को रेखांकित करता है। क्षेत्र में ट्रम्प का अनुभव काफी व्यापक है, और मस्क कम से कम चार ज्ञात परिवारों का अनुयायी है। वेंस बचपन से अपने बच्चों के लिए ट्रम्प-मस्क के कूटनीति के उपयोग का अनुकरण करते हैं। वैसे भी। यह मामला हो सकता है, लेकिन प्रधानमंत्री-उपराष्ट्रपति की यात्रा पर कोई आधिकारिक संयुक्त बयान जारी नहीं किया गया है। हालांकि, दोनों पक्षों ने कहा कि वार्ता 'बहुत सार्थक' रही। अब इस 'फला' की व्याख्या करने की जरूरत है। इस बात का खुलासा खुद वेंस ने जयपुर में अपने भाषण में किया। भारत को अमेरिका से ज्यादा से ज्यादा हथियार मिलें, अमेरिकी उत्पादों के लिए ज्यादा से ज्यादा बाजार मिले, भारत अमेरिकी अनाज से ज्यादा से ज्यादा एथेनॉल खरीदे, भारतीय वाहनों में अमेरिकी एथेनॉल का इस्तेमाल शुरू करे, हमारे एफ-35 विमान भारत की रक्षा में निर्णायक भूमिका निभाएंगे। वेंस की यात्रा के पीछे का आर्थिक विचार परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में अमेरिकी कंपनियों को अधिक आसान पहुंच प्रदान करना है, ताकि भारत भारतीय ऊर्जा सुरक्षा के लिए बड़े पैमाने पर अमेरिकी ईंधन उत्पादों का उपयोग कर सके। उन्होंने कहा कि आने वाली सदी भारत और अमेरिका के बीच होगी और दोनों देशों को 'समान सिद्धांत' पर व्यापार बढ़ाना चाहिए। समाज-सम्मत। मकसद है कि दोनों देशों के बीच जल्द से जल्द ट्रेड डील हो जाए। उपराष्ट्रपति वेंस की भारत यात्रा इसी के अनुरूप थी। वांस ने कहा कि बैठक के दौरान व्यापार समझौते पर अच्छी प्रगति हुई, वित्तमंत्री सीतारमण ने कहा कि अक्टूबर दोनों देशों के बीच पहले समझौते को वास्तविकता में बदलने का समय होगा। ऐसा लगता है कि वेंस की भारत यात्रा में इस मुद्दे पर प्रगति करने में कम से कम चार से पांच महीने लग गए हैं, जिसका अर्थ है कि अगर यह संयुक्त यात्रा के लिए नहीं होती और अपेक्षित प्रगति हुई होती, तो समझौते में और देरी होती।

क्योंकि ट्रम्प के अनुसार, भारत अमेरिकी सामान उतना नहीं खरीदता जितना वह संयुक्त राज्य अमेरिका को बेचता है। ट्रम्प का कहना है कि भारत-अमेरिका व्यापार उनके लिए फायदेमंद है और संयुक्त राज्य अमे.रिका के लिए वरदान है। संयुक्त राज्य अमेरिका जोर देकर कहता है कि भारत को संयुक्त राज्य अमेरिका से अधिक उत्पाद खरीदकर इस व्यापार असंतुलन को दूर करना चाहिए। ट्रम्प ने हाल ही में इस उद्देश्य के लिए भारतीय उत्पादों पर 26 प्रतिशत आयात शुल्क लगाया है। उन्होंने अभी के लिए इस पर 90 दिनों की रोक लगा दी है। अधिस्थगन अवधि के दौरान दोनों देशों के बीच व्यापार समझौतों को फिर से लिखे जाने की उम्मीद है। दूसरे शब्दों में इस अवधि के दौरान भारत के अमेरिकी उत्पादों के प्रवाह को बढ़ाने की जरूरत है। इसे कितना बढ़ाना चाहिए? हाल ही में समाप्त हुए वित्तीय वर्ष में, दोनों देशों के बीच व्यापार घाटा 41 अरब डॉलर रहा, जो पिछले साल 3533 अरब डॉलर और उससे पहले 2768 अरब डॉलर था।

**2019 में हुए पुलवामा हमले के बाद कश्मीर घाटी में हुआ सबसे बड़ा हमला है जिसने एक बार फिर से झकझोर कर रख दिया है**

# बढ़ती उम्र में जवां दिखने के लिए महिलाएं रोजाना करें ये एक्सरसाइज

हर महिला के लिए 30-40 साल की उम्र का समय बेहद महत्वपूर्ण होता है। क्योंकि इस दौरान महिलाओं के शरीर में कई तरह के हार्मोनल बदलाव होते हैं। जो महिलाओं के शारीरिक और मानसिक स्थिति को प्रभावित करते हैं। इन हार्मोनल बदलाव की वजह से 30 से 40 साल की उम्र की महिलाओं को मेटाबॉलिज्म भी धीमा हो जाता है। जिसकी वजह से महिलाओं को पाचन संबंधी समस्या और वजन आदि बढ़ने लगता है। वहीं 30 से 40 साल की उम्र में हेल्दी और फिट रहने के लिए महिलाओं को एक्सरसाइज जरूर करना चाहिए। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि इस उम्र में महिलाओं को कौन सी एक्सरसाइज करना चाहिए।

### कार्डियो एक्सरसाइज

रोजाना 30 से 40 साल की उम्र वाली महिलाओं को कार्डियो एक्सरसाइज करना चाहिए। क्योंकि इससे आपकी दिल की सेहत में सुधार होता है और वेट कंट्रोल होता है। इसलिए रोजाना 30 मिनट जॉगिंग, वॉकिंग, स्विमिंग या साइकिलिंग जैसी एक्सरसाइज करना चाहिए।

### पिलाटेज

रोजाना 20 से 25 मिनट तक पिलाटेज एक्सरसाइज करने से महिलाओं की कोर स्ट्रेंथ मजबूत होती है और बैलेंस को मेंनटेन करने में सहायता मिलती है। वहीं 30 उम्र के बाद कमर, पीठ और शरीर के दर्द से राहत मिलती है।

### स्ट्रेंथ ट्रेनिंग

स्ट्रेंथ ट्रेनिंग करने से महिलाओं की मांसपेशियां मजबूत होती हैं। इसलिए रोजाना पुशअप्स, स्क्वाट्स और वेट लिफ्टिंग जैसी एक्सरसाइज करना महिलाओं के लिए फायदेमंद होता है।

### हाई-इंटेंसिटी इंटरवल ट्रेनिंग

वहीं 30 साल की उम्र के बाद मेटाबॉलिज्म को स्ट्रांग बनाने और वेट लॉस में हाई-इंटेंसिटी इंटरवल ट्रेनिंग लाभकारी होती है। यह एक्सरसाइज करने से शरीर की एक्स्ट्रा कैलोरी कम करने और फिट रहने में सहायता मिलती है।

### ब्रीदिंग और बैलेंसिंग एक्सरसाइज

बता दें कि सांस संबंधित एक्सरसाइज जैसे डीप ब्रीदिंग और प्राणायाम करने से मानसिक तनाव कम होता है। वहीं रोजाना ब्रीदिंग करने से शरीर को पर्याप्त रूप से ऑक्सीजन मिलता है, जिससे शरीर का विषाद्र पदार्थ बाहर निकालने में सहायता मिलती है। वहीं बैलेंस एक्सरसाइज करने से सही तरीके से चलने और उठने-बैठने में आसानी होती है।




# पहलगाम आतंकी हमले की पूरे विश्व ने की निंदा

## सभी वैश्विक नेताओं ने कहा हम भारत के साथ हैं

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र, इजरायल, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, यूरोपीय संघ सहित विश्व के अनेक नेताओं ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की निंदा करते हुए साथ ही मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति संवेदना भी व्यक्त की ही है।

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू, ऑस्ट्रेलिया के प्रधनमंत्री एंथनी अल्बानीज, भूटान के प्रधानमंत्री शेरिग तोबगे और अन्य शामिल हैं। मंगलवार रात अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर ने आतंकवादी हमले की निंदा की थी। हमले में 28 पर्यटक मारे गए थे। ट्रम्प ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से बात करने और समर्थन व्यक्त करने के लिए उन्हें फोन भी किया था। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता द्वारा 22 अप्रैल को जारी बयान में गुटेरेस ने जम्मू-कश्मीर में हुए सशस्त्र हमले की कड़ी निंदा की है। संयुक्त राष्ट्र प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने सवाल का जवाब देते हुए इस बात पर जोर दिया कि महासचिव ने हमले की निंदा की है। मीडिया रिपोर्टों से पता चलता है कि एक बंदूकधरी ने क्षेत्र के दक्षिण में पहलगाम के निकट लोगों के एक समूह पर गोलीबारी की जिसमें 24 से अधिक लोग मारे गए। उन्होंने कहा कि गुटेरेस शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं तथा इस बात पर जोर देते हैं, किसी भी परिस्थिति में नागरिकों पर हमले अस्वीकार्य हैं। ब्रिटिश शासन की समाप्ति के बाद से ही जम्मू-कश्मीर पर भारत और पाकिस्तान के बीच विवाद रहा है। आज हमले की निंदा करने वालों में डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन, यूरोपीय संघ की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेएन, जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज़, गुयाना के राष्ट्रपति इरफ़ान अली, नेपाल के प्रधनमंत्री केपी शर्मा ओली, लंका के प्रधानमंत्री अनुरा कुमारा दिसानायके, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर, सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान समेत कई अन्य लोग शामिल थे। स्टारमर ने एक्स पर कहा कि आज कश्मीर में हुआ भयानक आतंकवादी हमला बेहद विनाशकारी है। मेरी संवेदनाएं प्रभावित लोगों, उनके प्रियजनों और भारत के लोगों के साथ हैं। नेतन्याहू ने पहलगाम में हुए बर्बर आतंकवादी हमले की निंदा की और कहा कि आतंकवाद के खिलाफ़ लड़ाई में इज़रायल भारत के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि मेरे प्रिय मित्र नरेन्द्र मोदी मैं जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए बर्बर आतंकवादी हमले से बहुत दुखी हूं जिसमें दर्जनों निर्दोष लोग मारे गए और घायल हुए। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ हैं। इज़रायल आतंकवाद के खिलाफ़ लड़ाई में भारत नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने कहा कि नेपाल भारत के साथ मजबूती से खड़ा है और आतंकवाद के किसी भी और सभी कृत्यों की कड़ी निंदा करता है। उन्होंने कहा कि पहलगाम में आतंकवादी हमले के पीड़ितों के प्रति गहरी संवेदना। नेपाल भारत के साथ मजबूती से खड़ा है और आतंकवाद के किसी भी और सभी कृत्यों की कड़ी निंदा करता है। ओली ने मारे गए लोगों में एक नेपाली नागरिक के होने की खबर का जिक्र करते हुए कहा कि पीड़ितों में एक नेपाली नागरिक की रिपोर्ट की पुष्टि करने के लिए करीबी समन्वय स्थापित किया गया है और सभी आवश्यक सहायता प्रदान की जाएगी। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि भारत में एक जघन्य हमला हुआ है जिसमें सभी क्षेत्राों के अनेक पुरुषों और महिलाओं की जान चली गई है। हम पीड़ितों के परिवारों के गहरे दुख को साझा करते हैं, जिनके प्रति मैं अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं। जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज़ ने अपने संदेश में कहा, हम पहलगाम में पर्यटकों पर हुए कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करते हैं। हमारी संवेदनाएं पीड़ितों के परिवारों के साथ हैं और हम घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। हमारी हार्दिक संवेदनाएं भारत के लोगों के साथ हैं। गुयाना के राष्ट्रपति इरफ़ान अली ने अपने संदेश में कहा कि यह आतंकवादी हमला चरमपंथ के विनाशकारी प्रभाव की एक दुखद याद दिलाता है और उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि महामहिम, नरेन्द्र मोदी मैं कश्मीर में हाल ही में हुए आतंकवादी हमले के बारे में जानकर बहुत दुखी हूं जिसमें कई लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। हिसा का यह जघन्य कृत्य चरमपंथ के विनाशकारी प्रभाव की एक दुखद याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि मैं इस क्रूर हमले की स्पष्ट रूप से निंदा करता हूं जिसका उद्देश्य भय और पीड़ा पैदा करना है। हिंसा कभी समाधन नहीं है यह केवल दर्द और नुकसान के चक्र को बनाए रखती है। हमें शांति और समझ के लिए प्रयास करना चाहिए, ऐसे अत्याचारों से मुक्त भविष्य बनाने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कृपया इस त्रासदी में अपनी जान गंवाने वालों के परिवारों और प्रियजनों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना व्यक्त करें। इस अविश्वसनीय रूप से कठिन समय में वे मेरे विचारों में हैं। आइए हम सभी हिंसा के ऐसे कृत्यों के खिलाफ एक साथ खड़े हों और शांति और करुणा की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए खुद को प्रतिबद्ध करें। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि इस भयानक हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा। यूरोपीय संघ की प्रमुख उर्सुला वॉन डेर लेएन ने अपने संदेश में कहा कि यूरोप इस कठिन समय में भारत के साथ खड़ा है।उन्होंने कहा कि पहलगाम में हुए जघन्य आतंकी हमले ने कई मासूम लोगों की जान ले ली। मेरी गहरी संवेदनाएं नरेन्द्र मोदी और आज शोक में डूबे हर भारतीय के साथ हैं। फिर भी मैं जानती हूं कि भारत की भावना अटूट है। आप इस मुश्किल घड़ी में मजबूती से खड़े रहेंगे और यूरोप आपके साथ खड़ा रहेगा। ऑस्ट्रेलिया के प्रधनमंत्री एंथनी अल्बानीज ने कहा कि आतंकी हमले का कोई औचित्य नहीं है और ऑस्ट्रेलिया इसकी निंदा करता है। उन्होंने कहा कि मैं जम्मू-कश्मीर में रात भर निर्दोष नागरिकों पर हुए भयानक आतंकी हमले से स्तब्ध हूं। इस हिंसा का कोई औचित्य नहीं है और ऑस्ट्रेलिया इसकी निंदा करता है। उन्होंने कहा कि हम घायलों, शोक में डूबे प्रियजनों और इस भयानक खबर से ऑस्ट्रेलिया में प्रभावित हुए हर व्यक्ति के प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं। भूटान के प्रधनमंत्री शेरिंग तोबगे ने आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की। तोबगे ने कहा कि कल पहलगाम में हुए भयानक आतंकवादी हमले के पीड़ितों और प्रभावित लोगों के प्रति संवेदना और प्रार्थनाएं। भूटान इस तरह के क्रूर आतंकवादी कृत्यों की कड़ी निंदा करता है और एकजुटता और मित्राता के साथ भारत सरकार और लोगों के साथ मजबूती से खड़ा है। लंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने अपने संदेश में कहा कि लंका इस कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले की कड़े शब्दों में निंदा करता है और भारत के लोगों के साथ एकजुटता में खड़ा है। उन्होंने कहा कि मैं भारत में हुए कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले की कड़े शब्दों में निंदा करता हूं। हमारी संवेदनाएं पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ हैं। लंका हमेशा भारत के लोगों के साथ एकजुटता में खड़ा है। भारत में चीनी राजदूत जू फेइहोंग ने अपने संदेश में हमले की निंदा की और कहा कि चीन सभी तरह के आतंकवाद का विरोध करता है। उन्होंने कहा कि पहलगाम में हुए हमले से स्तब्ध हूं और इसकी निंदा करता हूं। पीड़ितों के प्रति गहरी संवेदनाएं और घायलों और शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी सहानुभूति। सभी तरह के आतंकवाद का विरोध करें। यूक्रेनी दूतावास ने अपने संदेश में कहा कि यूक्रेन जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए हमले से बहुत चिंतित है। हम आतंकवाद के कारण प्रतिदिन जान गंवाते हैं और आतंकवाद के सभी रूपों की कड़ी निंदा करते हैं। जब निर्दोष लोगों की हत्या होती है तो यह असहनीय दर्द होता है। अपराधियों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। डेनमार्क की प्रधनमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन ने कहा कि उनका देश भारत के साथ खड़ा है और आतंकवाद के सभी कृत्यों की कड़ी निंदा करता है। उन्होंने कहा कि पहलगाम से भयानक खबर। डेनमार्क भारत के साथ खड़ा है और आतंकवाद के सभी कृत्यों की कड़ी निंदा करता है। हमले के पीड़ितों और उनके परिवारों और प्रियजनों के प्रति हमारी संवेदनाएं। नेपाल के विदेश मंत्रालय ने कहा कि नेपाल जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों पर हुए बर्बर आतंकवादी हमले की स्पष्ट रूप से निंदा करता है। उन्होंने कहा कि हम शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं और घायलों के शीघ्र और पूर्ण स्वस्थ होने की हार्दिक कामना करते हैं।नेपाल इस दुख की घड़ी में भारत सरकार और लोगों के साथ एकजुटता में खड़ा है। उन्होंने कहा कि हमारे दृढ़ और सैद्धांतिक रुख के अनुरूप, नेपाल आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों की निंदा करता है और मानता है कि आतंकवाद के ऐसे जघन्य कृत्यों को किसी भी आधर पर उचित नही ठहराया जा सकता और न ही ठहराया जाना चाहिए। भारत में मेक्सिको के दूतावास ने भी पहलगाम में जघन्य आतंकवादी हमले की निंदा की। ईरान के विदेश मंत्रालय ने भी आतंकवादी हमले की निंदा की। मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाकई ने इस जघन्य कृत्य को एक गंभीर अपराध बताया जो सभी अंतर्राष्ट्रीय कानूनी और मानवीय मानदंडों का घोर उल्लंघन है। उन्होंने पीड़ितों के परिवारों के प्रति हार्दिक सहानुभूति व्यक्त की, साथ ही भारत सरकार और लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। बाकई ने आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों की स्पष्ट रूप से निंदा करने में इस्लामी गणराज्य ईरान की सैद्धांतिक स्थिति को दोहराया। उन्होंने आतंकवाद को रोकने और उसका मुकाबला करने तथा इसके अपराध्यिों और प्रायोजकों के खिलाफ मुकदमा चलाने और उन्हें दंडित करने के लिए क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तरों पर सहयोग और समन्वय को और मजबूत करने की तत्काल आवश्यकता पर भी जोर दिया। पाकिस्तान के विदेश मंत्राालय ने इसे आतंकवादी हमला बताए बिना कहा: हम अनंतनाग जिले में हुए हमले में पर्यटकों की जान जाने से चिंतित हैं। हम मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने भी आतंकी हमले की निंदा की। सलमान के संदेश को कल जेद्दा में मोदी की द्विपक्षीय वार्ता के बाद संयुक्त बयान में शामिल किया गया।



**डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन, यूरोपीय संघ की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेएन, जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज़, गुयाना के राष्ट्रपति इरफ़ान अली, नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली, लंका के प्रधानमंत्री अनुरा कुमारा दिसानायके, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर, सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान सभी ने आतंकवाद के खात्मे का संकल्प दोहराया।**

# ट्रम्प प्रशासन को कोर्ट से तीसरा झटका

## संघीय न्यायाधीश ने वॉइस ऑफ अमेरिका को बंद करने से रोका

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन को कोर्ट से झटका लगा है। एक संघीय न्यायाधीश ने मंगलवार को वायस ऑफ अमेरिका को बंद करने के ट्रम्प प्रशासन के फैसले पर रोक लगा दी। वायस ऑफ अमेरिका 83 साल पुरानी अंतर्राष्ट्रीय समाचार सेवा है, जिसे कांग्रेस ने शुरू किया था। अमेरिकी जिला न्यायाधीश रायस लैम्बर्थ ने अपने फैसले में कहा कि ट्रम्प प्रशासन ने वायस ऑफ अमेरिका को अवैध रूप से संचालन बंद करने के लिए मजबूर किया।

द्वितीय विश्व युद्ध के समय से वीओए की स्थापना के बाद यह पहली बार हुआ है। वीओए के कर्मचारियों और ठेकेदारों के वकीलों ने न्यायाधीश से अनुरोध किया कि राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा फंड में कटौती करने से पहले जैसी स्थिति थी, उसे फिर से बहाल किया जाए ताकि वो फिर से प्रसारण कर सके। न्यायाधीश लैम्बर्थ ने वकीलों की इस मांग पर सहमति जताई। उन्होंने ट्रम्प प्रशासन को आदेश दिया कि वीओए और अमेरिकी एजेंसी फार ग्लोबल मीडिया द्वारा संचालित दो स्वतंत्र प्रसारण नेटवर्क- रेडियो फ्री एशिया और मिडिल ईस्ट ब्राडकास्टिंग नेटवर्क को फिर बहाल किया जाए, जब तक कि इस मुकदमे का निपटारा नहीं हो जाता। हालांकि, न्यायाधीश ने दो अन्य स्वतंत्र नेटवर्क- रेडियो फ्री यूरोप/रेडियो लिबर्टी और ओपन टेक्नोलाजी फंड की ऐसी ही अपील को खारिज कर दिया। वायस ऑफ अमेरिका को बंद करने के मामले को लेकर 26 मार्च को अदालत में याचिका दायर की गई थी। वादी के वकीलों ने कहा था कि वीओए के लगभग 1,300 कर्मचारियों को प्रशासनिक अवकाश पर भेज दिया गया है, जबकि 500 ठेकेदारों को



बताया गया कि मार्च के अंत में उनके अनुबंध खत्म कर दिए जाएंगे। राष्ट्रपति ट्रम्प ने 14 मार्च को एक कार्यकारी आदेश जारी किया। इसके तुरंत बाद वायस ऑफ अमेरिका बंद हो गया। इसके अलावा, एजेंसी फार ग्लोबल मीडिया और छह अन्य सरकारी संस्थाओं को दिए जाने वाले फंड में कटौती की गई। ट्रम्प के कार्यकारी आदेश ने एसोसिएटेड प्रेस सहित समाचार एजेंसियों के साथ वीओए के अनुबंधों को भी खत्म कर दिया। बता दें कि वायस ऑफ अमेरिका द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से ही सत्तावादी देशों में समाचार प्रसारित करता रहा है, जहां स्वतंत्र प्रेस नहीं है। इसकी शुरुआत नाजी प्रचार का जवाब देने के लिए हुई थी। वीओए ने साम्यवाद के प्रसार को रोकने के लिए अमेरिकी सरकार के शीत युद्ध के प्रयासों में एक प्रमुख भूमिका निभाई थी। ट्रम्प और उनके रिपब्लिकन सहयोगियों ने आरोप लगाया है कि वीओए वामपंथी पूर्वाग्रह रखता है। यह अपने दर्शकों को अमेरिकी समर्थक मूल्यों को नहीं दिखाता। वहीं, वादी के वकीलों का कहना है कि वीओए समाचारों को सत्यतापूर्वक, निष्पक्ष और वस्तुनिष्ठता से प्रसारित करता है। यह दुनिया भर में उन लोगों के लिए जरूरी हैं, जिनके पास स्वतंत्र खबरों का कोई दूसरा स्रोत नहीं है।

## पाकिस्तान में पोलियो रोधी टीम पर हमला, दो सुरक्षाकर्मियों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में पोलियो टीकाकरण दल पर हुए हमले में दो सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बुध्वार को यह जानकारी दी। पुलिस अध्किारियों के अनुसार, प्रांत के मस्तुंग जिले में पोलियो टीकाकरण दल पर कुछ अज्ञात हथियारबंद लोगों ने हमला किया। पुलिस ने बताया कि जब हमला हुआ, उस समय दल बच्चों को पोलियो की दवा देने के लिए घर-घर जाकर टीकाकरण अभियान चला रहा था।

हमले के बाद सुरक्षा बलों ने इलाके की घेराबंदी कर दी और संदिग्धों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू कर दिया। शिन्हुआ से बातचीत के दौरान बलूचिस्तान सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिद ने हमले की पुष्टि की। प्रवक्ता ने कहा, यह एक दुखद घटना है। हमें दो सुरक्षाकर्मियों की हत्या की रिपोर्ट मिली है। हमले के सभी पहलुओं की गहन जांच की जा रही है।

प्रांतीय सरकार पोलियो उन्मूलन अभियान को विफल करने के किसी भी प्रयास की अनुमति नहीं देगी। उन्होंने कहा, पूरे प्रांत में पोलियो टीमों की सुरक्षा को और मजबूत किया जा रहा है। पाकिस्तान में वर्तमान में सात दिवसीय राष्ट्रव्यापी पोलियो टीकाकरण अभियान चल रहा है, जिसका लक्ष्य पांच वर्ष से कम आयु के लाखों बच्चों को टीका लगाना है।

# हूती विद्रोहियों ने इज़रायल के कई शहरों पर दागी मिसाइलें

**तेल अवीव।** यमन के हूती विद्रोहियों ने बुधवार को इजरायल पर मिसाइल हमला किया। यह हमला ऐसे समय हुआ है, जब अमेरिका द्वारा लगातार हूती विद्रोहियों को निशाना बनाया जा रहा है। हूतियों के हमलों के चलते इजरायल के हाइफा, क्रयोट और अन्य इलाकों में सायरन बज उठे, जिससे लोगों में दहशत फैल गई और लोग सुरक्षित स्थानों पर पहुंच गए। इजरायली सेना का कहना है कि हमले में किसी नुकसान की खबर नहीं है और संभवत: मिसाइलों को हवा में ही तबाह कर दिया गया। हूतियों ने अभी तक हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। अमेरिका द्वारा हूतियों पर बीती 15 मार्च से ही हमले किए जा रहे हैं। इसके बावजूद हूती अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे। अमेरिकी सेना की सेंट्रल कमांड ने भी अभी तक इजरायल पर हूतियों के हमले को लेकर कोई जानकारी साझा नहीं की है। हूतियों द्वारा इजरायल के गाजा पर हमले के विरोध में लाल सागर इलाके में अतंर्राष्ट्रीय व्यापारिक जहाजों को निशाना बनाया रहा है। इसी के चलते अमेरिका ने हूतियों के खिलाफ आपरेशन चलाया हुआ है, जिसमें कई बार यमन में हूतियों के ठिकानों पर अमेरिका ने हवाई हमले किए। हूतियों को ईरान का समर्थन प्राप्त है।




## अमेरिका टैरिफ पर चीन के साथ समझौता करेगा: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि उन्हें उम्मीद है कि वाशिंगटन और बीजिंग टैरिफ समझौते पर पहुंचेंगे। ट्रम्प ने मंगलवार को संवाददाताओं से कहा, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ मेरे संबंध बहुत अच्छे हैं यह लंबे समय से बहुत अच्छे रहे हैं। हमारे बीच बहुत अच्छे संबंध रहे हैं और मुझे लगता है कि हम चीन के साथ समझौता करेंगे। अगर हम समझौता नहीं करते हैं, तो हम इसे तय करेंगे। हम बस संख्या तय करेंगे। ट्रम्प ने 2 अप्रैल को चीन सहित अन्य देशों से आयात पर पारस्परिक टैरिफ शुरू करने वाले एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए। अमेरिका में चीनी निर्यातकों के लिए शुल्क अब 145 प्रतिशत तक पहुंच गया है।







